# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 26 अप्रैल 2025





हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
रायपुर, शनिवार 26 अप्रैल 2025

Raheja Group
www.rahejagroup.co


Live Life Limitless!


# Raheja AMBARA

PREMIUM RESIDENTIAL PLOTS

LAUNCHING TODAY (10AM ONWARDS)

Book to avail launch benefits on 26th & 27th April




SANGYAAPR / MAHESHWARI

CLUB AMENITIES

- Swimming Pool
- Indoor Badminton Court
- Toddlers Play Area
- Indoor Games Area
- Banquet Hall
- Mini Theatre
- Well Equipped Gym
- Guest Room

OTHER FACILITIES

- Kids Play Area
- Temple
- Landscaped Gardens
- Open Gym

OUTDOOR SPORTS FACILITIES

- Lawn Tennis Court
- Basket Ball Court
- Pickle Ball Court
- Skating Rink

Member of CREDAI CHHATTISGARH

Behind Zora Mall, Pirda, Raipur
RERA NO. : PCGRERA310125001875 | RERA WEBSITE : www.rera.cgstate.gov.in

8225911300

Scan to locate

प्रदेश के उत्तर तथा मध्य इलाके में गर्मी का प्रकोप जारी है। शुक्रवार को राजधानी रायपुर प्रदेश में सबसे अधिक गर्म होकर 43.8 डिग्री तक पहुंच गया। आने वाली हवा की दिशा में बदलाव और बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी के असर से अप्रैल का अंतिम सप्ताह थोड़ी राहत वाला हो सकता है। नमी के असर से दोपहर बाद अंधड़, बादल, बारिश जैसी गतिविधि बनने के आसार हैं। अभी रायपुर समेत प्रदेश के कई इलाकों में लू जैसी स्थिति बनी हुई है।

## गर्मी के मामले में राजधानी अव्वल दोपहर बाद छाए हल्के बादल

## झुलसाने वाली गर्मी का प्रकोप जारी, अप्रैल के अंत में थोड़ी राहत की बन रही गुंजाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अप्रैल के दूसरे और तीसरे सप्ताह में गर्मी ने अपने तीखे तेवर दिखाए हैं। खासकर राजधानी रायपुर में धरती जमकर तपी है, जिससे यहां ग्रीष्मलहर की स्थिति बनी हुई है। रायपुर के साथ दुर्ग और बिलासपुर संभाग भी भारी गर्मी की चपेट में है और पेंड्रा जैसे ठंडे इलाके में लू की गर्म हवा चल रही है। शुक्रवार को भी हालात कुछ ऐसे ही बने रहे और राजधानी की गर्मी ने प्रदेश के अन्य शहरों को पीछे छोड़ दिया। यहां सुबह से चिलचिलाती धूप ने दोपहर होने के बाद लू का रूप ले लिया। शाम चार बजे बाद झुलसाने वाली गर्मी मौजूद रही, मगर छाए बादलों की वजह से धूप से थोड़ी राहत मिली। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अब हवा के साथ आने वाली नमी की वजह से मौसम में थोड़ा बदलाव होने की संभावना बन रही है। वातावरण में आर्द्रता बढ़ने से दोपहर बाद सप्ताह के अंत तक अलग-अलग स्थानों में 50 से 60 किमी की रफ्तार से आंधी चलने, बादल छाए रहने के साथ कहीं-कहीं वर्षा होने की स्थिति में बनी रहेगी। इस बदलाव से अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।



### शुक्रवार को ऐसा रहा अधिकतम तापमान

| | |
|---|---|
| रायपुर | 43.8 |
| माना | 42.9 |
| बिलासपुर | 43.4 |
| पेंड्रा | 42.5 |
| अंबिकापुर | 42.8 |
| जगदलपुर | 38.6 |



### रात में भी गर्मी से राहत नहीं

दिन में झुलसाती गर्मी असर दिखा रही और रात में भी तप चुकी धरती राहत नहीं लेने दे रही है। घरों में एसी-कूलर के बिना रहना संभव नहीं है और पंखे तो काफी समय पहले ही साथ छोड़ चुके हैं। मई के महीने में भी गर्मी का प्रकोप जारी रहने की संभावना है। इसके बाद जून के दूसरे पखवाड़े से तेज के साथ उमसभरी गर्मी का दौर भी शुरू होने की संभावना है।

### रायपुर का पारा 14 दिन में 40 के पार

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल के महीने में रायपुर का पारा 14 दिन 40 डिग्री सेल्सियस के पार रहा। पांच दिन तापमान 39 से 40 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया और 6 दिन 37-38 डिग्री की समान्य गर्मी के साथ बीता। गर्मी के दौरान तीन से चार दिन ही ऐसा रहा, जब दूसरे शहरों ने रायपुर को पीछे छोड़ा। बाकी दिन गर्मी के मामले में रायपुर का दबदबा बना रहा।

## सीबीआई ने रांची और बिलासपुर मुख्यालय के साथ निजी कंपनी में शुरु की जांच

# 32 लाख की रिश्वत, पकड़े गए रेलवे के चीफ इंजीनियर

**रोड सेफ्टी वर्क्स ओपन लाइन के मुख्य अभियंता के केबिन में पहुंची**

**सीबीआई की टीम ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी आईआरएस मुख्य अभियंता को तीन अन्य लोगों के साथ 32 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। मुख्य अभियंता ने अपने पारिवारिक सदस्य से यह रिश्वत ली थी। जिसकी शिकायत के बाद सीबीआई की टीम ने रांची के साथ बिलासपुर जोन मुख्यालय के अलावा एक निजी कंपनी में जांच शुरु कर दी है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर।

बिलासपुर रेलवे स्टेशन में पिछले कुछ दिनों से पुनर्विकास के तहत 392 करोड़ रुपए का काम चल रहा है। इस काम का ठेका बिलासपुर की निजी कंपनी ने लिया है। सीबीआई को कुछ दिन पहले मुखबिर से सूचना मिली थी कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के मुख्य अभियंता, आरोपी फर्म के साथ मिलीभगत कर भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।

उक्त फर्म को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए रिश्वत भी मुख्य अभियंता ने मांगी थी, इसके लिए उन्होंने फर्म को राशि रांची में अपने पारिवारिक सदस्य के हाथों में देने कहा था। इस के बाद निजी कंपनी के प्रबंध निदेशक ने कंपनी के एक कर्मचारी को निर्देश दिया कि वह 32 लाख रुपए की रकम मुख्य अभियंता के पारिवारिक सदस्य को रांची जो कि अभियंता का मूल निवास है, उसे जाकर सौंप दे। इस रकम के लिए मुख्य अभियंता ने अपने पारिवारिक सदस्यों को सूचना पहले से ही देकर रखी थी। 32 लाख रुपए की रिश्वत के संबंध में जानकारी मिलने के बाद सीबीआई ने जाल बिछाया। शुक्रवार की शाम 4 बजे मुख्य अभियंता को तब गिरफ्तार किया, जब उनके पारिवारिक सदस्य ने आरोपी निजी फर्म के व्यक्ति से 32 लाख रुपए की रिश्वत स्वीकार कर ली। यह राशि सीबीआई टीम ने मुख्य अभियंता के पारिवारिक सदस्य के पास से बरामद कर ली। राशि मिलने के बाद सीबीआई की टीम ने बिलासपुर के जगमल चौक पर निजी कंपनी के कार्यालय के अलावा बिलासपुर जोन मुख्यालय के रोड सेफ्टी वर्क्स ओपन लाइन के मुख्य अभियंता के केबिन में पहुंचकर जांच शुरु कर दी है। इनके खिलाफ आरोप है कि आरोपी निजी कंपनी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के लिए विभिन्न कार्य आदेशों को निष्पादित कर रही थी, जिसमें छोटे और बड़े पुलों का निर्माण, रेलवे ओवर ब्रिज, रेलवे अंडर ब्रिज, क्षमता विस्तार कार्य, ट्रैक लाइनिंग व अन्य कार्य शामिल थे। इस मामले में सीबीआई की टीम ने निजी कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर, कर्मचारी के अलावा चीफ इंजीनियर और उनके परिवार के सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है।







### ये हैं आरोपी

1 विशाल आनंद रेलवे का चीफ इंजीनियर
2 सुशील झाझड़िया निजी कंपनी का प्रबंध संचालक
3 कुणाल आनंद चीफ इंजीनियर का भाई
4 मनोज पाठक झांझरिया निर्माण कंपनी का कर्मचारी

### रकम की जानकारी पुत्र को

सीबीआई के अनुसार आरोपी निजी कंपनी के प्रबंध निदेशक ने 21 अप्रैल को अपने पुत्र को कथित रूप से बताया कि आरोपी मुख्य अभियंता के निर्देशानुसार वह उनके बिलासपुर स्थित कार्यालय में मुलाकात करेगा। मुख्य अभियंता से मिलने के बाद प्रबंध निदेशक ने अपने पुत्र को बताया कि रिश्वत की रकम तय हो गई और उन्हें अपने लंबित मामलों के निपटाने के लिए 32 लाख रुपए की राशि आरोपी मुख्य अभियंता को देनी है।

### रेलवे एरिया में मचा हड़कंप

सीबीआई की पूछताछ में चीफ इंजीनियर ने भी 32 लाख रुपए की रिश्वत लेना स्वीकार कर लिया है, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। सीबीआई की जांच से जोन और डिवीजन कार्यालय में हड़कंप मच गया है। सीबीआई की टीम ने चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर में कार्यरत मुख्य अभियंता, एक निजी कंपनी, उस कंपनी के प्रबंध निदेशक, कंपनी का एक कर्मचारी और कुछ अज्ञात शामिल है।

परिजन ने जताई आशंका

# वृद्धा की लू से मौत खेत में मृत मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

दोपहर को दातुन तोड़ने गई 80 वर्षीय वृद्धा की लू लगने से मौत हो गई। वृद्धा खेत में मृत हालत में पाई गई। परिजनों ने तेज धूप के कारण लू लगने से वृद्धा की मौत होने की आशंका जताई है। मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय दानीटोला के बैगापारा निवासी शकुनबाई साहू पति बोधन साहू उम्र 80 वर्ष गुरुवार को 12 बजे दातुन तोड़ने खेत की तरफ गई थी, जो शाम तक घर वापस नहीं लौटी थी। परिजन जब काम से घर लौटे तो वृद्धा के घर नहीं पहुंचने की जानकारी मिलने पर उसकी तलाश में खेतों की तरफ चले गए। वहां वृद्धा खेत में पड़ी हुई थी, उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल भिजवाया। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। वृद्धा की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया।



### तेज धूप में पानी नहीं मिला होगा : परिजन

मृतिका के भतीजे मकेश्वर साहू ने मीडिया को बताया कि उसकी चाची दातुन तोड़ने के लिए खेत की तरफ गई थी। शाम को काम से घर लौटने पर जानकारी हुई। पूछताछ करते खेतों की तरफ गए, जहां उसकी चाची खेत में मृत पड़ी हुई थी। तेज धूप के चलते पानी नहीं मिलने से लू लगने के कारण उसकी चाची की मौत हुई है।

## खबर संक्षेप

### अपोलो व फर्जी डाक्टर के खिलाफ एक और पीड़ित ने थाने में की शिकायत

**बिलासपुर।** अपोलो हास्पिटल प्रबंधन व फर्जी डाक्टर के खिलाफ एक और पीड़ित ने पिता की मृत्यु की लिखित शिकायत सरकण्डा थाने में की है। पुलिस शिकायत पर जांच में जुट गई है। सरकण्डा थाना के एसआई कृष्णा साहू ने बताया, तोरवा निवासी सुरेश डोडेजा पिता स्व. भगतराम डोडेजा ने लिखित शिकायत की है। उन्होंने अपने पिता भगतराम को पेट दर्द की शिकायत होने पर 27 नवंबर 2006 को इलाज के लिए अपोलो हास्पिटल में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान डा. नरेन्द्र विक्रमादित्य ने उनके पिता की एनजीओ प्लास्टी की थी, जिससे उनकी मौत हो गई थी। पुलिस शिकायत पर जांच में जुट गई है। ज्ञात हो कि 19 साल पहले पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पंडित राजेन्द्र शक्ला की मौत के मामले में जांच के बाद पुलिस ने डा. नरेन्द्र विक्रमादित्य व अपोलो प्रबंधन के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

### रंजिश के चलते चाकू के मूठ से किया हमला, दो पकड़ाए

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 2 अप्रैल को प्रार्थी ज्वेल जोसफ 39 साल निवासी उत्कर्स नगर डोंगरगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह रात करीबन 9 बजे एमजे फ्यूल डोंगरगढ़ के पास खड़ा था। उसी समय इमरान खान एवं नकीब खान अपने दो साथियों के साथ दो मोटर साइकिल में आकर पुरानी रंजिश की बात को लेकर गाली-गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी नकीब खान अपने हाथ में रखे बटनदार चाकू के मूठ से प्रार्थी के सिर के पीछे वार कर चोट पहुंचाया। 24 अप्रैल को आरोपी इमरान खान एवं नकीब खान ने अपने अन्य दो विधि से संघर्षरत बालक के साथ मिलकर घटना करना स्वीकार किया।

भैसमा के ग्राम पहाड़ीपारा का मामला

# वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गए 43 बच्चे और 8 वयस्क हुए फूड प्वाइजनिंग का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर खाद्य पदार्थ का सेवन करना मेहमानों को महंगा पड़ गया। विवाह समारोह में वितरित किए जा रहे बूंदी के पैकेट को खाने के बाद 51 लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। जिनमें एक साल से लेकर 16 साल के उम्र के 43 बच्चे व 8 वयस्क बच्चे शामिल हैं। बूंदी खाने के बाद सभी को उल्टी व दस्त शिकायत होने लगी, जिसके बाद उन्हें आनन-फानन में उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल सभी मरीज खतरे से बाहर हैं। कुछ को डिस्चार्ज कर दिया गया है वहीं कुछ बच्चों की हालत को देखते हुए ऑब्जर्वेशन में रखा गया है।

जिले के भैसमा तहसील के ग्राम पहाड़ीपारा में निवासरत अमित कुमार सारथी की शादी थी। कार्यक्रम गुरुवार को एक दिन का था। पहाड़ीपारा में गांव के अधिकतर लोग अमित की शादी में शामिल होने पहुंचे थे। जहां सभी को पॉलिथीन में पैक किया हुआ बूंदी परोसा गया। जिसे खाने के बाद अचानक लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। देर रात लगभग 12 बजे के बाद मरीजों को उल्टी और दस्त की शिकायत शुरू हो गई। देखते ही देखते 43 बच्चे व 6 बुजुर्गों की हालत बिगड़ने लगी। सभी 51 मरीजों को उपचार के लिए 108 एंबुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सभी मरीजों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में किया गया भर्ती, स्थिति सामान्य



### खराब भोजन के कारण बिगड़ी तबीयत

रात में एक के बाद एक लगातार मरीज आते रहे। अस्पताल में डॉक्टरों व पेडयरिंग की टीम ने मरीजों का इलाज शुरू किया। जहां 3 बच्चों की हालत गंभीर थी, लेकिन अब उन पर नियंत्रण पा लिया गया है। फिलहाल सभी मरीजों की स्थिति सामान्य है। खराब खाने के कारण इनकी तबीयत बिगड़ी है।

-कमल किशोर सहारे
डीन, जिला मेडिकल कॉलेज

### की जा रही जांच

शादी में गांव वालों को आमंत्रित किया गया था। कुछ लोगों ने बूंदी वहीं खा ली और कुछ घर ले गए। जिसके बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी। प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं।

-भूषण एक्का, सीएसपी

### शादी का बूंदी खाने के बाद बिगड़ी तबीयत

मेडिकल कॉलेज अस्पताल की टीम मरीजों के उपचार में जुट गई। अस्पताल परिसर में लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। सीएसपी भूषण एक्का सहित पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। ग्रामीणों ने बताया कि विवाह कार्यक्रम में वितरित सेव बूंदी का स्वाद अजीब था, खाने के कुछ देर बाद ही तबीयत बिगड़ने लगी। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### लापता बच्ची की सूचना देने वाले को मिलेगा 40 हजार रुपए का पुरस्कार

**लोरमी।** कोसाबाड़ी से लापता 7 वर्षीय मासूम बच्ची का पता बताने वाले को बिलासपुर आईजी संजीव शुक्ला ने 30 हजार एवं एसपी भोजराम पटेल ने जारी कर 10 हजार ईनाम देने की घोषणा की गई है। इसी क्रम में वनक्षेत्र में बच्ची की तलाशी के लिए अभियान चलाया गया। पुलिस के अनुसार ग्राम कोसाबाड़ी निवासी कक्षा दूसरी में पढ़ने वाली 7 वर्षीय बच्ची महेश्वरी गोस्वामी उर्फ लाली पिता जनक गिरी गोस्वामी, कद 3 फीट 4 इंच, रंग गोरा विगत 12 अप्रैल से लापता है। आईजी के निर्देश पर वनकर्मियों की मदद से पुलिस लगातार बच्ची की तलाशी के लिए अभियान चला रही है, लेकिन 13 दिन बीत जाने के बाद बच्ची का कोई भी सुराग नहीं मिला है। इसी क्रम में पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत गुम बच्ची की तलाश करें एवं मिलने पर संबंधित थाना प्रभारी के साथ कार्यालय को भी अवगत कराएं।

# अंबिकापुर मेडिकल कालेज के कर्मियों को हाईकोर्ट से राहत, सेवावृद्धि निरस्तीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरगुजा जिले के राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंह देव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर ने डाटा एंट्री ऑपरेटर समेत सीनियर साइंटिस्ट, जूनियर साइंटिस्ट, लैब टेक्नीशियन, डाटा एंट्री ऑपरेटर, लैब अटेंडेंट पदों पर नियुक्त कर्मियों की सेवा वृद्धि का आदेश जारी किया था। बाद में इसे निरस्त कर दिया गया। इसके बाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। कोर्ट ने अगली सुनवाई तक इस आदेश पर रोक लगा दी है।

याचिका के मुताबिक इस कालेज में वायरोलॉजी लैब हेतु संविदा पर सीनियर साइंटिस्ट, जूनियर साइंटिस्ट, लैब टेक्नीशियन, डाटा एंट्री ऑपरेटर, लैब अटेंडेंट, स्वीपर पद पर संविदा भर्ती विज्ञापन वर्ष 2020 में जारी कर आवेदन आमंत्रित किया गया था। इन पदों पर जिस पर शिवकुमार, हंसा लिंगम, धनंजय, श्रद्धा, पनमेश्वर वृंदावती का चयन डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर हुआ था। चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर द्वारा समय-समय पर उपरोक्त अभ्यर्थियों की संविदा सेवा में वृद्धि प्रदान कर रही थी, अंतिम सेवा वृद्धि आदेश 2 अप्रैल 2025 को जारी किया गया था जो मार्च 31 मार्च 2026 तक के लिए की गई थी। इसके बाद 3 अप्रैल 2025 को अपरिहार्य कारणों से इसे निरस्त कर दिया गया। इसके खिलाफ अधिवक्ता मतीन सिद्दीकी और नरेंद्र मेहेर के माध्यम से याचिका दायर की गई।

### बिना कारण बताए निरस्तीकरण आदेश जारी

याचिका में कहा गया कि चिकित्सा महाविद्यालय में वायरोलॉजी लैब की स्थापना कोविड महामारी के समय हुई है। वायरोलॉजी लैब हेतु छत्तीसगढ़ शासन अंतर्गत भर्ती नियम जारी है कि जो पूर्व से कार्यरत हैं वही मानव संसाधन कार्य में निरंतरता कार्य करते रहेंगे, जब तक नियमित नियुक्ति न हो जाए। चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर द्वारा लेकिन याचिकाकर्ताओं के संविदा वृद्धि अवधि पूर्ण होने से पहले बिना कोई कारण बताएं निरस्त कर दिया गया जो कि उचित नहीं है। कोर्ट ने आदेश पर रोक लगाते हुए मेडिकल कालेज प्रबंधन को नोटिस जारी किया है। इस रोक से लैब अटेंडेंट छबिलाल प्रधान, अरुण कुमार, आदित्य सिंह, सुंदर राम, हुकुम, विवेक चौहान, अनमोल, आर्यमान आदि को राहत मिली है।

दस्तावेज मिलने के बाद स्थल पर जाकर होगा सत्यापन

# 20 ग्राम पंचायतों में एक करोड़ 50 हजार के 223 सोलर स्ट्रीट लाइट मामले की जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर के 20 ग्राम पंचायतों में सोलर स्ट्रीट लाइट खरीदी में अनियमितता व भंडार क्रय नियम का पालन नहीं किए जाने की शिकायत जनशिकायत निवारण विभाग में किया गया था। जिसकी जांच उप संचालक पंचायत जिला कांकेर के द्वारा किया जा रहा है। भानुप्रतापपुर के 20 ग्राम पंचायतों में से 15 ग्राम पंचायतों के सचिवों को सोलर स्ट्रीट लाइट खरीदी के समस्त दस्तावेजों को लेकर जनपद पंचायत बुलाया गया था, जिसके बाद जांच अधिकारी द्वारा सभी ग्राम पंचायत के सचिवों को सोलर स्ट्रीट लाइट खरीदी के समस्त दस्तावेजों की छाया कॉपी एक घण्टे जमा करने के लिए कहा गया था, लेकिन जांच अधिकारी इंतजार करते रहे व चार घण्टे बाद आठ ग्राम पंचायत के सचिव दस्तावेज लेकर जनपद कार्यालय पहुंचे और दस्तवेज जमा किया गया। सभी ग्राम पंचायतों का दस्तावेज जमा होने के बाद सभी ग्राम पंचायतों में जाकर भौतिक सत्यापन किया जाएगा। शिकायतकर्ता यशवंत चक्रधारी ने बताया कि ग्राम पंचायत भैसाकन्हार क में 15 सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए 8 लाख 55 हजार, भोडिया में 5 सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए 2 लाख 25 हजार, दाबकट्टा में 7 सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए 3 लाख 15 हजार, धनेली में 10 सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए 4 लाख 50 हजार, डोंगरगांव में 15 सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए 6 लाख 75 हजार, डोंगरकट्टा में 16 सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए 7 लाख 20 हजार, डुमरकोट में 10 सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए 4 लाख 50 हजार, हरनपुरी में 10 सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए 4 लाख 50 हजार, हाटकर्रा में 15 सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए 6 लाख 75 हजार, हेटारकसा में 10 सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए 4 लाख 50 हजार, करमोती में 4 सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए 1 लाख 80 हजार, केवटी में 5 सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए 2 लाख 25 हजार, मुंगवाल में 4 सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए 1 लाख 80 हजार का बिल लगाकर राशि आहरण कर लिया गया है।







# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 26 अप्रैल 2025


## 40 जवान डिहाइड्रेशन के शिकार, भर्ती



*नक्सलियों के खिलाफ अभियान में शामिल लगभग 40 जवान डिहाइड्रेशन का शिकार हो गए हैं, जिन्हें सेना के हेलीकॉप्टर से तेलंगाना के भद्राचलम अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। जवान चार दिनों से नक्सलियों के ठिकाने को घेरे हुए हैं। इलाका पहाड़ी है पर तेज गर्मी की वजह से स्थिति विकट है।*

### करेंगुट्टा की पहाड़ी पर टॉप मोस्ट नक्सलियों की मौजूदगी की खबर

*सूत्रों की माने तो पहाड़ी पर सेंट्रल कमेटी मेंबर (सीसीएम) माड़वी हिड़मा के अलावा अन्य सीसीएम दामोदर, बंडी प्रकाश, आजाद, चन्द्रान्ना जे, सुजाता, कट्टाराम चन्द्र रेड्डी, विकल्प, विज्जो, उर्मिला, गंगा, मंगड्डू, अभय के अलावा दंडकारण्य जोनल कमेटी (डीकेएसजेडसी) पापाराव व देवा की भी मौजूदगी है।*

# पहाड़ियों में घिरे नक्सली 'घुटनों' पर, कहा- हम वार्ता को तैयार, गर्मी में डटी फोर्स

## करेंगुट्टा की पहाड़ी में नक्सलियों के खिलाफ चौथे दिन भी जारी रहा संकल्प अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हरिभूमि फॉलोअप

नक्सलियों के खिलाफ फोर्स का संकल्प अभियान चौथे दिन भी करेंगुट्टा की पहाड़ी में जारी है। इसे अप्रैल 2025 संकल्प अभियान नाम दिया गया है। मुठभेड़ में कई नक्सलियों के मारे जाने व घायल होने की पुख्ता खबर है, लेकिन जवानों ने अब तक पीएलजीए बटालियन नम्बर एक के तीन वर्दीधारी महिला नक्सलियों के शव मिलने की पुष्टि की है। गौरतलब है कि नक्सलियों की मौजूदगी की खबर के बाद बीजापुर और तेलंगाना की सरहद पर पिछले चार दिन से नक्सलियों के खिलाफ अप्रैल 2025 संकल्प अभियान चलाया जा रहा है।

**नक्सलियों के लिए पानी की कमी नहीं, सुरक्षित रहने ठिकाने की तलाश:** जानकारी के मुताबिक जिन पहाड़ियों पर नक्सली छिपे हुए हैं, वहां पानी का बेहतर स्त्रोत है, क्योंकि इन्हीं पहाड़ियों से होकर गुजरने वाली एक छोटी सी नदी उस इलाके में नम्बी, नीलम सराय और लंकापल्ली जैसे तीन जल ▶▶| शेष पेज 5 पर

### एक बार फिर नक्सलियों ने की सीज फायर की पेशकश

फोर्स के संकल्प अभियान के दौरान नक्सलियों ने शांतिवार्ता व सीजफायर की मांग की है। सीपीआई (माओवादी) उत्तर-पश्चिम सब जोनल ब्यूरो के प्रभारी रूपेश ने पत्र जारी कर बीजापुर-तेलंगाना सीमा पर तेलंगाना, आंध्रप्रदेश और छग में तैनात सुरक्षाबल ▶▶| शेष पेज 5 पर





### जनता और संपत्तियों को सुरक्षित रखना मुख्य जवाबदारी

*सुरक्षा बल के जवान आक्रामक कार्रवाई के लिए मैदान में हैं। जनता की सुरक्षा के साथ संपत्तियों की रक्षा करना भी सुरक्षा बलों का दायित्व है। जवाबी कार्रवाई तभी की जाती है, जब सुरक्षा बलों पर माओवादियों का हमला होता है। अभी माओवादियों के पास हिंसा छोड़ने का विकल्प है।*

*सुंदरराज पी., आईजी बस्तर*

# भारतमाला में करोड़ों की हेराफेरी, दुर्ग, रायपुर समेत कई शहरों के 20 ठिकानों पर छापे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतमाला परियोजना मुआवजा घोटाला को लेकर ईओडब्लू, एसीबी की टीम ने एसडीएम, तहसीलदार, आरआई, पटवारी सहित एक दर्जन से ज्यादा कारोबारी, अफसरों के अलग-अलग 20 ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापे मारे हैं। सूत्रों के मुताबिक छापे की कार्रवाई की जद में आए रायपुर के तत्कालीन एसडीएम निर्भय साहू, तहसीलदार शशिकांत के घर से घोटाले से जुड़े कई अहम साक्ष्य जांच एजेंसी के हाथ लगे हैं। छापे की कार्रवाई तड़के 6 बजे शुरू की गई, जो देर शाम तक जारी रही।

ईओडब्लू, एसीबी ने जिन लोगों के ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की है, उनमें से कई लोगों के ठिकानों पर छापा मारने गई एसीबी की टीम को महिलाओं के विरोध का सामना करना पड़ा। समझाइश के बाद छापे की कार्रवाई सुचारू रूप से संचालित हो पाई। छापे की कार्रवाई रायपुर के साथ दुर्ग, महासमुंद ▶▶| शेष पेज 5 पर

### एसडीएम, तहसीलदार, आरआई, पटवारी, कारोबारियों के निवास, दफ्तर में ईओडब्लू की तफ्तीश



### बैक डेट में दस्तावेज बनाकर घोटाला

एसीबी द्वारा जारी बयान के मुताबिक भारतमाला प्रोजेक्ट घोटाला 48 करोड़ रुपए से ज्यादा का है। आरोप है कि घोटाला को अंजाम देने वालों ने जमीन को टुकड़ों में बांटकर एचएआई को 78 करोड़ रुपए का भुगतान दिखाया। एसडीएम, पटवारी तथा संगठित भू-माफिया पर बैक डेट में दस्तावेज तैयार कर घोटाले को अंजाम देने का आरोप है।

### इनके यहां की गई छापे

- हरजीत सिंह खनूजा - ठेकेदार, मकान नंबर 118 लॉ विष्टा सोसाइटी, कचना रायपुर
- जितेंद्र कुमार साहू - पटवारी, अभनपुर
- दिनेश कुमार साहू - पटवारी, माना बस्ती रायपुर
- निर्भय कुमार साहू- एसडीएम, नवा रायपुर, कांकेर के नरहरपुर स्थित आवास
- हरमीत सिंह खनूजा - ठेकेदार, महासमुंद
- योगेश कुमार देवांगन - जमीन दलाल, अश्विनी नगर,रायपुर
- बसंती धृतलहरे - अभनपुर ▶▶| शेष पेज 5 पर

### हाउसिंग बोर्ड में आईसीआईसीआई बैंक कर्मी के घर देर शाम तक जमी रही ईओडब्लू की टीम

*भिलाई। जिले में भारतमाला प्रोजेक्ट से जुड़े करोड़ों के मुआवजा घोटाले को लेकर ईओडब्लू और एसीबी की टीम सुबह से जिले में सक्रिय रही। टीम ने आईसीआईसीआई कर्मचारी अमरजीत सिंह गिल के हाउसिंग बोर्ड दुर्ग स्थित घर में छापा मारा। पूरे घर को सील कर दिया। गिल सहित उसके परिजनों से देर शाम तक पूछताछ होते रही। कई दस्तावेज खंगाले गए। खबर है कि प्रशासनिक अधिकारियों के बैंक रिकार्ड से जुड़े कुछ दस्तावेज ईओडब्लू के हाथ लगे हैं, जिनका खुलासा नहीं किया गया है। अमरजीत की संलिप्तता इस मामले में किसी प्रकार की रही, इसका खुलासा टीम ने नहीं किया है। बता दें कि ईओडब्लू की टीम सुबह सुंदर नगर में स्थित कोटक महिंद्रा बैंक के मैनेजर के घर भी जांच के लिए पहुंची थी, वहां भी परिवार के सदस्यों के पूछताछ की गई। टीम ने भारतमाला प्रोजेक्ट के मुआवजे मामले में करोड़ों के घोटाले मामले* ▶▶| शेष पेज 5 पर

## रायपुर का यह छटा...जोरा मॉल



*रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को राजधानी रायपुर में जोरा मॉल का भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह, डिप्टी सीएम अरुण साव, मंत्री केदार कश्यप, टंकराम वर्मा, विधायक अमर अग्रवाल,अनुज शर्मा, मोतीलाल साहू, बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष प्रभतेज सिंह भाटिया, मॉल के संचालक विजय झावर समेत बड़ी संख्या में अतिथिगण मौजूद रहे।*

# डोंगरगढ़ में पलटा रोप-वे, पूर्व मंत्री समेत कई घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में दर्शन करने गए पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा सहित छह लोग हादसे का शिकार हो गए। दर्शन कर लौटते समय छह लोगों से भरी रोप-वे ट्रॉली कर्मचारियों की लापरवाही के चलते पलट गई। इस हादसे में प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा को गंभीर चोटें आई हैं, ▶▶| शेष पेज 5 पर

### संचालक पर एफआईआर दर्ज



### भरत गंभीर घायल

इस हादसे में जहां पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा को कंधे, पीठ और हाथ में चोट आई है। वहीं प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा को सर्वाइकल एवं हीप बोन में गंभीर चोट देखने को मिली ▶▶| शेष पेज 5 पर









# मंदिर की परिक्रमा कैसे मन को बेहतर कराती है महसूस? शरीर और मन को देती है नया रूप

नई दिल्ली। मंदिर हर हिंदू के लिए सबसे बड़ा आस्था का केंद्र होता है, किसी भी शुभ अवसर के मौके पर लोग मंदिर जाकर भगवान का धन्यवाद करते हैं और मंदिर की परिक्रमा जरूर करते हैं। लेकिन, ये बहुत कम लोगों को पता होता है की मंदिर की परिक्रमा ना सिर्फ आस्था का विषय है, बल्कि यह हमारे शरीर और मन को नया रूप देती है।

## क्यों की जाती है परिक्रमा



मंदिर के परिक्रमा पथ को पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्रों के साथ वास्तु सिद्धांतों का इस्तेमाल कर के संरेखित किया जाता है। मंदिर से निकलने वाली ऊर्जा नोड्स की तरह काम करती हैं, यह पृथ्वी की जियोमैग्नेटिक वेव्स के साथ शरीर की लय को बढ़ाने का काम करते हैं।

### ब्लड सर्कुलेशन

परिक्रमा करने से दिल से जुड़ा व्यायाम भी होता है क्योंकि इससे दिल का ब्लड सर्कुलेशन भी मेंटेन रहता है, बीपी का खतरा कम होता है और पूरे शरीर में ऑक्सीजन का प्रवाह बढ़ता है जिससे शरीर को पुराने दर्द से आराम मिलने की संभावना बढ़ जाती है।



### मदिर की ऊर्जा

घड़ी की सुई की दिशा में घूमने से सूर्य के पूर्व से पश्चिम की तरफ घूमने वाले आर्क को दर्शाता है। यह रेखा सकैर्डियन लय को रेगुलेट करता है जो पूरे दिन हॉर्मोन्स का संतुलन बनाए रखता है। नंगे पैर चलने से पैरों के एक्यूप्रेशर क्षेत्रों में एनर्जी जनरेट होती है जो नर्वस सिस्टम को सक्रिय रखने में मदद करता है और मन के पुराने तनाव को कम करता है।

### इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वेव्स

अच्छे लय से चलने वाली परिक्रमा ध्यान की अवस्था को बढ़ाती है, शोध से यह पता चला है की इससे कॉर्टिसोल का उत्पादन धीमा हो जाता है जिससे अल्फा ब्रेन वेव्स में बढ़ोतरी होती है जिससे मन की शांति में इजाफा होता है। मंदिर के पत्थर और ज्यामिति इलेक्ट्रोमैग्नेटिक क्षेत्र की ऊर्जा को बढ़ाती है। उनके बीच से गुजरने से बायोफील्ड इंटरैक्शन बढ़ता है।

## रोचक खबरें



### लड़के ने छत्ते में हाथ डालकर बाहर निकालीं मधुमक्खियां, लोग बोले- भाई मौत से खेल रहा है

**नई दिल्ली।** हमें जहां भी मधुमक्खी का छत्ता दिखता है तो उसे हाथ लगाना तो दूर पास में भी खड़े नहीं होते हैं। क्योंकि, मधुमक्खी जब डंक मारती है तो कई दिनों तक शरीर का वो हिस्सा सूजा हुआ रहता है और ऐसा लगता है कि किसी ने ढेर सारी सुइयां एक साथ लगा दी है। यही नहीं, अगर मधुमक्खी मुंह पर डंक मार दे तो फिर शक्ल का जो नक्शा बदलता है, वो देखने लायक होता है। वीडियो में शख्स मधुमक्खी के छत्ते में अपने हाथ डाल रहा है और उसमें से शहद निकाल रहा है। लोग इस वीडियो पर काफी मजेदार प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं। हाल ही में, सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक शख्स बिना किसी भी सुरक्षा के मधुमक्खी के छत्ते में हाथ डाल रहा है। खैर आपको तब होगी जब हम आपको यह बताएंगे कि छत्ते में हाथ डालने के बाद वह खुद मधुमक्खियों को अपने हाथों से निकाल रहा है और उन्हें एक के बाद एक हवा में छोड़ने लग जाता है। शख्स इन चीज को इतने आराम से करता है, जैसे कि उसे इसकी रोज की प्रैक्टिस हो और इससे उसे कोई नुकसान भी नहीं होता है। बता दें कि वीडियो की शुरुआत ऐसे होती है कि एक लड़का खिड़की के पास बैठा होता है, जहां मधुमक्खी का छत्ता लटक रहा होता है। इसके बाद वह आराम से मधुमक्खियों को हाथ में भरता है और छत्ते में से निकालने लगता है। इस दौरान मधुमक्खियों चारों ओर उसके आसपास मंडरा रही होती है, लेकिन उस शख्स को बिल्कुल भी फर्क नहीं पड़ता है।

### पहचान छुपाकर कॉलेज की 10 से ज्यादा लड़कियों को डेट कर रहा था प्रोफेसर

**बीजिंग।** हम बचपन से सीखते आए हैं कि टीचर हमारे लिए आदर्श होते हैं। वे हमें सही-गलत की पहचान सिखाते हैं और उनका सम्मान करना हमारा फर्ज होता है। लेकिन, जब कोई टीचर अपनी जिम्मेदारी भूलकर गलत काम करे, तो भरोसा टूट जाता है और ये सवाल उठता है कि क्या स्कूल और कॉलेज अब भी सुरक्षित हैं? हाल ही में, चीन के शेडोंग प्रांत की लिओचेंग यूनिवर्सिटी के डोंगचांग कॉलेज में एक ऐसा ही मामला सामने आया है। यहां एक मेल प्रोफेसर, वू नाम का व्यक्ति, पिछले आठ सालों से इकोनॉमिक्स पढ़ा रहा था। लेकिन, वह अपनी असली उम्र, नाम और पहचान छिपाकर कई लड़कियों से दोस्ती और प्यार के रिश्ते बना रहा था। हालांकि, बाद में उसका खुलासा हो जाता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, प्रोफेसर वू ने 10 से ज्यादा छात्राओं को झूठी बातें बताकर, जैसे कि अपना नाम और प्रोफेशन छिपाकर, उनके साथ रिश्ते बनाए। वो सिर्फ अपने कॉलेज की ही नहीं, बल्कि दूसरे कॉलेज की लड़कियों को भी डेट कर रहा था। यह सब तब सामने आया जब कॉलेज को एक गुमनाम चिट्ठी मिली। उसमें वू की सारी हरकतों के बारे में लिखा था। कॉलेज ने इसकी जांच शुरू की और जल्द ही ये मामला सोशल मीडिया पर भी फैल गया। इसके बाद कॉलेज ने वू के खिलाफ कार्रवाई की। जांच में पता चला कि एक लड़की के गर्भवती होने पर वू ने उसे गर्भपात करने के लिए मजबूर किया। उसने लड़की को डराया कि अगर वह उसकी बात नहीं मानेगी, तो उसके पिता अपनी जान दे देंगे।



### कब्रिस्तान में दफनाने से पहले जिंदा हुई लाश, रिश्तेदारों में मची अफरा-तफरी

**बार्सिलोना।** कई बार हमारी आंखों के सामने ऐसी घटनाएं देखने को मिल जाती है, जिस पर यकीन करना हमारे लिए काफी ज्यादा मुश्किल हो जाता है। ऐसी चीजें कई बार हम लोगों को चमत्कार लगती है लेकिन होता कुछ नहीं है। ऐसी ही एक घटना इन दिनों स्पेन से सामने आई है। यहां अंतिम संस्कार से पहले एक महिला जिंदा हो उठी और जब उसके घरवालों ने उसे देखा तो वहां अफरा-तफरी मच गई, क्योंकि लोगों ने इस महिला को एकदम मरा हुआ समझ लिया था। एक रिपोर्ट की माने तो एक बुजुर्ग महिला को तबियत खराब होने के बाद जुआन मार्च दी बुनवोला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी कंडीशन को देखने के बाद उसे तुरंत मरा हुआ घोषित कर दिया। जिसके बाद घरवालों ने महिला के अंतिम संस्कार की तैयारी की और उसे उठाकर कब्रिस्तान ले गए। यहां कब्रिस्तान का स्टाफ महिला को कब्र में डालने ही वाला था कि उन्हें महिला का शरीर और उंगलियां हिलती हुई दिखाई दीं। पहले तो वहां के लोगों ने इसे इतेफाक समझा और पूरी तरीके से नजरअंदाज कर दिया। हालांकि, ऐसा जब बार-बार हुआ तो लोगों हैरान रह गए। इस नजारे को देखने के बाद वहां मौजूद लोग घबरा गए और उन्हें जल्दबाजी में अस्पताल लेकर गए। जहां पैरामेडिक्स के लोगों ने देखा कि ये महिला तो वाकई जिंदा है। इसके बाद डॉक्टरों ने अपनी जांच पड़ताल शुरू की और पाया कि सच में ये महिला जिंदा, लेकिन ये खुशी ज्यादा देर तक टिक नहीं पाई और महिला की मौत हो गई। अस्पताल में कुछ ही देर बाद दोबारा से महिला को मृत घोषित कर दिया।



# धरती की ओर बढ़ रही 'आफत', 600 मील दूर से कर देगी अनगिनत चीथड़े

वॉशिंगटन। वैज्ञानिकों ने आकाशगंगा से 1,10,000 मील प्रति घंटे की खतरनाक रफ्तार से गुज़रने वाले बेहद शक्तिशाली ज़ॉम्बी तारे की खोज की है। इस 'ज़ॉम्बी तारे' का सबसे खतरनाक बात ये है कि इसमें ऐसा खतरनाक मैग्नेटिक फील्ड है जो मनुष्यों को चीरकर उनके टुकड़े-टुकड़े कर के सैकड़ों मील दूर बिखेर सकता है। ज़ॉम्बी तारा एक मैग्नेटर है। जिसे एसजीआर 0501+4516 कहा जाता है। यह एक न्यूट्रॉन तारा है जिसमें एक कमांडिंग चुंबकीय क्षेत्र होता है। न्यूट्रॉन तारे मृत तारों के अवशेष होते हैं, जो छोटे ग्रहों के आकार में ढह गए हैं लेकिन उनका द्रव्यमान सूर्य जैसे तारों के बराबर है।

### जोंबी स्टार की खोज कब हुई?

जोंबी स्टार हमारी आकाशगंगा में मौजूद



30 मैग्नेटर्स में से एक है, जिसकी खोज 2008 में हुई थी. उस समय ये धरती से करीब 15,000 प्रकाश वर्ष दूर था, हालांकि अभी 10 दिन पहले एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स में प्रकाशित नई स्डटी रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने एसजीआर 0501+4516 के बाद के दृश्यों के विश्लेषण के बात ये नतीजा निकाला गया कि ये आकाशगंगा में अपेक्षा से कहीं ज़्यादा तेज़ रफ्तार से घूम रहा है।

### राख बनकर उड़ जाएगा इंसानों का शरीर



### क्या ज़ोंबी स्टार इंसानों को खत्म कर सकता है?

एक्सपट्‌र्स के मुताबिक, सीजीआर 0501+4516 का चुंबकीय क्षेत्र पृथ्वी की सुरक्षा कवच से लगभग 100 ट्रिलियन गुना ज़्यादा शक्तिशाली है। नासा ने अपने एक बयान में कहा था कि अगर ये पृथ्वी के पास से चंद्रमा की आधी दूरी से भी उड़ता है, तो इसका तीव्र मैग्नेटिक फील्ड हमारे ग्रह पर मौजूद हर क्रेडिट कार्ड को नष्ट कर देगा। वहीं, अगर कोई मनुष्य इसके दायरे के 600 मील के भीतर पहुंच जाता है, तो पलक झपकते ही मौत के मुंह में समा जाएगा। मैग्नेटर उस खौफनाक घटनाक्रम को ऐसी साइंस स्टोरी बताएगा जिसमें एक किरण इतनी खतरनाक बन जाएगी, जो शरीर के अंदर मौजूद हर परमाणु को नष्ट कर देगा।'



### मैग्नेटर्स

मीडिया रिपोट्‌र्स के मुताबिक अब तक शोधकर्ता ये मानते थे कि मैग्नेटर्स का निर्माण मरते हुए तारों के विस्फोट से हुआ था, जो बाद में न्यूट्रॉन तारों में बदल गए. हालांकि इस सीजीआर 0501+4516 के आसपास के क्षेत्र में हुई रिसर्च में पता चला कि ये जॉम्बी स्टार बेतहाशा तेज रफ्तार से गलत दिशा में आगे बढ़ रहा है। इससे पहले मैग्नेटर के प्रक्षेप पथ यानी रूट की पड़ताल के दौरान पता था कि कोई अन्य सुपरनोवा अवशेष या विशाल तारा समूह नहीं था, जिसके साथ इसे जोड़ा जा सके। नई स्टडी के नतीजों को काफी अहम माना जा रहा है।

# इसरो करने जा रहा बड़ा धमाका, स्पेस में भेजेगा वाटर बियर; मगर ये है क्या?

नई दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) देश को लगातार नई ऊंचाइयों पर ले जाने में लगा है। जिसके तहत कई प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। इसी बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। बता दें कि बता दें कि इसरो अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर एक अनोखा प्रयोग करने जा रहा है। विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन पर उड़ान भरने के लिए तैयार हैं। वो अपने साथ टार्डिग्रेड्स भी ले जाएंगे।



### भविष्य के अंतरिक्ष खोज को कर सकता है सूचित

टार्डिग्रेड्स के लचीलेपन के पीछे मॉलिक्यूलर मैकेनिज्म की पहचान करना है, जिससे एक्सट्रीम वातावरण में जीवन की सीमाओं को समझने में मदद मिलेगी। यह भविष्य के अंतरिक्ष खोज को सूचित कर सकता है और पृथ्वी पर जैव प्रौद्योगिकी प्रयोगों को विकसित करने में मदद कर सकता है। टार्डिग्रेड्स की निलंबित एनीमेशन में प्रवेश करने की क्षमता विस्तारित अंतरिक्ष मिशनों के लिए जैविक सामग्री या यहां तक कि मनुष्यों को संरक्षित करने के तरीकों को प्रेरित कर सकती है। इस प्रयोग के निष्कर्ष भारत के गगनयान मिशन की योजनाओं और प्रगति को आकार दे सकते हैं।

### अंडे और फूटे अंडों की संख्या की गणना की जाएगी

टार्डिग्रेड्स पृथ्वी पर लगभग हर जगह पाए जा सकते हैं, जिसमें काई, लाइकेन, मिट्टी, पत्ती का कूड़ा, मीठे पानी, समुद्री वातावरण, ऊंचे पहाड़, गहरे समुद्र, गर्म झरने और यहां तक कि ध्रुवीय बर्फ भी शामिल हैं। वॉयेजर टार्डिग्रेड्स एक्सपेरिमेंट भारत द्वारा इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर भेजे जा रहे 7 अन्य अध्ययनों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर भेजे गए टार्डिग्रेड्स के पुनर्जीवन, अस्तित्व और प्रजनन की जांच करेगा। मिशन के दौरान दिए गए अंडे और फूटे अंडों की संख्या की गणना की जाएगी और अंतरिक्ष में उड़ान भरने वाले बनाम ग्राउंड कंट्रोल पॉपुलेशन के जीन एक्सप्रेशन पैटर्न की तुलना की जाएगी।



### टार्डिग्रेड्स के होते हैं आठ पैर

भारतीय अंतरिक्ष यात्री जीरो ग्रेविटी में रहने और काम करने के लिए 14 दिनों के मिशन पर आईएसएस जाएंगे। यहां पर वो कई तरह का प्रयोग करेंगे, इसमें लोगों की नजरें जल भालू (टार्डिग्रेड्स) पर है। टार्डिग्रेड्स, जिन्हें वॉटर बियर या मॉस पिगलेट के नाम से जाना जाता है, छोटे, आठ पैरों वाले सूक्ष्म जीव हैं। इसकी लंबाई 0.3 मिमी से 0.5 मिमी तक होती है, इन्हें देखने के लिए माइक्रोस्कोप की आवश्यकता होती है।टार्डिग्रेड्स के आठ पैर होते हैं, जिनमें छोटे-छोटे पंजे और एक कठोर क्यूटिकल होता है जो उनकी धीमी और भारी स्पीड की विशेषता होती है।

### लोन पर खरीदी 1.8 करोड़ की 'लकी' कार, हुआ कुछ ऐसा होने लगी 2 लाख की कमाई



**बीजिंग।** कई लोग होते हैं, जो बिजनेस में अपना अलग ही लेवल का दिमाग लगाते हैं और ऐसा प्रॉफिट कमाते हैं, जिसे देखने के बाद लोग हैरान रह जाते हैं। ऐसा ही एक किस्सा इन दिनों चीन से सामने आई जहां एक बंदे पैसा कमाने का ऐसा तरीका बताया, जिसे देखने के बाद लोग हैरान नजर आ रहे हैं। कहते हैं अगर कोई बिजनेस करता है तो अपने ही लेवल पर दिमाग लगाता है। जिससे उसका मुनाफा काफी तगड़ा होता है और उसकी कमाई को देखने के बाद लोग हैरान रह जाते हैं। यही कारण है कि एक बिजनेसमैंन अपना दिमाग नौकरी पेशा वालों से ज्यादा लगाता है और हमेशा उनसे ज्यादा कमाने के बारे में सोचता है। ऐसे ही एक बिजनेसमैन की कहानी इन दिनों सामने आई है। जिसके बारे में जानने के बाद हर कोई हैरान नजर आ रहा है। आमतौर पर ऐसा देखा जाता है कि लोग अपने बिजनेस में कम पैसा लगाकर ज्यादा प्रॉफिट कमाने के बारे में सोचते हैं, लेकिन इन दिनों एक ऐसे शख्स की कहानी सामने आई है। जो अपने बिजनेस को एक अलग तरीके से रन कर रहा है। जिसमें उसने अपना काफी मोटा पैसा इंवेस्ट किया और जब उसकी कहानी इस दुनिया के सामने आई तो हर कोई हैरान रह गया। अब इस केस में हैरानी की बात तो ये है कि इसमें लोगों को समझ ही नहीं आ रहा है इसमें फायदा है भी या नहीं।

# पाकिस्तान को क्यों कहा जाता है सूखा देश? सिंधु नदी समझौते के स्थगित होने का क्या पड़ेगा असर

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने वर्षों पुरानी सिंधु जल संधि को फिलहाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। पाकिस्तान की एक सच्चाई यह भी है कि इसे सूखा देश यानी शुष्क देश कहा जाता है। यह सिर्फ एक नाम नहीं है, बल्कि यहां के लोगों के संघर्ष की कहानी है। यह कहना गलत नहीं होगा कि यहां के लोग पानी की तलाश और जीवन की जद्दोजहद में काफी उलझे रहते हैं। पाकिस्तान को शुष्क देश यानी कि सूखा देश भी कहा जाता है, क्योंकि यहां बारिश की मात्रा बहुत कम है। यानी कि यहां बारिश बहुत ही कम होती है। बारिश की कमी के कारण यहां की जमीन अक्सर ही सूख जाती है और पानी की बहुत किल्लत होती है। यह देश ज्यादातर गर्म और सूखे मौसम वाला है। यहां पर पानी के हर बूंद की कीमत है।

### देश में क्यों खोदे जा रहे हैं कुएं

हालांकि, पाकिस्तान के लोग गांवों में अब पहले से ज्यादा गहरे कुएं खोद रहे हैं क्योंकि ऊपर का पानी सूख गया है। खेतों में दरारें पड़ने लगी हैं और फसलें सूख रही हैं। अब पानी सिर्फ जरूरत नहीं रह गया, बल्कि एक बड़ी चिंता बन गया है। पाकिस्तान की यह कहानी है, सूखी धरती, कम बारिश, और पानी की बड़ी चिंता की।



### देश में मानसून का कैसा है हाल?

पाकिस्तान ऐसी जगह है, जहां मानसून की बारिश बहुत कम पहुंचती है। भारत में जो मानसून के बादल खूब बरसते हैं, वे पाकिस्तान पहुंचते-पहुंचते कमजोर हो जाते हैं। इसके अलावा, पाकिस्तान के उत्तर में बड़े-बड़े पहाड़ हैं जैसे हिंदुकुश और कराकोरम भी हैं, जो बारिश लाने वाले बादलों को रोक देते हैं। इसलिए, पाकिस्तान के ज्यादातर हिस्सों में बहुत कम पानी गिरता है।

### नदियां हैं एकमात्र संसाधन

इसके अलावा देश के कुछ हिस्सों में तो रेगिस्तान भी हैं, जैसे थार का रेगिस्तान। वहां तो बारिश महीनों तक नहीं होती। ऐसे इलाकों में खेती करना और लोगों को पानी देना बहुत मुश्किल हो जाता है। पाकिस्तान की सबसे बड़ी नदी, सिंधु नदी, यहां पानी का एकमात्र संसाधन है। लोग इसी नदी के पानी से खेत सींचते हैं और पीने के लिए भी पानी लेते हैं। लेकिन, यह नदी भी अब पहले जैसी नहीं रही। बर्फ कम गिरती है, जिससे नदी में पानी भी घटता जा रहा है। हालांकि, अब पहलगाम के आतंकी हमले के बाद अब सिंधु नदी समझौते को स्थगित कर दिया गया है और इसका असर पाकिस्तानों के किसानों पर काफी गहरा पड़ेगा।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


### राज्यसभा सांसदों में देवेंद्र ने खाता ही नहीं खोला

राज्यसभा सांसदों में भी छत्तीसगढ़ में सांसद निधि की राशि खर्च करने में फूलोदेवी नेताम सबसे आगे हैं। उन्होंने अब तक 154 कार्यों के लिए 16 करोड़ 50 लाख से अधिक राशि खर्च किया है। इनकी तुलना में सांसद केटीएस तुलसी ने 201 कार्यों के लिए 13 करोड़ 18 लाख 87 हजार रुपए, सांसद रंजीत रंजन ने 193 कार्यों पर 14 करोड़ 47 लाख 56 हजार रुपए, राजीव शुक्ला ने 2 कार्य पर ▶▶|शेष पेज 5 पर

# खर्च करने में लोकसभा सांसद बृजमोहन आगे, संतोष सबसे पीछे, राज्यसभा सांसदों में देवेंद्र का खाता ही नहीं खुला

खास खबर

लक्ष्मण लेखवानी ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोकसभा सांसदों में सांसद निधि खर्च करने में रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल सबसे आगे हैं। उन्होंने सांसद बनने के बाद 69 कार्यों के लिए 5 करोड़ रुपए की अनुशंसा की है। इनके मुकाबले राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय सबसे पीछे हैं। उन्होंने 14 कामों के लिए अब तक सिर्फ 76 लाख 49 हजार रुपए की मंजूरी दी है।

आंकड़े बताते हैं कि रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया ने 72 कार्यों के लिए ▶▶|शेष पेज 5 पर

### 107.80 करोड़ में 43.28 करोड़ ही खर्च

प्रदेश के लोकसभा सांसदों को केंद्र द्वारा कुल 107.80 करोड़ रुपए का फंड जारी किया गया है। इसके एवज में अब तक मात्र 43.28 करोड़ रुपए ही खर्च किया गया है। सांसदों द्वारा प्रदेशभर में कुल 821 कार्यों के लिए यह राशि जारी किया है। इसके एवज में प्रदेश में अब तक मात्र 35 कार्य ही पूर्ण हुए हैं।

खर्च : 5 करोड़



बृजमोहन अग्रवाल

खर्च : 76.49 लाख



संतोष पांडेय

खर्च : शून्य



देवेंद्र प्रताप सिंह

### 78.65 करोड़ में 49.87 करोड़ खर्च

राज्यसभा सांसदों को कुल 78 करोड़ 65 लाख रुपए की राशि जारी की गई है। इसके एवज में सांसदों ने अब तक 49 करोड़ 87 लाख रुपए की राशि ही खर्च किए है। यह राशि 550 कार्यों के लिए जारी की गई है, जिनमें अब तक 66 कार्य पूर्ण हो चुके हैं।

- सांसद निधि से खर्च का लेखा जोखा, जनहित में खर्च की जा रही राशि

### अधिकतम सीमा 9.80 करोड़, एक सांसद ही कर पाया 5 करोड़ खर्च

प्रत्येक सांसद को सांसद निधि के रूप में 5 करोड़ रुपए का फंड जारी होता है। यह फंड पहले दो किस्तों में जारी होता था। पहली किस्त में ढाई करोड़ रुपए जारी होता था, वहीं दूसरी किस्त तभी जारी की जाती थी, जब पहली जारी किस्त का 80 प्रतिशत राशि सांसद खर्च कर लेते थे। यह नियम में ▶▶|शेष पेज 5 पर

### निर्माण एजेंसी भी कर रही धीमा काम

एमपीलैड्स के आकड़ों के अनुसार लोकसभा एवं राज्यसभा सांसदों की अनुशंसा पर स्वीकृत कार्यों के निर्माण के लिए एजेंसियों के खातों में राशि ट्रांसफर की जा रही है, लेकिन इसके बाद एजेंसियों द्वारा काफी धीमे गति से निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसके कारण प्रदेश में अब तक स्वीकृत 1371 कार्यों में 101 कार्य ही पूर्ण हो पाए हैं, शेष 1270 कार्य अपूर्ण हैं।

### अध्ययन करने के बाद स्वीकृति दूंगा

सांसध निधि का बजट लिमिट है और मांगें प्रदेशभर से आ रही हैं, इसलिए मैं अध्ययन करने के बाद ही कार्यों को स्वीकृति दूंगा। इसमें समय लग रहा है, लेकिन ऐसे कार्यों को ही स्वीकृति दूंगा, जो जनता के हित के लिए सबसे ज्यादा आवश्यक होंगे।

- देवेंद्र प्रताप सिंह, राज्यसभा सांसद

---

पहलगाम में घेरा आतंकियों को, सीमा पार गोलीबारी में पाक सैनिकों को नुकसान, उड़ाईं कई चौकियां

# आतंक पर प्रहार, लश्कर कमांडर अल्ताफ मारा गया, आदिल-आसिफ का घर मिट्टी में मिलाया

एजेंसी ▶▶| जम्मू

पहलगाम में हुई आतंकी वारदात के बाद सेना ने बांदीपोरा में लश्कर-ए-तयबा के शीर्ष कमांडर अल्ताफ लाली को ढेर कर दिया। इसके साथ ही सेना ने आतंकी आदिल ठोकर का घर विस्फोट से और आसिफ शेख के घर को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। सीमा पार रात भर पाकिस्तान की ओर से की गई फायरिंग का मुंहतोड़ जवाब सेना ने दिया व उसको भारी नुकसान पहुंचाया। तनाव के बीच सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी श्रीनगर पहुंचे और अधिकारियों से ऑपरेशनों की जानकारी ली।


भारत में रह रहे 200 पाकिस्तानियों ने भारत छोड़ा और 120 भारतीय पाक से भारत वापस आए। सेना द्वारा मारा गया अल्ताफ लल्ली उत्तर कश्मीर में लश्कर-ए-तैयबा का ऑपरेशनल हेड माना जाता था। उसका मारा जाना आतंकवाद पर बड़ी चोट है।

### हैंड ग्रेनेड और हथियार बरामद

नाका चेकिंग के दौरान पुलिस ने मोहम्मद रफीक खांडे और मुख्तार अहमद डार को पकड़ा। उनके पास से अवैध हथियार गोला-बारूद बरामद हुआ। पुलिस ने भारतीय सेना के साथ मिलकर नाकाबंदी की तो रईस अहमद डार और मोहम्मद शफी डार को दबोचा। उनके पास से हैंड ग्रेनेड 01, 7.62 एमएम मैगजीन 01 और 7.62 एमएम के 30 राउंड बरामद किए गए

### मुठभेड़ जारी, 2 जवान घायल





### हवलदार शहीद, दो जवान घायल

इस घटना के बाद उधमपुर के डूडू बसंतगढ़ में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच गोलीबारी हुई थी। मुठभेड़ में सेना का हवलदार शहीद हो गया था। वहीं शुक्रवार को हुई मुठभेड़ में दो सुरक्षा कर्मी घायल हो गए जो एक वरिष्ठ अधिकारी की सुरक्षा टीम में शामिल थे। एलजी मनोज सिन्हा ने शहीद हवलदार झंटू अली शेख को श्रद्धांजलि दी है।

### बीएलए ने मारे 10 पाकिस्तानी सैनिक

लाहौर। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा में बलूच लिबरेशन आर्मी के हमले में 10 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई। रिपोर्ट मुताबिक क्वेटा से लगभग 30 किमी मार्गट चौकी के पास सैन्य काफिले को निशाना बनाया गया। बीएलए ने कहा कि उसके फ्रीडम फाइटर्स ने पाकिस्तानी सेना के काफिले को निशाना बनाया। यह हमला उनकी आजादी की लड़ाई का हिस्सा है। दुश्मन के खिलाफ हमारा ऑपरेशन आने वाले दिनों में और तेजी से जारी रहेगा।



### घाटी में सेना प्रमुख

वहीं सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी श्रीनगर पहुंचे और बांदीपुरा ऑपरेशन पर ब्रीफिंग ली। उन्होंने हमले के पीछे लश्कर के आतंकियों की तलाश में चल रहे ऑपरेशनों की प्रगति की समीक्षा की। जनरल द्विवेदी के दौरे को घाटी में आतंकवाद के खिलाफ चल रहे अभियानों के लिए बड़ी रणनीतिक कड़ी माना जा रहा है।



### राहुल पहुंचे श्रीनगर

श्रीनगर। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अनंतनाग में हुए हमले के बाद श्रीनगर पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मुलाकात की और उनसे पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के मामले पर चर्चा की। राहुल यहां सेना के अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने घायल पर्यटकों से बातचीत की।

---

# वक्फ संशोधन विधेयक से किसी के अधिकारों का उल्लंघन नहीं होता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

वक्फ संशोधन विधेयक का बचाव करते हुए केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपना हलफनामा दाखिल किया है। केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने वक्फ अधिनियम को संवैधानिक बताया और कहा कि इससे किसी तरह के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं होता है। सरकार ने कहा कि इस कानून में बदलाव का मुख्य उद्देश्य 'वक्फ बाय यूजर' प्रावधान के दुरुपयोग को रोकना था।



- सुप्रीम कोर्ट में केंद्र का हलफनामा

### अंतरिम रोक हटाने की मांग

वक्फ कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं के जवाब में केंद्र सरकार ने कहा कि पिछले 100 वर्षों से 'उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ' को केवल पंजीकरण के आधार पर मान्यता दी गई है, ना कि मौखिक रूप से। केंद्र ने पीठ से कहा कि इसलिए, संशोधन निरंतर अभ्यास के अनुरूप किया गया है।

### वक्फ बोर्ड कोई धार्मिक संस्था नहीं: केंद्र

सरकार ने अपने हलफनामे में आरोप लगाया कि इस कानून को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ता अदालत को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। जवाब में यह भी बताया गया कि वक्फ बोर्ड कोई धार्मिक संस्था नहीं है और इसमें 22 सदस्यों में से दो गैर-मुस्लिम सदस्य हो सकते हैं, जो समावेशी प्रतिनिधित्व को दर्शाता है।







## चिंतन

# आतंकवाद के खिलाफ हो वैश्विक एक्शन का ऐलान

आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक स्तर पर एकजुट होकर लड़ने की जरूरत है, केवल सामूहिक निंदा से बात नहीं बनेगी। पहलगाम में जिस बर्बरता से टार्गेटेड आतंकी हमला हुआ है और बेकसूर सैलानियों को सिर में गोली मारकर मौत के घाट उतारा गया है, वह बिना सुनियोजित साजिश व ट्रेनिंग संभव ही नहीं है। हमलावर आतंकवादी फौजी तरीके से प्रशिक्षित थे और अत्याधुनिक हथियारों से लैस थे। प्रारंभिक जांच में पहलगाम आतंकी हमले की साजिश के तार पाकिस्तान से जुड़ते दिख रहे हैं, अतीत में अनेक आतंकी हमलों में पाकिस्तान का हाथ रहा है। भारत ने विश्व के सामने आतंकवाद के प्रायोजक पाकिस्तान की संलिप्तता के सबूत अनेक बार दिए हैं। संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका व यूरोप ने अनेक पाक आतंकी को ग्लोबल टेररिस्ट घोषित कर रखा है, वे आज भी पाक में हैं। फ्रांस स्थित एफएटीएफ (फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स) ने टेरर फंडिंग को लेकर पाकिस्तान को कई बार ब्लैकलिस्ट किया है व ग्रे लिस्ट में डाला है। इसलिए दुनिया के सामने साफ है कि दुनिया में कौन देश आतंकवाद को पाल-पोस रहा है, कौन भारत के खिलाफ आतंकवाद कर रहा है? संयुक्त राष्ट्र ने देर से ही सही पर यथार्थ कहा है कि विश्व को पहलगाम जैसे आतंकवाद की सार्वजनिक रूप से निंदा करनी चाहिए और नागरिकों को निशाना बनाना अस्वीकार्य है। लेकिन बड़ा सवाल है कि संयुक्त राष्ट्र ने आतंकवाद के वैश्विक रूप को स्वीकार करने में ही बहुत देर की, यहां तक कि इसे परिभाषित तक नहीं कर सका है। संयुक्त राष्ट्र ने तब तक आतंकवाद को ग्लोबल खतरा नहीं माना जब तक कि अमेरिका में 9/11 नहीं हो गया व यूरोप अनेक बार लहूलुहान नहीं हो गया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा है कि 'भारत और पाकिस्तान के बीच की स्थिति पर 'बहुत बारीकी से और बहुत चिंता के साथ' नजर रख रहे हैं। इस तरह के बयान से साफ है कि आतंकवाद पर यूएन के रुख में अभी भी स्पष्टता नहीं है। वह पाकिस्तान की गतिविधियों को करीब से नहीं देख रहा है। असल में संयुक्त राष्ट्र अगर आतंकवाद के वैश्विक खतरे के प्रति सजग है, तो इस वैश्विक संस्था को चाहिए कि वह दहशतगर्द में लिप्त देश को आतंकवादी देश घोषित करे। इजराइल ने हमास के आतंकवाद को झेला और दुनिया ने देखा कि किस तरह से हमास के आतंकियों ने बेकसूर इजराइलियों की हत्या की, ठीक पहलगाम में आतंकी हमले की तरह। उस वक्त भी संयुक्त राष्ट्र ने एक वैश्विक संस्था के नाते आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का सार्वजनिक आह्वान नहीं किया। इजराइल ईरान प्रायोजित आतंकवाद हमास, हिजबुल्ला और हूती के हमलों का सामना लंबे समय से कर रहा है। विश्व में इस्लामिक स्टेट, अलकायदा, अल शबाब, हमास, हूती, हिजबुल्ला, तालिबान, टीटीपी, हिज्बुल, लश्कर, जैश जैसे सैकड़ों आतंकी गुट हैं, जिनके बारे में व्यापक जानकारी संयुक्त राष्ट्र के सामने है, लेकिन इन टेरर गुटों के खात्मे के लिए यूएन की तरफ से कभी भी सामूहिक आह्वान देखने को नहीं मिला है। यह वक्त आंसू बहाने या सहानुभूति जताने का नहीं है, आतंकवाद व आतंकी गुटों के खिलाफ वैश्विक एक्शन का है। इसमें संयुक्त राष्ट्र को अगुवाई करना चाहिए। अमेरिका, यूरोप, चीन, रूस जैसे ताकतवर देशों को यूएन की छतरी के नीचे आतंकवाद के खात्मे के लिए एक मंच पर आना चाहिए। भारत आतंकवाद के खिलाफ मुश्तैदी से लड़ रहा है, पहलगाम हमले के गुनहगारों व साजिशकर्ताओं को नहीं बख्शेगा।



## प्रतिक्रिया
अरविंद जयतिलक

# सिंधु जल संधि पर भारत का कड़ा रुख

गौर करें तो 1960 के सिंधु जल समझौते के तहत भारत अपने हिस्से का पूरा पानी इस्तेमाल नहीं कर पा रहा है। भारत जब भी अपने हिस्से का जल इस्तेमाल करने की कोशिश करता है, पाकिस्तान रुकावट पैदा करने की कोशिश करता है। याद होगा वर्ष 2015 में पाकिस्तान ने भारत की किशनगंगा और पन बिजली परियोजनाओं को लेकर कड़ी आपत्ति जतायी थी और आपत्तियों को मध्यस्तता अदालत में ले जाने का प्रस्ताव किया था। अब भारत का स्पष्ट रुख है कि पाकिस्तान जब तक आतंकवाद को प्रश्रय देने से बाज नहीं आता है तब तक उसे भारत सिंधु जल समझौते के स्थगित होने का दर्द सहना पड़ेगा।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम हमले के तुरंत बाद भारत ने पाकिस्तान पर शिकंजा कसते हुए 1960 की सिंधु जल संधि को तुरंत प्रभाव से स्थगित कर दिया है। भारत का यह कड़ा रुख इसलिए भी आवश्यक था कि आतंकवाद को प्रश्रय देने के मामले में पाकिस्तान अपने रुख से बाज आने को तैयार नहीं है। वैसे भी गौर करें तो 1960 के सिंधु जल समझौते के तहत भारत अपने हिस्से का पूरा पानी इस्तेमाल नहीं कर पा रहा है। भारत जब भी अपने हिस्से का जल इस्तेमाल करने की कोशिश करता है, पाकिस्तान रुकावट पैदा करने की कोशिश करता है। याद होगा वर्ष 2015 में पाकिस्तान ने भारत की किशनगंगा और पन बिजली परियोजनाओं को लेकर कड़ी आपत्ति जतायी थी और आपत्तियों को मध्यस्तता अदालत में ले जाने का प्रस्ताव किया था। अब भारत का स्पष्ट रुख है कि पाकिस्तान जब तक आतंकवाद को प्रश्रय देने से बाज नहीं आता है तब तक उसे भारत सिंधु जल समझौते के स्थगित होने का दर्द सहना पड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि सिंधु जल समझौते के मुताबिक सतलुज, ब्यास और रावी नदी का पानी भारत को मिला है जबकि चेनाव, झेलम और सिंधु नदी का पानी पाकिस्तान के हिस्से में है। इन नदियों के कुल 16.8 करोड़ एकड़-फुट पानी में से भारत को उसके लिए आवंटित तीनों नदियों से 3.3 करोड़ एकड़-फुट पानी मिलता है, जो कुल जल का 20 प्रतिशत है। भारत अपने हिस्से का करीब 93-94 प्रतिशत पानी उपयोग करता है और शेष पानी बहकर पाकिस्तान में चला जाता है। भारत अपने हिस्से के जल का इस्तेमाल करने के लिए पंजाब के शाहपुर कांडी बांध परियोजना, सतलुज-ब्यास की दूसरी लिंक परियोजना और जम्मू-कश्मीर में प्रस्तावित उज्ज बांध परियोजना को जल्द पूरा करने की कोशिश में है। अगर ये तीन परियोजनाएं पूरी हो जाती हैं तो भारत अपने हिस्से के जल का पूरा उपयोग करने लगेगा और पाकिस्तान को अतिरिक्त जल मिलना मुश्किल हो जाएगा। सिंधु दुनिया की सबसे बड़ी नदियों में से है और इसकी लंबाई तकरीबन 3000 किलोमीटर से भी अधिक है। पाकिस्तान ने सिंचाई एवं अन्य कार्यों में जल के उपयोग के लिए इस पर कई बांध बना रखे हैं जिससे बड़े पैमाने पर बिजली का उत्पादन होता है। पाकिस्तान की 2.6 करोड़ एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई इन नदियों के जल पर ही निर्भर है। सिंधु जल संधि सद्भावना पर आधारित है। यह जल संधि आधुनिक विश्व के इतिहास का सबसे उदार जल बंटवारा संधि है और यह भारत के उदार रवैए के कारण ही संभव हुआ। जानना जरूरी है कि विश्व बैंक की मध्यस्थता से ही 19 सितंबर 1960 को भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु जल संधि को आकार दिया गया। सिंधु जल संधि समझने के लिए दो बातों पर विशेष ध्यान देना होगा। एक, यह कि सिंधु नदियों की व्यवस्था राजनीतिक विभाजन की दृष्टि से नहीं बनायी गयी थी। इसीलिए भौगोलिक दृष्टि से विभाजन के उपरांत पाकिस्तान को 18 मिलियन एकड़ भूमि सिंचाई योग्य मिली और भारत को 5 मिलियन एकड़ सिंचाई वाली भूमि उपलब्ध हुई। तब सिंधु नदी क्षेत्र में भारत की 20 मिलियन जनसंख्या रहती थी जबकि पाकिस्तान की इस प्रकार की आबादी 22 मिलियन थी। दूसरा, यह कि इस सिंधु नदी क्षेत्र में कुल



सात नदियां सम्मिलित थी जिसमें से सिंधु स्वयं पश्चिम में थी तथा काबुल एवं उसकी पांच सहायक नदियां-झेलम, चिनाब, रावी, सतलुज और व्यास पूर्व में स्थित थी। इनमें से काबुल को छोड़ सिंधु, झेलम और चिनाब मुख्य रूप से पाकिस्तान में बहती हैं तथा ये सिंधु क्षेत्र में लगभग 80 फीसद पानी को बहा ले जाती हैं। दूसरी ओर रावी व सतलुज मुख्य रूप से तथा ब्यास पूर्ण रूप से भारत में बहती हैं। संधि के मुताबिक भारत को इन छह नदियों का 80 फीसद जल पाकिस्तान को देना पड़ता है जबकि भारत के हिस्से में सिर्फ 19.48 फीसद पानी आता है। उल्लेखनीय है कि पंजाब के राजनीतिक विभाजन के कारण नहरी पानी विवाद सतह पर उभरा। यह विवाद 1 अप्रैल, 1948 को तब उभरा जब भारत के पंजाब प्रांत को सरकार ने पानी की रकम अदायगी न करने के कारण पाकिस्तान जाने वाला पानी रोक दिया। परंतु दोनों सरकारों ने इसे कानूनी मुद्दा न बनाते हुए द्विपक्षीय स्तर पर 4 मई, 1948 को हुए समझौते के अंतर्गत हल कर लिया। लेकिन कुछ समय बाद फिर विवाद उत्पन्न हो गया। पाकिस्तान ने आरोप लगाया कि भारत उसे पानी की उचित मात्रा नहीं दे रहा है। दूसरी ओर भारत ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान अपने पंजाब प्रांत के विकास हेतु अपने साधनों के द्वारा वैकल्पिक स्रोत नहीं तलाश रहा है। यहां जानना जरूरी है कि ये नहरें आर्थिक दृष्टिकोण से उस समय बनायी गयी थी जब भारत के विभाजन का विचार किसी की सोच में नहीं था। लेकिन भारत विभाजन के उपरांत नहरों के पानी का असंतुलित विभाजन उभरकर सामने आ गया। ध्यान देना होगा कि पंजाब की पांचों नदियों में से सतलुज और रावी दोनों देशों के मध्य से बहती हैं। झेलम और चिनाब पाकिस्तान के मध्य से और व्यास पूर्णतया भारत में बहती है। किंतु भारत विभाजन के उपरांत भारत के नियंत्रण में वे तीनों मुख्यालय आ गए जिनसे दोनों देशों की नहरों को पानी की आपूर्ति की जाती थी। पाकिस्तान के पंजाब और सिंध प्रांत सिंचाई के लिए इन नहरों पर आश्रित हैं।

विभाजन के उपरांत पाकिस्तान के मन में आशंका उपजी कि भारत जब चाहे तब पानी बंद करके उसे भूखों मार सकता है। लिहाजा उसने विभाजन के बाद नहरी पानी को लेकर विवाद शुरू कर दिया। इसी संदर्भ में अमेरिका के एक विशिष्ट विशेषज्ञ डेविड लिलियेन्थल ने 1951 में भारत का दौरा करके बताया कि सिंधु नदी जल का 20 फीसद से भी कम भाग प्रयोग में लाया गया है तथा इस नदी के संग्रह क्षेत्र में से गुजरता हुआ छह नदियों का यह पानी बिना प्रयोग किए ही अरब सागर में गिर जाता है। लिहाजा उन्होंने दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए दोनों देशों को सलाह दी कि वे इस समस्या को राजनीतिक स्तर से हटाकर तकनीकी एवं व्यापारिक स्तर पर सुलझाने का प्रयास करें। इसके लिए उसने विश्व बैंक से मदद लेने की सिफारिश की। इस संदर्भ में सितंबर 1951 में विश्व बैंक के अध्यक्ष यूजीन ब्लेक ने मध्यस्थता करना स्वीकार कर लिया लेकिन पाकिस्तान ने कुछ आपत्तियां जतायी। बावजूद इसके यूजीन ब्लेक और उसके बाद मिस्टर इल्कि के सहयोग से वर्षों तक बातचीत चलने के उपरांत 19 सितंबर, 1960 को भारत और पाकिस्तान के बीच जल के सवाल पर एक समझौता हो गया। इस समझौते को सिंधु जल संधि नाम दिया गया। इस समझौते पर भारत के प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु और पाकिस्तानी राष्ट्रपति अयूब खान ने हस्ताक्षर किए। 12 जनवरी 1961 को इस संधि की शर्तें लागू कर दी गयी और इस प्रकार दोनों देशों के बीच विवाद का अंत हो गया। लेकिन इस योजना के अनुसार भारत को केवल इस क्षेत्र में बहने वाले पानी का कुल 20 फीसद ही प्राप्त हुआ जो इसकी सिंचाई योग्य 26 मिलियन एकड़ भूमि के लिए पर्याप्त नहीं है। इस समझौते से भारत को नुकसान हो रहा है।

(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## जल समझौता
मुनीष भाटिया



# सिंधु जल पर विराम, पाक प्रायोजित आतंक पर प्रहार

पहलगाम के आतंकवादी हमले में पाकिस्तान के हाथ होने के मद्देनजर भारत ने सिंधु जल समझौते को स्थगित करने का निर्णय लिया। यह हमला, जिसमें पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों द्वारा भारतीय सुरक्षा बलों पर हमला किया गया था, भारत-पाकिस्तान संबंधों में तनाव को और बढ़ा दिया है। भारत ने पर्यटकों पर हमले को पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद का एक और प्रयास माना और इसके परिणामस्वरूप, सिंधु जल समझौते के तहत पाकिस्तान को मिलने वाले जल संसाधनों पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता महसूस की। इस निर्णय से भारत ने पाकिस्तान को यह संदेश दिया कि आतंकवाद और हिंसा के माध्यम से शांति की कोई उम्मीद नहीं की जा सकती। भारतीय सरकार ने यह स्पष्ट किया कि यदि पाकिस्तान ने अपनी नीतियों में बदलाव नहीं किया और शांति की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए, तो भारत को अपने जल संसाधनों के उपयोग में बदलाव करने का पूरा अधिकार है। सिंधु जल संधि भारत और पाकिस्तान के बीच 1960 में हुई एक ऐतिहासिक जल बंटवारा संधि है, जिसे विश्व बैंक की मध्यस्थता में भारत के प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान ने हस्ताक्षरित किया था। यह संधि सिन्धु नदी प्रणाली की छह नदियों सिन्धु, झेलम, चिनाब, रावी, व्यास और सतलुज के जल बंटवारे से संबंधित है। संधि के अनुसार, भारत को पूर्वी नदियों (रावी, व्यास, सतलज) के जल पर पूर्ण अधिकार मिला, जबकि पाकिस्तान को पश्चिमी नदियों (सिंधु, झेलम, चिनाब) का प्रमुख उपयोग करने का अधिकार दिया गया। सिंधु जल संधि के तहत, छह प्रमुख नदियों सिन्धु, झेलम, चिनाब, रावी, व्यास, और सतलुज के जल का बंटवारा किया गया।

संधि के अनुसार, भारत को पूर्वी नदियां (रावी, व्यास, और सतलुज) मिलीं, जो कुल जल का 62% हिस्सा हैं। इसके विपरीत, पाकिस्तान को पश्चिमी नदियाँ (सिंधु, झेलम, और चिनाब) मिलीं, जिनका कुल जल बंटवारा 38 फीसदी था। भारत को इन पश्चिमी नदियों के जल का सीमित उपयोग करने की अनुमति थी, विशेष रूप से पनबिजली परियोजनाओं और सिंचाई के लिए। यह बंटवारा दोनों देशों के बीच जल उपयोग के विवादों को शांतिपूर्ण तरीके से हल करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम था, और यह संधि अब तक एक सफल और स्थायी जल समझौते के रूप में मानी जाती है। संधि में जल विवादों के समाधान के लिए एक स्थायी आयोग और अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता की व्यवस्था की गई है। सिंधु जल संधि का उल्लंघन द्विपक्षीय तनाव बढ़ा सकता है और राजनीतिक विवाद उत्पन्न कर सकता है। यदि कोई पक्ष संधि के नियमों का उल्लंघन करता है, तो दूसरे देश की जल आपूर्ति, कृषि और पनबिजली उत्पादन पर गंभीर असर पड़ सकता है, विशेषकर पाकिस्तान जैसे देश के लिए जो सिंधु नदी प्रणाली पर अत्यधिक निर्भर है। इससे अंतरराष्ट्रीय विवाद और आरोप-प्रत्यारोप बढ़ सकते हैं, और युद्ध जैसी स्थिति की धमकी तो पाकिस्तान दे ही रहा है। जब पाकिस्तान बार-बार आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देता है, तब यह सवाल उठता है कि भारत क्यों सिंधु जल संधि जैसे समझौतों का पालन करता रहे। भारत का संयम उसकी परिपक्वता, लोकतांत्रिक मूल्यों और वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रतीक है, लेकिन यह भी सच है कि पाकिस्तान को शांति की जिम्मेदारी समान रूप से निभानी होगी। भारत के पास सिंधु जल संधि के प्रावधानों की समीक्षा करने का विकल्प है, और वह पश्चिमी नदियों के जल का पूर्ण और वैध उपयोग कर सकता है, जिससे पाकिस्तान पर दबाव डाला जा सकता है। भारत की छवि केवल उसके शांतिपूर्ण रवैये से नहीं, बल्कि उसके संप्रभु हितों की रक्षा करने की क्षमता से बनती है। समय आ गया है कि भारत इस संधि की समीक्षा करते हुए यह सुनिश्चित करे कि शांति की जिम्मेदारी दोनों देशों पर समान रूप से हो, सिर्फ भारत पर नहीं। यदि भारत पश्चिमी नदियों का जल संचय करना चाहता है, तो उसे बड़े बांधों और जलाशयों का निर्माण करना होगा। इसके अलावा, पानी के वितरण के लिए नहर प्रणालियों और सुरंगों का नेटवर्क बनाना होगा। जल प्रबंधन के दौरान पर्यावरणीय प्रभावों का भी ध्यान रखना होगा। हालांकि, भारत के पास जल के लिए प्राकृतिक संसाधन हैं, लेकिन जल प्रबंधन की स्मार्ट प्रौद्योगिकियों और नदी प्रणालियों का संचालन आवश्यक होगा। इस प्रकार, भारत को जल का संतुलित और कुशल उपयोग करना होगा ताकि न केवल पानी का संचय किया जा सके, बल्कि भविष्य में जल संकट की स्थिति से भी बचाव हो सके।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# संघर्ष से आती है जीवंतता



संकलित
## दर्शन

साधना संसार में है, जंगल में तो साधना का सवाल ही नहीं है। साधना यहां है, जहां प्रतिपल कांटे हैं। कांटों के बीच जिस दिन तुम चलना सीख लो और कांटों के बीच तो चलो और कांटे चुभें न, बस उसी दिन समझ लेना कि अब तुम योग्य हो गए। जंगल जाने की जरूरत भी क्या है। यहीं भीड़ में जंगल हो गया है, अगर तुम्हारे भीतर प्रौढ़ता आ जाए, तो प्रज्ञा का जन्म हो। प्रज्ञा का जन्म संघर्षण से होता है। प्रतिपल जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करने से होता है। हारने, गिरने, उठने से होता है। हजार बार गाली दी जाएगी, तुम क्रोधित हो जाओगे। हजार बार के अनुभव से तुम्हें समझ में आ जाएगा कि अपने को जलाना व्यर्थ है। गाली कोई दूसरा दे रहा है, दंड अपने को देना व्यर्थ है। एक दिन तो ऐसा आएगा कि कोई दूसरा गाली देगा और तुम्हारे भीतर क्रोध न आएगा। उसी दिन तुम्हारे भीतर एक कांटा फूल बन गया। उस दिन तुम्हें जो शांति मिलेगी, कोई जंगल नहीं दे सकता। जंगल की शांति मुर्दा है। अगर यहां गालियों के बीच तुम शांत हो गए, तो तुम्हारी शांति में एक जीवंतता होगी। जंगल की शांति में सन्नाटा है, क्योंकि वहां कोई है ही नहीं। वह नकारात्मक है। संसार में अगर तुम शांत हो जाओ तो सकारात्मक है। जंगल की शांति मरने जैसी है, संसार की शांति बड़ी जीवंत है। परमात्मा को पाना है, तो भागना मत। भगोड़ों से परमात्मा का कभी कोई संबंध नहीं जुड़ता। कायरों से संबंध जुड़ भी कैसे सकता है? चुनौती स्वीकार करने वाला साहस चाहिए। माना कि साहस में गिरना भी होता है, चोट भी खानी होती है, लेकिन वही एकमात्र मार्ग है।

# महिला के शुभ कदम



संकलित
## प्रेरणा

एक आदमी ने दुकानदार से पूछाः केले और सेवफल क्या भाव लगाऐ है? दुकानदारः केले 20 रु. दर्जन और सेव 100 रु. किलो। उसी समय एक गरीब सी औरत दुकान में आयी और बोली मुझे एक किलो सेव और एक दर्जन केले चाहिए, क्या भाव है? भैया दुकानदारः केले 5 रु दर्जन और सेब 25 रु किलो। औरत ने कहाः जल्दी से दे दीजिए। दुकान में पहले से मौजूद ग्राहक ने खा जाने वाली निगाहों से घूरकर दुकानदार को देखा, इससे पहले कि वो कुछ कहता, दुकानदार ने ग्राहक को इशारा करते हुए थोड़ा सा इंतजार करने को कहा। औरत खुशी खुशी खरीदारी करके दुकान से निकलते हुए बड़बड़ाई हे भगवान तेरा लाख लाख शुक्र है, मेरे बच्चे फलों को खाकर बहुत खुश होंगे। औरत के जाने के बाद, दुकानदार ने पहले से मौजूद ग्राहक की तरफ देखते हुए कहाः ईश्वर गवाह है, भाई साहब मैंने आपको कोई धोखा देने की कोशिश नहीं की। यह विधवा महिला है, जो चार अनाथ बच्चों की मां है। किसी से भी किसी तरह की मदद लेने को तैयार नहीं है। मैंने कई बार कोशिश की है और हर बार नाकामी मिली है। तब मुझे यही तरीकीब सूझी है कि जब कभी ये आए तो, मै उसे कम से कम दाम लगाकर चीज़े देदूँ। मैं यह चाहता हूँ कि उसका भरम बना रहे और उसे लगे कि वह किसी की मोहताज नहीं है। इस तरह भगवान के बन्दो की पूजा कर लेता हूँ। थोड़ा रूक कर दुकानदार बोलाः यह औरत हफ्ते में एक बार आती है। भगवान गवाह है, जिस दिन यह आ जाती है उस दिन मेरी बिक्री बढ़ जाती है और उस दिन परमात्मा मुझपर मेहरबान होजाता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मलेरिया भगाने के लिए जनजागरण जरूरी

मलेरिया एक प्राचीन लेकिन अब भी प्रासंगिक बीमारी है, जिसने सदियों से मानव सभ्यता को प्रभावित किया है। यह मुख्य रूप से एनाफिलीज नामक मादा मच्छर के काटने से फैलता है, जो प्लाज्मोडियम परजीवी से संक्रमित होती है। जब यह परजीवी मानव शरीर में प्रवेश करता है तो वह यकृत और रक्त कोशिकाओं में पहुंच कर वहां अपनी संख्या बढ़ाता है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को क्षतिग्रस्त करता है। लोगों को मलेरिया के खतरों और उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन की पहल पर विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। -प्रदीप साहू, भाटापारा


## ट्रेंड

### के. कस्तूरीरंगन को नमन



वैज्ञानिक व शिक्षाविद् डॉ. के. कस्तूरीरंगन जी के निधन से बहुत दुःख हुआ। बहुमुखी प्रतिभा के धनी कस्तूरीरंगन ने इसरो के प्रमुख के रूप में भारत के अंतरिक्ष मिशन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया और शिक्षा, कानून और नीति निर्माण के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### छात्र-छात्राओं को बधाई



10वीं एवं 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई! आप सभी ने अपने अथक परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ निश्चय से यह सफलता प्राप्त की है।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### सर्वदलीय बैठक



शर्मनाक लेकिन अपेक्षित, पहलगाम आतंकी हमले पर सर्वदलीय बैठक में शिवसेना (उबाठा) का एक भी सांसद नहीं आया। जब देश को सुरक्षा पर एक आवाज की जरूरत है, तो रोजाना माइक पर चिल्लाने वाले अचानक चुप हो जाते हैं।
- मिलिंद देवड़ा, सांसद, शिवसेना

### हमलों से स्तब्ध



पहलगाम में निर्दोष लोगों पर हुए हमलों से स्तब्ध और बहुत दुखी हूँ। प्रभावित परिवार एक अकल्पनीय पीड़ा से गुजर रहे होंगे - भारत और दुनिया इस अंधेरे समय में उनके साथ खड़ी है।
-सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर

## करंट अफेयर

# तुर्किये गैलीपोली दिवस में शामिल हुई राजकुमारी

ब्रिटेन की राजकुमारी ऐन, न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन और ऑस्ट्रेलिया की गवर्नर-जनरल सामंथा जॉय मोस्टिन ने 110 साल पहले अपनी जान गंवाने वाले ऑस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड के सैनिकों को प्रथम विश्व युद्ध के युद्धक्षेत्रों के निकट तुर्किये के गैलीपोली प्रायद्वीप में श्रद्धांजलि दी। यह सभा एक समुद्र तट के निकट हुई, जहां ऑस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड सेना कोर या 'एंजैक' के कर्मी 25 अप्रैल, 1915 को भोर में पहली बार गैलीपोली में उतरे थे। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री लक्सन ने युद्ध की मानवीय कीमत और भविष्य में संघर्ष को रोकने के महत्व पर बात की। लक्सन ने कहा, ''एंजैक सैनिक आधी दुनिया पार करके अपने भाइयों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर यहां तट पर आए थे। कुछ घर से दूर रोमांच की उम्मीद में आए थे लेकिन उन्हें रोमांच नहीं बल्कि खौफ का सामना करना पड़ा।'' उन्होंने कहा, ''अगर हम इस अभियान का असली सबक भूल जाते हैं, तो यह उन लोगों के प्रति अन्याय होगा जिनकी वीरता को हम याद करते हैं। हमें यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कोशिश करनी चाहिए कि ऐसा कुछ फिर से न हो।'' यह अभियान ओटोमन साम्राज्य को परास्त करने के ब्रिटिश नेतृत्व वाले प्रयास का हिस्सा था, जो अंततः विफल हो गया था।



## ऑफ बीट

# वायु प्रदूषण कीड़ों के लिए भी जीवन कठिन बना रहे

कीड़े दुनिया की तीन-चौथाई फसल किस्मों को परागित करने में मदद करते हैं, जिससे वे एक कीमती संसाधन बन जाते हैं। लेकिन, हम कीड़ों का जीवन कठिन बना रहे हैं क्योंकि वे जलवायु परिवर्तन, बसावट के अवसरों में कमी और कीटनाशकों के उपयोग के खिलाफ लड़ाई का सामना कर रहे हैं, जिससे दुनिया भर में कीड़ों की आबादी में तेजी से गिरावट आ रही है। अब, हम वायु प्रदूषण के खतरों को भी इस सूची में जोड़ सकते हैं। जब कीड़े दो सामान्य वायु प्रदूषकों के संपर्क में आए, तो परागण करने वाले कीड़ों का फूलों पर आना 90 प्रतिशत तक कम हो गया। जहां हमने ओजोन या डीजल से निकले धुएं को छोड़ा, परागण करने वाले कीड़ों की संख्या में 70 प्रतिशत की कमी आई और समग्र परागण सफलता दर में 31 प्रतिशत तक की कमी आई। कई कीड़े अपनी गंध क्षमता के जरिये फूलों का पता लगाते हैं। जब वे पराग का सेवन करते हैं, तो वे तुरंत फूल की सुगंध को उसके शर्करा प्रतिफल के साथ जोड़ देते हैं। नतीजतन, जब उन्हें बाद में वही खुशबू मिलती है, तो वे किसी अन्य स्वादिष्ट व्यंजन की तलाश में उसे खोजना शुरू कर देते हैं। इस प्रकार, फूल दोहरे उद्देश्य की पूर्ति करते हैं।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

स्काई न्यूज से चर्चा में कहा, अमेरिका के लिए कर रहे यह गंदा काम

# पाक रक्षा मंत्री ने कबूला- 30 सालों से आतंकवाद को पाल-पोस रहे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। इस बीच पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के एक बयान ने सनसनी मचा दी है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अब खुद इस बात को स्वीकार किया है कि उनका देश भारत के खिलाफ आतंकवादियों का समर्थन करता रहा है। न्यूज एजेंसी एएनआई की एक रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी गई है। इसे लेकर एक वीडियो क्लिप भी वायरल हुई है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ब्रिटेन के स्काई न्यूज की यल्दा हकीम से बातचीत कर रहे हैं, जब वह उनसे पूछती हैं, 'क्या आप स्वीकार करते हैं कि पाकिस्तान का आतंकी संगठनों को समर्थन देने, ट्रेनिंग देने और फंडिंग का लंबा इतिहास रहा है?' जवाब में आसिफ ने सनसनीखेज कबूलनामे में कहा, 'हां, हम पिछले तीन दशकों से अमेरिका और पश्चिम, जिसमें ब्रिटेन भी शामिल है, के लिए यह गंदा काम करते आ रहे हैं।'

## पहलगाम हमले के बाद चरम पर है बार्डर में तनाव

## चालाकी से अपने नापाक मंसूबों का ठीकरा कहीं और फोड़ा पाक ने




### ...तो पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग होता

*ख्वाजा आसिफ अपने जवाब में कहा, 'अगर हम सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में और बाद में 9/11 के बाद के युद्ध में शामिल नहीं होते, तो पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग होता।' एएनआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि ख्वाजा आसिफ के बयान से यह बात साफ हो जाती है कि पाकिस्तान कई वर्षों से आतंकी समूहों को पनाह दे रहा है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के इस कबूलनामे से वहां के लोग बिल्कुल भी खुश नहीं हैं। लोग उनके बयान को शर्मनाक बता रहे हैं।*

### आतंकवाद का पनाहगार है पाकिस्तान

भारत तो वैश्विक मंच पर हमेशा से ये दावा करता रहा है कि पाकिस्तान सरकार आतंकियों को समर्थन देती है। अब वहां के रक्षा मंत्री के कबूलनामे ने इस बात पर पक्की मुहर लगा दी है। हालांकि उन्होंने बहुत ही चालाकी से अपने नापाक मंसूबों का ठीकरा अमेरिका और ब्रिटेन समेत अन्य पश्चिमी देशों पर फोड़ दिया। उन्होंने कहा कि अमेरिका और पश्चमी देशों के लिए पाकिस्तान ने आतंकी संगठनों को समर्थन दिया। इसके वह अपनी रणनीति का हिस्सा बता रहे हैं।

राहुल पर भड़का सुप्रीम कोर्ट

# सावरकर पर अब कुछ कहा तो भुगतेंगे परिणाम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने विनायक दामोदर सावरकर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को राहत दी है, लेकिन कड़ी फटकार भी लगाई है। शीर्ष न्यायालय ने राहुल गांधी की वीर सावरकर पर टिप्पणी को गैरजिम्मेदाराना बताया। कोर्ट ने कहा कि उन्होंने हमें आजादी दिलाई, लेकिन आप उनके साथ ऐसा व्यवहार कर रहे हैं। हालांकि कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें इस कथित टिप्पणी के लिए जारी समन को रद्द करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने वीर सावरकर पर कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर राहुल गांधी को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि उन्होंने हमें आजादी दिलाई। हम स्वतंत्रता सेनानियों के खिलाफ किसी भी बयान की इजाजत नहीं दे सकते हैं। इस बार सावरकर हैं, तो अगली बार कोई महात्मा गांधी पर टिप्पणी करेगा कि अंग्रेजों के नौकर थे। कोर्ट ने आगे कहा कि महात्मा गांधी ने सावरकर को सम्मान दिया था।





## प्राइवेट एयरक्राफ्ट से विदेश भागा पाक आर्मी चीफ असीम का परिवार



**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के एक्शन से पाकिस्तान की सेना दहशत में है। पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर ने परिवार को विदेश भेज दिया है। सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तान सेना के कई ऑफिसर ने अपने परिवारों को प्राइवेट एयरक्राफ्ट से ब्रिटेन और न्यू जर्सी भेजा है। पहलगाम आतंकी हमले के 48 घंटे के भीतर भारत ने अरब सागर में दुश्मनों को कड़ा संदेश देते हुए गुरुवार (24 अप्रैल 2025) को जंगी जहाज आईएनएस सूरत से मिसाइल परीक्षण किया। भारतीय नौसेना के युद्धपोत ने मिसाइल से समंदर पर एक टारगेट को तबाह किया।







**ORRA Bilaspur:** Shop No. 1, Chawla Square. Opp. Sai Mandir, Near Rama Magneto Mall, Chhattisgarh, Mob: +91 9967302216

**ORRA Raipur:** Jivan Bima Marg, Near Atal Express Way, Pandri Raipur, Chhattisgarh, +91 9967649506

UP TO ₹3,000 CASHBACK* SBI card

*Min. Trxn.: ₹50,000; Max. Cashback: Up to ₹3,000 per card account; Validity: 22 Apr - 01 May 2025. T&C Apply.

Shop at **www.orra.co.in** | **Toll free: 1800-266-1888** | **97** exclusive showrooms in **40** cities

# प्रदीप कुर्बाह को मिला मास्को में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का अवॉर्ड



**मुंबई।** राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता और फिल्म निर्माता प्रदीप कुर्बाह ने 47वें मास्को अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में दो बड़े अवॉड्र्स जीते हैं। उनकी फिल्म 'हा लिंग्खा बेनग' ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता और कुर्बाह को खुद सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला। अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि ये पुरस्कार नेटवर्क फॉर प्रमोशन ऑफ एशियन सिनेमा (एनईटीपीएसी) की तरफ से दिए गए। मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के. संगमा ने निर्देशक कुर्बाह को इस कामयाबी के लिए बधाई दी है। कुर्बाह की में तारीफ मुख्यमंत्री ने कहा कि रूस में कुर्बाह की कामयाबी मेघालय के सभी लोगों के लिए फख्र की बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने फिल्म के लिए कुर्बाह को 30 लाख रुपए की मदद दी है। अवॉर्ड हासिल करने के बाद प्रतिक्रिया देते हुए, कुर्बाह ने इंस्टाग्राम पोस्ट में अपनी खुशी का इजहार किया। उन्होंने लिखा 'मैं अभिभूत, विनम्र और कृतज्ञता से भरा हुआ हूं।

**श्री श्री रविशंकर का रोल करेंगे विक्रांत मैसी : मुंबई।** अपनी पिछली फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' में विक्रांत मैसी ने एक पत्रकार की भूमिका निभाई थी। अब उनकी अगली फिल्म की अनाउंसमेंट हो गई है। इस फिल्म में वो आध्यात्म का रास्ता अपनाकर, शांति का पाठ पढ़ाते दिखेंगे। खास बात यह है कि अपनी अगली फिल्म में विक्रांत आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर का किरदार निभाते नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है और उनके फैंस को उनका एक नया अंदाज देखने को मिलेगा। विक्रांत मैसी अभिनीत इस अंतरराष्ट्रीय फिल्म का नाम है 'व्हाइट', जिसे मोंटू बस्सी द्वारा निर्देशित किया जा रहा है। इस फिल्म की शूटिंग की तैयारियां कोलंबिया में चल रही है।

डॉ. वाशानी दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुन: लगा दें।

# इन किरदारों में खूब जमाया रंग

एजेंसी ⏭ मुंबई



पत्रलेखा अभिनीत फिल्म 'फुले' तमाम विवादों के बाद शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म में अभिनेत्री ने समाज सुधारक और क्रांतिकारी सावित्रीबाई फुले की भूमिका निभाई है। इस फिल्म से पहले भी पत्रलेखा ने अपनी फिल्मों में ऐसे रोल किए, जिन्होंने दर्शकों का दिल जीत लिया था। जानिए उन फिल्मों के नाम। साल 2014 में पत्रलेखा ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था। उनकी पहली फिल्म का नाम था 'सिटीलाइट्स', जिसे हंसल मेहता द्वारा निर्देशित किया गया था। इस फिल्म में अभिनेत्री एक ग्रामीण महिला के किरदार में नजर आईं थीं, जो मुंबई में परिस्थितियों से लड़ती हैं और अपने परिवार को संभालती हैं। फिल्म में पत्रलेखा के अलावा राजकुमार राव भी मुख्य भूमिका में हैं। विक्रम भट्ट के निर्देशन में बनी फिल्म 'लव गेम्स', साल 2016 में रिलीज हुई थी। यह एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म में अभिनेत्री ने डार्क भूमिका अदा की है, जो अपने पिछले अनुभवों के कारण टूट चुकी हैं।

अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बनी 'आईसी 814 द कंधार हाईजैक' वेब सीरीज, साल 2024 में रिलीज हुई थी। इस सीरीज की कहानी साल 1999 में हुए इंडियन एयरलाइंस फ्लाइट 814 के हाईजैक पर आधारित है। इसमें अभिनेत्री पत्रलेखा ने इद्रानी नाम के एयर होस्टेस की भूमिका निभाई है। इस वेब सीरीज में पत्रलेखा के अलावा विजय वर्मा भी मुख्य भूमिका में हैं। साल 2019 में अश्विन शेट्टी के निर्देशन में पत्रेलखा अभिनीत फिल्म 'बदनाम गली' बनी। यह एक ड्रामा कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म में अभिनेत्री ने एक प्रेग्नेंट महिला की भूमिका निभाई है, जो एक मजबूत और आत्मनिर्भर महिला हैं। इस फिल्म में पत्रलेखा के अलावा दिव्येंदु शर्मा मुख्य भूमिका में हैं।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झाईं, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दाश M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं: पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं: मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत नि:शुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक सेवाएं • मुहांसे • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

## कश्मीरी ड्रेस में दिख रही एक्ट्रेस को था सलमान पर क्रश



**नई दिल्ली।** पूनम ढिल्लों ने यश चोपड़ा की फिल्म त्रिशूल से डेब्यू किया था। त्रिशूल के बाद से पूनम ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनका करियर आगे बढ़ता चला गया। पूनम ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्होंने सलमान को सलीम खान के घर पर देखा था। उन्होंने कहा था- सलमान मुझसे कुछ साल छोटे थे। मैंने कभी नहीं सोचा था कि वो बड़े स्टार बनेंगे। मैंने प्यार किया के बाद से पूनम को सलमान पर क्रश था। उन्होंने अपने पति से कहा था- सलमान कितना क्यूट है। आज भी पूनम को सलमान का चार्म पसंद है। पूनम ढिल्लों ने अशोक ठकारिया से शादी की थी। दोनों 1988 में शादी के बंधन में बंधे थे। तलाक के बाद पूनम को अनमोल और पलोमा की कस्टडी मिली थी। उन्होंने अपने बच्चों की खुद परवरिश की और कभी दूसरी शादी न करने का फैसला लिया। अब उन्हें शादी पर विश्वास नहीं रहा।

## शब्बीर अहलूवालिया के नए शो का प्रोमो आया सामने

**नई दिल्ली।** कुमकुम भाग्य से फेमस हुए एक्टर शब्बीर अहलूवालिया अपने नए शो के साथ तैयार हैं। वह सोनी सब ने अपने आगामी रोमांटिक कॉमेडी शो 'उफ्फ... ये लव है मुश्किल' में नजर आने वाले हैं, जिसका दिलचस्प टीजर सामने आया है। यह शो ह्यूमर और भावनाओं का ताजा मिश्रण पेश करता है और पारिवारिक जीवन की हलचल के बीच प्यार के परिवर्तनकारी ताकत को दर्शाता है। मेकर्स ने प्रोमो शेयर करते हुए लिखा- सोच की तकरार, ऊपर से दो लड़ते भिड़ते परिवार। देखिए युग और कैरी की अनोखी कहानी उफ्फ ये लव है मुश्किल जल्दी ही सिर्फ।

हरिभूमि क्लासिफाईड
epaper : www.haribhoomi.com
तलाश की नई सुबह
लघु विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 6263818152

Appointment आवश्यकता

सिक्योरिटीगार्ड
आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 50 ऊंचाई 5.5 इंच योग्यता 5वी से 12वीं वेतन 12000 से 19500 तक (ESIC, PF, Bonus और रहना फ्री) खाने की सुविधा दस्तावेज (आधार कार्ड, पेन कार्ड, 10वीं अंकसूची, बैंक पासबुक, 8 पासपोर्ट फोटो) कार्यालय शॉप नं. 08 प्रथम तल, कमला सुपर बाजार, तेलघानी चौक, रायपुर छत्तीसगढ़ फोन 0771-4036689 मों. 9770304037, 8120957510.(RO-7305)

आवश्यकता है- रायगढ़, रायपुर में गार्ड की नौकरी हेतु 5,8,10 पास हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहने, खाने की सुविधा, वेतन 14500 से 19000 तक MO. 8109070600. (RO-7086)

दुकान कार्य
आवश्यकता है- थोक साड़ी एवं रेडीमेड कपड़ा दुकान में काम हेतु लड़के/ लड़कीयों की अनुभवी/बगैर अनुभवी वेतन योग्यतानुसार, केवल स्थानीय व बायोडाटा सहित मिले। महेश फैब्रिक्स ,जैनज्योति काम्प्लेक्स चिकनी मंदिर के पास गोलबाजार रायपुर 9752022866, 9827928290. (Ro- 596)

गोडाऊन कीपर/लेबर
आवश्यकता है- गोडाऊन में कार्य हेतु 1 गोडाउन कीपर और 1 लेबर की। सोना ट्रेडिंग कंपनी, सांता स्वीट्स के पास, भनपुरी बाजार चौक, भनपुरी, रायपुर। संपर्क - 6266694683 (समय - 10 से 6) (RO-548)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

कुक/ड्रायवर
आवश्यकता है- तेलीबांधा के आगे वी. आई. पी. चौक के पास रायपुर में सभी घरेलू कार्य एवं शाकाहारी खाना बनाने हेतु कुक एंव गाड़ी चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। ग्रामीणों को प्राथमिकता। पान, गुटका, तंबाखु या किसी तरह का नशा न करने वाले संपर्क करें 9300593000.(RO-7215)

डिलीवरी बॉय/रिसेप्शन
आवश्यकता है- (गर्ल/ ब्वॉय)1. डिलीवरी बॉय- वेतन 10000/- से 15000/- (अपना दो पहिया वाहन व ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य) 2. रिसेप्शन एवं काउंटर हैंडल हेतु (वेतन 10000/- से 15000/-) कंप्यूटर एवं बिलिंग का ज्ञान होना चाहिए 3. हाउसकीपिंग /सफाई कर्मचारी( 8000/- से 10000/-) अनुभव अनुसार संपर्क करें 9826305358.(RO-7317)

इलेक्ट्रीशियन
आवश्यकता है- इलेक्ट्रीक उपकरण पंखे, आयरन, गीजर, मोटर, मिक्सी, वगैरा सुधारने वाला मिस्त्री वेतन चार अंको में या अनुभव के हिसाब से एस एस डी इलेक्ट्रिक मेन रोड पंडरी रायपुर जीवन बीमा मार्ग 9993455900.(RO-352)

स्वीपर
आवश्यकता है- सफाई कर्मचारी नियुक्तिः चंदखुरी रायपुर कुत्तों के अस्पताल में स्वीपर का झाड़ू लगाना, बर्तन, कपड़े धोने का काम है वेतन रू. 10,000/- खाने रहने की सुविधा. नशेड़ी संपर्क न करें. मो.नं. 7225888800. (RO-6975)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

ऑफिस कार्य
आवश्यकता है- सर्जिकल आफिस में सामान छोडने, लाने हेतु लडको की आवश्यकता है। योग्यता,10 वी, 12 वी,स्वयं की बाईक अनिवार्य संपर्क करे:- रामा मेडिटेक ,गीतांजलि नगर, हाऊस नम्बर - 15/A, रायपुर 7089933233.(RO-572)

शीघ्र आवश्यकता है- जो बाहर रहकर कार्य कर सके अंबिकापुर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के चाहिए। वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना खाना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करें- 9303374409, 8279232601. (Ro-0325)

आवश्यकता है- ऑफिस में कार्य हेतु अविवाहित लडको की उम्र 18-32, 10th, 12th पास जो आगरा, में रह कर काम कर सके वेतन 10,000/- + कमीशन + बोनस , रहना फ्री शीघ्र संपर्क करे - 6395268809, 7252820491.(RO-319)

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 10वी, 12वी, ग्रेजुएट, 18-30वर्ष लड़को की शीघ्र आवश्यकता है जो बाहर रहकर कार्य कर सके। वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना खाना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क करें-7611101122, 7611101133.(RO-328)

सिक्योरिटी/सुपरवाइजर
आवश्यकता है- भारी संख्या में अतिशीघ्र सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार तत्काल सम्पर्क करें- ए1 जीत सिक्युरिटीज प्राइवेट लिमिटेड, मंगला चौक सीएलसी प्लाजा बिलासपुर 7247244800, 07752448013. (RO-37516)

ऑपरेटर/फील्ड कार्य
आवश्यकता है- ऑफिस कार्य करने, कम्प्यूटर आपरेटर एवं फील्ड वर्क के लिए लड़कों की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- ब्लू पावर एनर्जी इंद्रप्रस्थ कॉलोनी सरोना रोड रायपुर 7000370490.(RO-37549)

वेटर
आवश्यकता है- बार में कार्य हेतु अनुभवी वेटर की आवश्यकता है अनुभवी ही संपूर्ण बायोडाटा सहित संपर्क करें। विनार बार एंड रेस्टोरेंट लिंक 1 के के रोड रायपुर - मोबाइल :- 9713577672. (RO-7311)

फील्ड ऑफिसर
आवश्यकता है- रायपुर व सभी तहसील व जिला स्तर पर आयुर्वेदिक दवाई सेल्स फील्ड ऑफिसर -20 पद (1-2 वर्ष अनुभवी) चाहिए स्वयं का वाहन अनिवार्य वेतन चर्चानुसार गीता आयुर्वेदिक अवंती विहार रायपुर मो:- 8878461810, 9399370940. (RO-7310)

दुकान कार्य
आवश्यकता है- होलसेल खिलौना दुकान बंजारी चौक गोल बाजार के पास कार्य हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है संपर्क:- रायपुर 9827918086, 9685688086. (RO-060)

आवश्यकता है- हार्डवेयर दुकान में कार्य करने के लिए आठवीं पास लड़के लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। संपर्क करेः- जैन हार्डवेयर एंड टूल्स, बाम्बे मार्केट, रायपुर, 9229101124.(RO-398)

हरिभूमि क्लासीफाईड

मिल कार्य
आवश्यकता है- तेल मिल में कार्य हेतु लड़के की आवश्यकता है वेतनः 8,000/- 10,000/- प्रतिमाह समयः सुबह 10 से रात 8 तक- मोबाइल/ स्वयं वाहन अनिवार्य संपर्कः 9977067874. (RO-398)

फिल्ड/ड्रायवर/हेल्पर
आवश्यकता है- कोरियर में फिल्डकार्य हेतु बाइकर्स और टाटाएस मेहनती ड्राइवर, हेल्पर, कम्प्यूटरआपरेटर की आवश्यकता है। दरूवे ना आये। जीएमएस कोरियर ए-4, पगारिया काम्प्लेक्स, पुरानाबस स्टैंड, पंडरी रायपुर 9399676408. (RO-34)

कारीगर
आवश्यकता है- कारीगर की आवश्यकता है लोवर बरमुडा वा टी-शर्ट लेडीज व जेंट्स नोट- थोड़ा बहुत भी सिलाई आता है वह भी आ सकता है पुराना बस स्टैंड पंडरी रायपुर मोबाइल- 7647931445, 7024556315.(RO-600)

ड्रायवर
आवश्यकता है- ड्राइवर- ऑटोमेटिक लग्जरी कार हेतु घरेलू गार्ड/ चौकीदार/ पियुन/ कुक घरेलू महिला सभी अनुभवी योग्य व्यक्ति चाहिए रहने रूम उपलब्ध है सम्पर्कः- हीरापुर रायपुर व्हाट्सएप 6266919193.(RO-066)

वार्डन
आवश्यकता है- अनुभवी वार्डन चाहिए। जैन गर्ल्स हॉस्टल पचपेड़ी नाका रायपुर के लिए शाकाहारी, कंप्यूटर की जानकारी 24 घंटे रहने वाली नशा मुक्त महिला वार्डन, रहने खाने की व्यवस्था है। संपर्क करें- 8959906595.(RO-7372)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सिक्योरिटीगार्ड
आवश्यकता है- G.S सिक्योरिटी ,को इन्डस्ट्रियल एरिया भिलाई के लिए सिक्योरिटी गार्ड की, सैलरी 12000 से 14000 रहने की सुविधा फ्री EPF and ESIC लागू, संपर्क करें - 8839341810 & 9993335387.(RO-7315)

मिस्त्री/हेल्पर
आवश्यकता है- फैक्ट्री मेस में खाना मिस्त्री, रोटी मिस्त्री, किचन हेल्पर, खाना देने एवं बर्तन धोने हेतु महिला, पुरुष की आवश्यकता है। रहने खाने की सुविधा फ्री। सम्पर्क करें- बिलासपुर 8871824812, 9993334937.(RO-37539)

अन्य
आवश्यकता है- एयरपोर्ट हेतु पक्की परमानेंट नौकरी बिना इंटरव्यू आठवीं पास ग्रेजुएट लड़के - लड़कियां (22500-62500) महीना लोडर चैकर सुपरवाइजर रहना खाना फंड बोनस।- 8053979338.(RO-843)

आवश्यकता है- Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें - 8922962153. (RO-842)

Property प्रापर्टी

प्लाट
प्लाट बेचना है- दुर्ग सुभाष नगर वार्ड - 42 शिव मंदिर के पास दुर्ग कूल प्लॉट एरिया 1800 वर्गफिट ,1200 वर्गफिट में कंस्ट्रक्शन कूल 07 कमरे का पूर्ण सुविधायुक्त केवल हिंदू क्रयकर्ता को बेचना है मो .9826803795 (आरो नं.-730)

प्लॉट उपलब्ध है- दुर्ग बायपास टोलप्लाज़ा, किआ शोरूम के पास रेसिडेंशियल व कमर्शियल सर्वसुविधायुक्त प्लाट – विकसित क्लोज़्ड कैंपस, CC रोड, नाली, मंदिर, स्ट्रीट लाइट, मैरिज हॉल सहित। तुरंत मकान बना सकते हैं। संपर्कः- 7247006610, 7247006609 (आरो न.- 7174)

मकान
मकान बेचना है- प्लाट साइज- 60x24 = 1440 कंस्ट्रक्शन एरिया- 3550 किराया- 30,000/- माह (तीनफ्लोर) वॉलफोर्ड के समीप रिंग रोड नंबर -01, भाटागांव रायपुर (नए बस स्टैंड के समीप) मूल्य- 90 लाख मो. नंबर 9575086006.(RO-7313)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

For Rent किराया
किराये से देना है- 3BHK का मकान किराये से देना है। 24 घंटा पानी की सुविधा उपलबध है। पताः- महाराजा चौक, डी-15, आदर्श नगर, दुर्ग मो.- 94252-46386, 70003-43771 (आरो नं.- 731)




आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare
गुप्त रोगो का सफल ईलाज
• गुप्त रोग, नामर्दी • लिंग में छोटापन। • शीघ्र पतन • पेशाब से धातू जाना। • लिंग में ढीलापन, • शुक्राणु की कमी। • शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी। • जड़ीबुटी द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें। • चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
नि:संतान दम्पति आज ही मिलें
आज ही संपर्क करें
स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने रायपुर, छ.ग.
9826038170
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

## जैकेट के शेष

### पहाड़ियों में घिरे ....

प्रपातों का निर्माण करती है। इसीलिए उन पहाड़ियों में 12 महीने पानी की कोई कमी नहीं होती है। अभियान के चलते पहाड़ियों में मौजूद नक्सलियों के बीच भगदड़ मच चुकी है और वो बचने के लिए पानी की कमी से जूझने की बजाए अधिक सुरक्षित रहने के ठिकाने की तलाश कर रहे है।

### एक बार फिर नक्सलियों ...

की संयुक्त कार्रवाई को तत्काल रोकने की मांग करते हुए सरकार से शांति वार्ता के लिए आगे आने की अपील की है। पत्र में रूपेश ने कहा है कि बस्तर में बंदूक के दम पर शांति नहीं लाई जा सकती। एक बार फिर शांति वार्ता के लिए अनूकूल माहौल बनाने की मांग की थी लेकिन सरकार की ओर से इस दिशा में कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई।

### भारतमाला में करोड़ों ....

तथा बिलासपुर जिला में की गई है। भारतमाला प्रोजेक्ट भू-अर्जन मुआवजा घोटाला में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी होने की शिकायत विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रधानमंत्री कार्यालय में लिखित में की थी। साथ ही विधानसभा सत्र के दौरान घोटाले को लेकर मामला उठा था। इसके बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मामले की जांच एसीबी, ईओडब्लू से कराए जाने की घोषणा की थी। छापे की कार्रवाई में संदेहियों के निवास स्थानों एवं अन्य जगहों से महत्वपूर्ण दस्तावेज, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, बैंक अकाउंट एवं निवेश से संबंधित दस्तावेज ईओडब्लू, एसीबी की टीम ने जब्त की है।

**घोटाला सामने आने के बाद निलंबन :** भारत माला प्रोजेक्ट के तहत रायपुर-विशाखापट्टनम तक बन रही (वाइजैग) इकोनॉमिक कॉरिडोर घोटाला मामले को लेकर पूर्व में रायपुर में तहसीलदार के पद पर पदस्थ कोरबा डिप्टी कलेक्टर शशिकांत कुर्रे को सस्पेंड किया गया। इसके पूर्व जगदलपुर निगम कमिश्नर निर्भय साहू को सस्पेंड किया गया था। दोनों अफसरों पर कार्रवाई जांच रिपोर्ट तैयार होने के 6 महीने बाद की गई।

**ऐसे किया घोटाला :** अफसरों ने घोटाले को अंजाम देने भू-माफियाओं के साथ मिलकर जमीन को पहले टुकड़ों में बांटा और बैक डेट में अलग-अलग 80 लोगों के नाम पर चढ़ाया। घोटालेबाजों ने घोटाला करने जमीन को 159 खसरे में बांटने का खेल किया। इसके चलते 559 मीटर जमीन की कीमत करीब 29.5 करोड़ से बढ़कर 78 करोड़ रुपए पहुंच गई।

### इनके यहां की ....

0 अमरजीत सिंह गिल - आईसीआईसीआई बैंक कर्मचारी - हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी,दुर्ग। 0 रोशन लाल वर्मा - राजस्व निरीक्षक, कचना रायपुर। 0 विजय जैन - कारोबारी, गोलबाजार स्थित दुकान, टैगोर नगर स्थित मकान रायपुर 0 उमा तिवारी - महादेव घाट,रायपुर। 0 दशमेश - तेलीबांधा गुरुद्वारा, रायपुर। 0 लखेश्वर प्रसाद किरण - तहसीलदार, कटघोरा, बिलासपुर स्थित घर। 0 शशिकांत कुर्रे - तहसीलदार, माना बस्ती और अभनपुर। 0 लेखराम देवांगन - पटवारी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेजबहार रायपुर।

### हाउसिंग बोर्ड में ....

में जांच शुरू की है। अफसरों, बैंक कर्मचारियों और दलालों की मिलीभगत से लगभग 43 करोड़ रुपये की हेराफेरी का आरोप लगा था। जांच में खुलासा हुआ है कि कई ज़मीनों की खरीद-फरोख्त और बंटवारे की प्रक्रिया बैकडेट (पूर्व दिनांक) में की गई थी, ताकि मुआवज़ा राशि का अनुचित लाभ उठाया जा सके। अफसरों पर किसानों के नाम से फर्जी दस्तावेज़ तैयार कर रकम हड़पने के आरोप है। टीम इस घोटाले के पीछे मौजूद पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने में लगी हुई है। माना जा रहा है कि इस घोटाले में कई प्रभावशाली लोगों की संलिप्तता सामने आ सकती है। फिलहाल, छापेमारी और पूछताछ की कार्रवाई जारी है।

### डोंगरगढ़ में पलटा ....

उन्हें इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया है। वहीं लापरवाही करने वाले रोप-वे संचालन समिति के खिलाफ डोंगरगढ़ थाने में एफआईआर भी दर्ज कर ली गई है। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा, भाजपा नेता दयासिंग बघेल, डोंगरगढ़ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल सहित सिद्धार्थ सिंह एवं बलराम सोनी ऊपर मंदिर से दर्शन कर करीबन ढाई बजे लौट रहे थे। रोप-वे ने अपना पूरा सफर तय कर लिया था, अंत में जहां कर्मचारियों द्वारा रोप-वे को रोका जाना था, उन्होंने उसे रोका नहीं। जिसकी वजह से रोप-वे की एक ट्रॉली अचानक टूट कर नीचे गिर पड़ी। ट्रॉली में सवार सभी छह लोगों को चोट आई, हालांकि भरत वर्मा को छोड़ बाकी सभी पांच को हल्की चोटें आई है।**सीएम, विस अध्यक्ष ने जाना हाल :** रोप-वे हादसे की जानकारी मिलते ही घायल भाजपा नेताओं से सीएम विष्णुदेव साय एवं विस अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने भी बात कर उनका हाल जाना। सीएम ने सोशल मीडिया में पोस्ट कर नेताओं के जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की। इसके अलावा राजनांदगांव में भी भरत वर्मा से मिलने मौके पर भाजपा नेताओं की भीड़ लग गई थी।

### भरत गंभीर घायल....

है। उन्हें पहले डोंगरगढ़ से राजनांदगांव रेफर किया गया, जहां हालात सामान्य नहीं होने के कारण अग्रिम इलाज के लिए उन्हें रायपुर रेफर कर दिया गया।

## पेज एक के शेष

### खर्च करने में लोकसभा...

4 करोड़ 89 लाख, दुर्ग सांसद विजय बघेल ने 61 कार्यों के लिए 1 करोड़ 81 लाख, कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत ने 134 कार्यों के लिए 4 करोड़ 54 लाख, कांकेर सांसद भोजराज नाग ने 55 कार्यों के लिए 3 करोड़ 97 लाख, जांजगीर-चांपा सांसद कमलेश जांगड़े ने 61 कार्यों के लिए 4 करोड़ 83 लाख, महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी ने 66 कार्यों के लिए 3 करोड़ 47 लाख, बिलासपुर सांसद तोखन साहू ने 72 कार्यों के लिए 4 करोड़ 89 लाख, बस्तर सांसद महेश कश्यप ने 86 कार्यों के लिए 4 करोड़ 48 लाख एवं सरगुजा सांसद चिंतामणी महाराज ने 149 कार्यों के लिए 4 करोड़ 60 हजार रुपए की स्वीकृति दी है।


### राज्यसभा सांसदों में...

5 करोड़ 70 लाख रुपए राशि खर्च की है। राज्यसभा सांसद में देवप्रताप सिंह राशि खर्च करने में पीछे हैं। उन्होंने अब तक कोई भी कार्य को स्वीकृति नहीं दी है, जिसके कारण सांसद निधि का एक पैसा भी खर्च नहीं हुआ है। सांसदों का यह पूरा आंकड़ा एमपीलैड्स पोर्टल के अनुसार है।

### अधिकतम सीमा...

बदलाव किया गया है। नई गाइड लाइन के बाद सांसदों को अब एक साथ पूरा फंड जारी किया जाता है। यह फंड सांसदों द्वारा अनुशंसा किए गए कार्यों को स्वीकृति मिलने के बाद राशि सांसदों के खातों से सीधे निर्धारित निर्माण एजेंसी के खातों में ट्रांसफर की जा रही है। इससे प्रत्येक सांसद अगर किसी साल में पूरी राशि खर्च नहीं भी करता है तो दूसरे साल में उस राशि को खर्च कर सकता है। इस तरह एक साल में सांसद अधिकतम 9 करोड़ 80 लाख रुपए तक खर्च कर सकता है। राज्य में 2024 में लोकसभा सांसद चुनाव हुआ था। इस तरह वित्तीय वर्ष 2024-25 के बाद नए वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भी सांसदों को सालाना फंड जारी हो चुका है। इसके बाद भी प्रदेश के 11 लोकसभा सांसदों में मात्र एक सांसद ने ही 5 करोड़ रुपए खर्च किया है।

## राशिफल


**मेष** कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।


**वृष** कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रुझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।



**मिथुन** अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।


**कर्क** आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।


**सिंह** पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।


**कन्या** नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।


**तुला** आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।


**वृश्चिक** वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।


**धनु** रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।


**मकर** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।


**कुंभ** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।


**मीन** रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

# नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया-राहुल को बड़ी राहत नहीं होगा नोटिस जारी

## ईडी बोली- हम नहीं चाहते आदेश लंबा खिंचे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की एक कोर्ट ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य को नोटिस जारी करने से फिलहाल इनकार कर दिया है। कोर्ट ने अगली सुनवाई 2 मई को तय की है। कोर्ट ने ईडी से और अधिक प्रासंगिक दस्तावेज लाने और खामियों को दूर करने को कहा है। ईडी ने तर्क दिया कि नए कानूनी प्रावधानों के तहत आरोपी को सुने बिना शिकायत (आरोप पत्र) पर संज्ञान नहीं लिया जा सकता। ईडी ने कोर्ट से अपील की करते हुए कहा कि हम नहीं चाहते कि यह आदेश लंबा खिंचे। नोटिस जारी किया जाए। हालांकि, कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि अदालत को पहले इस तरह के नोटिस जारी करने की आवश्यकता के बारे में आश्वस्त होना चाहिए। कोर्ट ने टिप्पणी की कि मैं संतुष्ट होने तक ऐसा आदेश पारित नहीं कर सकता।

### यंग इंडियन को मिला एजेएल का स्वामित्व

इसके बाद एजेएल के 10-10 रुपये के नौ करोड़ शेयर 'यंग इंडियन' को दे दिए गए और इसके बदले यंग इंडियन को कांग्रेस का लोन चुकाना था। 9 करोड़ शेयर के साथ यंग इंडियन को इस कंपनी के 99 फीसदी शेयर मिले। इसके बाद कांग्रेस पार्टी ने 90 करोड़ का लोन भी माफ कर दिया। यानी 'यंग इंडियन' को मुफ्त में एजेएल का स्वामित्व मिल गया। यंग इंडियन लिमिटेड (YIL) की शुरुआत साल 2010 में हुई। राहुल गांधी उस समय कांग्रेस महासचिव थे और वही इस कंपनी के डायरेक्टर भी बने। इस कंपनी की स्थापना पांच लाख रुपये से की गई थी। इस कंपनी के 38 फीसदी शेयर राहुल गांधी के पास, 38 फीसदी शेयर उनकी मां सोनिया गांधी के पास थे। बाकी के 24 फीसदी शेयर कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा, ऑस्कर फर्नांडीज, पत्रकार सुमन दुबे, और कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के पास थे।

## पीएनबी में करोड़ों का घोटाला 10 ठिकानों पर ईडी रेड



**जयपुर।** पंजाब नेशनल बैंक में हुए करोड़ों रुपए के घोटाले को लेकर शुक्रवार को राजस्थान में ईडी ने 10 से ज्यादा ठिकानों पर छापे मारे हैं। मामले में एफआईआर पहले ही दर्ज की जा चुकी है। श्रीगंगानगर का अमनदीप चौधरी इस घोटाले का मुख्य आरोपी है। एंटी करप्शन ब्यूरो ने इस प्रकरण में एफआईआर दर्ज की थी। अब इस मामले में ईडी ने बीकानेर, हनुमानगढ़ और जयपुर में छापेमारी की कार्रवाई शुरू की गई है। गौरतलब है कि ईडी प्रदेश में लगातार दूसरे दिन सक्रिय रही। गुरुवार को ईडी ने जल जीवन मिशन घोटाले में राजस्थान के पूर्व कैबिनेट मंत्री महेश जोशी को भी गिरफ्तार कर लिया था। इससे पहले ईडी ने यहां सहारा प्राइम लिमिटेड की 1023 एकड़ जमीन को भी अस्थाई रूप से अटैच किया था।

# भाजपा के राजा इकबाल बने दिल्ली के मेयर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के वरिष्ठ पार्षद व निवर्तमान नेता राजा इकबाल सिंह दिल्ली के नए मेयर चुने गए हैं। उन्होंने एकतरफा मुकाबले में कांग्रेस के मनदीप सिंह को 125 वोट से हराया। चुनाव में 142 सदस्यों ने हिस्सा लिया, जिनमें से वैध पाए गए 141 वोटों में से राजा को 133 वोट मिले, जबकि कांग्रेस के मनदीप सिंह को आठ वोट मिले। एक वोट अवैध करार दिया गया, यह वोट भाजपा सदस्य का बताया जा रहा है, क्योंकि कांग्रेस को अपने सदस्यों की संख्या के बराबर आठ वोट प्राप्त हुए है। भाजपा के ही जयभगवान यादव निर्विरोध डिप्टी मेयर चुने गए।


## पुनर्वास महानिदेशालय

**'ओएसएसएफ में रोजगार हेतु स्वर्णिम अवसर'**

पूर्वसैनिकों को ओडिशा स्पेशल स्ट्राइकिंग फोर्स (ओएसएसएफ) में अनुबंध के आधार पर सीधी भर्ती हेतु आमंत्रित किया जाता है:-

* कुल रिक्तियाँ - 3000
* अनुबंध अवधि - एक वर्ष (60 वर्ष की आयु तक विस्तारणीय)
* प्रत्येक प्रथम एवं तृतीय सोमवार को वॉक-इन-इंटरविव
* इंटरविव का स्थान चंदाका, भुवनेश्वर, पिन - 751024
* परिणाम अगले दिन

**वेतन एवं भत्ते**

(i) वेतन - सिपाही रु.45,000/- प्रति माह एन सी ओ रु.50,000 प्रति माह
(ii) वर्दी भत्ता अतिरिक्त
(iii) एक्स ग्रेशिया लाभ (सक्रिय सेवा के दौरान मृत्यु या अशक्तता होने की स्थिति में अनुग्रह राशि का भुगतान)

* प्रार्थना पत्र, योग्यता, भर्ती की शर्तें, भत्ते, दस्तावेज, चयन प्रक्रिया या अतिरिक्त जानकारी के लिए पुनर्वास महानिदेशालय की वेबसाइट www.dgrindia.gov.in पर लॉग इन करें।

CBC- 10401/11/0001/2526

## District Superintendent of Education, District Superintendent of Education Office,Deoghar

Email: mdmdeoghar@gmail.com Website: www.deoghar.nic.in

**CORRIGENDUM**

With reference to the advertisement vide no. **PR 350983 Deoghar (25-26)_D** published in the daily newspaper on 25-04-2025 regarding **"Tender Reference No. DSE, Deoghar/25-26/01 Date 24/04/2025"** for Request for Proposal (RFP) for development of Science Centre in Devipur, Deoghar.

One of the information stated therein as **"11. Financial Bidding of selected bidders: 08/05/2025 after presentation"** may be read as **"11. Financial Bidding of selected bidders:- 09/05/2025"**

All the other information of the said Notice will remain the same.

**District Superintendent of Education Deoghar**

PR.NO.351124 Deoghar(25-26):D

## MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR

**e-Procurement Tender Notice**

**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

NIT NO: 08 — RAIPUR, DATED: 25.04.2025

Online bids are invited for the following works up to **16.05.2025** at 17:30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/Description of work | Probable amount of contract |
|---|---|---|---|
| 1 | 167508 | जोन क्रमांक 04 अंतर्गत विभिन्न वार्डो एवं वीआईपी क्षेत्रों से कचरा परिवहन हेतु 02 नग डम्फर किराये पर रखे जाने का कार्य। | 31.39 Lac |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from **26.04.2025** 18.30 **Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal. NIT Details and other document.

**NOTE: -** 1. All eligible/interested Firm/ Bidders are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.,
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in,
3. कार्य आबंटित होने पर वाहन स्वस्थ कंडीशन में पंजीयन इन्सोरेसन्स कम्पलीट आर.सी. बुक तथा आईडी प्रूफ सहित प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। वाहन चालक / परिचालक का लायसेंस एवं चरित्र तथा फिटनेस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। 4. किसी भी दुर्घटना एवं अन्य परिस्थितियों के लिए निगम प्रशासन कोई भी उत्तरदायित्व नहीं होगा। 5. दरें डीजल ड्राईवर सहित देना होगा तथा प्रतिदिन 08 घंटे कार्यदिवस एवं न्यूनतम दो ट्रीप कचरा परिवहन हाईवा से करना होगा। 6. कचरा परिवहन सकरी सांईटिफिक लैण्ड फिल्ड साईड अथवा निर्देशित स्थानों पर ही करना होगा। 7. निविदा में नये पंजीकृत वाहनों में प्राथमिकता दी जावेगी। 8. यदि वाहन (डम्फर) दो दिन लगातार, ठेकेदार प्रदाय करने में असफल रहता है तो ठेकेदार से अर्थदण्ड वसूल किया जावेगा।

घरो से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

**ZONE COMMISSIONER (ZONE -04) MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)**

## जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी नारायणपुर (छ. ग.)

क्रमांक/33/लाई.कॉले. /निविदा /2025-26 — नारायणपुर,दिनांक 24/04/2025

**।। निविदा आमंत्रण सूचना।।**

जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी एजुकेशन हब, गरांजी, नारायणपुर में आवासीय प्रशिक्षणार्थियों के भोजन एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था करने हेतु नारायणपुर जिले के इच्छुक पंजीकृत स्व-सहायता समूहों से मोहर बंद निविदा दिनांक 26/05/2025 शाम 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा के प्रपत्र, नियम एवं शर्तें तथा विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पटल एवं जिले की वेबसाइट narayanpur.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह निदेशक जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी जिला - नारायणपुर (छ.ग.)**

S-43655/1

## छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर

**// सूचना //**

**क्रमांक 7939/ दो-14-1/2024 बिलासपुर, दिनांक 25/04/2025**

Adv. No. **02/2024** (Staff Car Driver)

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर में स्टाफ कार ड्राईवर के पद हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की जॉच पश्चात् पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की अनंतिम सूची (provisional list) तथा अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों (निरस्त किये गये आवेदन पत्र ) की सूची छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाईट पर अपलोड कर दी गई है।

उक्त पद हेतु पात्र / अपात्र पाये गये अभ्यर्थियों को यदि कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 02/05/2025 को सायं 05.00 बजे तक अपना दावा-आपत्ति प्रेषित कर सकते है।

विस्तृत जानकारी/सूची छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की वेबसाइट https://highcourt.cg.gov.in पर देखा जा सकता है।

**(के. विनोद कुजूर) रजिस्ट्रार जनरल**

G- 252600512/2

## आम सूचना

**ICICI Bank**

पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, चकली सर्किल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा- 390 007
कारपोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स मुंबई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी सह आमंत्रण सूचना**

नीचे उल्लिखित ऋणधारकों को स्वर्ण आभूषण के एवज में आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (आईसीआईसीआई बैंक) से उन्हें उपलब्ध कराई गई ("सुविधा") में बकाया धनराशि को चुक्ता करने हेतु सूचना जारी की जा चुकी है। चूँकि ऋणधारक सुविधा अन्तर्गत बकाया भुगतान करने में असफल हो चुके हैं, हम 06 मई, 2025 को बंधक स्वर्ण आभूषणों की ई-नीलामी व्यवहृत करने को बाध्य हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी खाता को हटाने का/ई-नीलामी की तारीख में परिवर्तन करने का अधिकार रखता है। नीलामी ऑनलाईन https://gold.samil.in पर 12:30 बजे अपराह्न से 3:30 बजे अपराह्न के बीच आयोजित की जायेगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया दी गई वेबसाईट का अवलोकन करें। ऋणधारक की मृत्यु की स्थिति में उसके वैध उतराधिकारी पर सभी नियम एवं शर्तें लागू होंगी।

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम: अंबिकापुर | |
| 042562002688 | जयंत विश्वास |
| शाखा का नाम: बिलासपुर-तेलीपारा | |
| 134462003133 | अल्पना देवी |
| शाखा का नाम: धरमजयगढ़, छत्तीसगढ़ | |
| 372362000553 | पार्वती गुप्ता |

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम: दुर्ग-पद्मनाभपुर | |
| 437205000633 | गुलाब चंद |
| शाखा का नाम: जगदलपुर | |
| 108562009977 | जालंधर कश्यप |
| 108562010027 | संतोष बाघ |
| 108562012295 | स्वर्णा दवे |

| ऋण खाता संख्या | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 108562011435 | गोपीनाथ मानिकपुरी |
| 108562011452 | प्रेम यादव |
| शाखा का नाम: नागरनार | |
| 263962002467 | ईश्वर कश्यप |
| शाखा का नाम: कोसागुमुदा | |
| 277362006396 | लखीचंद बघेल |

दिनांक: 26.04.2025
स्थान: बस्तर, दुर्ग, बिलासपुर, रायगढ़, सरगुजा

सही - प्राधिकृत अधिकारी
कृते, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## न्यायालय तहसीलदार भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

**// ईश्तहार//**

**रा.प्र.क्र. 202410210100043/अ-59/ वर्ष 2024-25** — **ग्राम- गाड़ाडीह प.ह.नं. 41**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कार्यपालन अभियंता (सं/सं) संभाग छ.ग. स्टे.पा.डि.कं. लिमिडेट भाटापारा का पत्र क्रमांक 10-20/10-25/सामा. / 3003 भाटापारा, दिनांक 16.08.2024 द्वारा ग्राम गाड़ाडीह, तहसील भाटापारा में 33/11 केव्ही उपकेन्द्र निर्माण हेतु शासकीय भूमि खसरा नंबर 9/1 रकबा 17.5190 हे० में से आधा एकड़ भूमि को आबंटित करने एवं आबंटन की प्रत्याशा में अग्रिम अधिपत्य की मांग कलेक्टर महोदय बलौदाबाजार से किया गया है। उक्त संबंध में प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी महोदय भाटापारा के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 05/05/25 को सुनवाई हेतु नियत है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना है तो सुनवाई हेतु नियत दिनांक 05/05/25 तक स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से नियत समय व स्थान में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त /दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार आज दिनांक 21/04/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया गया ।

मुहर

**तहसीलदार भाटापारा**

## राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)

5 इंस्टीट्यूशनल एरिया, वसंत कुंज, नई दिल्ली-110070
व्हाट्सएप - 7065192354 ई-मेल : ndwbf.nbt@gmail.com

nbt.india एकः सूते सकलम्

## उद्घोषणा

**नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला**

**10-18 जनवरी 2026**

भारत मंडपम, नई दिल्ली

प्रतिदिन सुबह 11बजे से रात 8बजे तक

विश्व के सबसे बड़े पुस्तक मेलों में से एक, नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले में सभी प्रदर्शकों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

स्टॉल/बेयरस्पेस की बुकिंग की अंतिम तिथि 15 मई, 2025 है।

अधिक जानकारी के लिए www.nbtindia.gov.in पर जाएँ।

CBC-21103/12/0003/2526


## शब्द पहेली - 5848



**बाएँ से दाएँ**

1. द्वेष,झगड़ा,रार-3
4. बुरकापोश-5
8. गागर,घड़ा-3
9. प्याऊ (उर्दू-3)
10. पैंदा,तला-2
12. बरस,वर्ष-2
13. सतत,लगातार-5
16. मजार,समाधि-4
17. उदारता,बड़पन्न-4
18. वायदा,कसम-2
19. महीना,माह-2
20. हमसफर-4
23. आदेश,आज्ञा-4
25. कहानी लेखक-5
28. गधा,गर्दभ-2
29. श्रवणेंद्रिय-2
31. बारिश,वर्षा-3
33. देवर्षि-3
35. दया करना-3,2
36. चिंतन

**ऊपर से नीचे**

1. कुपुत्र-3
2. अधिकार-2
3. सलाह,राय-4
4. अफसोस,खेद-4
5. शीतकालीन फसल-2
6. दलहन-2
7. ठंडा,सर्द-3
11. जिज्ञासा,उत्साह-3
12. बारिश का मौसम-3
13. धारावाही,अविराम, सीरियल-5
14. रीत,परंपरा-2
15. जीवनसाथी, हमराही-5
21. मोर-3
22. जल,नीर-2
24. पीहर-3
26. गजशाला, हाथी घर-4
27. करतब, करामात-4
28. उपभोग,खर्च-3
30. नेत्र,चक्षु,आंख-3
31. सवारी गाड़ी-2
32. रहन,गिरवी वस्तु-2
34. ताकत,जोर,बल-2

### शब्द पहेली -5847 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | न | मो | ह | न | | र | वा | ना | हो | ना |
| न | | म | क | र | | त | ल | ना | | का |
| मो | ह | | | गि | | ज | | | क | म |
| ह | म | | आ | स | ल | गा | ना | | मा | या |
| क | ल | र | व | | क्ष | | म | त | ल | ब |
| | | | भ | ला | | जो | र | | | |
| ज | ग | म | ग | | मौ | | ख | चा | ख | च |
| मी | ल | | त | म | त | मा | ना | | र | म |
| न | त | | | हा | | ल | | | ल | क |
| दा | | म | चा | न | | खा | रि | श | | दा |
| र | म | णी | य | ता | | ना | ट | क | का | र |

## सूडोकु नवताल - 5858

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5857 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

पंजाब के फिरोजपुर बॉर्डर पर गलती से सरहद लांघ कर पड़ोसी मुल्क की सीमा से पाकिस्तानी सेना द्वारा पकड़े गए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जवान को अभी तक रिहा नहीं किया गया है। 48 घंटे बीत जाने के बावजूद पाकिस्तानी रेंजर्स बीएसएफ कांस्टेबल पीके सिंह को छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। बीएसएफ और पाक रेंजर्स के बीच दो बार फ्लैग मीटिंग भी हो चुकी है, लेकिन दोनों बार मीटिंग बेनतीजा रही।

दो फ्लैग मीटिंग बेनतीजा

पहलगाम अटैक के बाद आनाकानी कर रहा पड़ोसी मुल्क

# 48 घंटे बीते... बीएसएफ जवान को छोड़ने के लिए तैयार नहीं पाक

## पंजाब के फिरोजपुर बॉर्डर पर गलती से सरहद लांघ गया था भारतीय सैनिक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बीएसएफ अधिकारियों को पाकिस्तान की हिरासत में कांस्टेबल पीके सिंह की चिंता सता रही है। यह भी चिंता हो रही है कि पाकिस्तानी सेना बीएसएफ जवान के साथ किस तरह का सलूक कर रही होगी। 48 घंटे का समय बहुत ज्यादा होता है। इससे पहले जब कभी भी गलती से कोई जवान एक-दूसरे मुल्क की सीमा में आता या जाता था तो उसे फ्लैग मीटिंग के बाद वापस लौटा दिया जाता था। कई बार तो दोनों देशों के नागरिकों को भी इसी तरह सुरक्षित लौटाया भी गया है। हालांकि इस बार पहलगाम हमले की वजह से दोनों देशों के बीच पैदा हुए तनाव के बाद पाकिस्तान रेंजर्स बीएसएफ जवान को लौटाने में आनाकानी कर रहे हैं।

### बीएसएफ ने कई बार दिखाई दरिया दिल्ली

बीएसएफ ने कई बार दरिया दिल्ली दिखाई है कि जब कभी पाकिस्तानी नागरिक सीमा लांघ कर भारतीय इलाके में घुस आता था तो बीएसएफ उसे पकड़ने के बाद फ्लैग मीटिंग कर उसे पाकिस्तानी रेंजर्सों के हवाले कर देती थी। यह एक ऐसा मामला सामने आया है कि 48 घंटे से अधिक समय बीतने के बाद भी पाकिस्तान ने बीएसएफ के जवान को फ्लैग मीटिंग करने के बाद भी रिहा नहीं किया है।




### पाकिस्तान की तरफ से नहीं है फेंसिंग

आपको बता दें कि कई बार पाकिस्तानी गांव से बच्चे और लोग गलती से भारत की सीमा में घुस जाते हैं क्योंकि पाकिस्तान की तरफ कोई फेंसिंग नहीं लगी है सिर्फ एक सफेद पिल्लर है वह भी काफी दूरी पर लगे हैं। जबकि इंडिया की तरफ जो फेंसिंग की गई है उस तरफ भी भारत की काफी जमीन है। ऐसे में कई बार पाकिस्तानी ग्रामीण भारत के इलाके में आ जाते थे तो बीएसएफ उन्हें पाकिस्तानी रेंजर्सों को सौंप देती थी। तीसरे दिन भी बीएसएफ अपने जवान को छुड़ाने के लिए पाकिस्तानी रेंजर्स के साथ फ्लैग मीटिंग करने का प्रयास कर रही है।

### मोदी सरकार से परिजनों ने लगाई गुहार

गिरफ्तार जवान के पिता भोलानाथ ने कहा, "मेरा बेटा देश की सेवा कर रहा था और अब हमें यह भी नहीं पता कि वह सुरक्षित है या नहीं। सरकार से मेरी अपील है कि किसी भी तरह, उनके बेटे को तुरंत भारत वापस लाया जाना चाहिए। अपने दो कमरों वाले घर में पीके की पत्नी रजनी ने कहा, "हमारी सरकार से बस एक ही विनती है। उन्हें घर ले आइए। चाहे जो भी करना पड़े – बस उन्हें घर ले आइए।

## खबर संक्षेप

### पाकिस्तान का स्टॉक मार्केट क्रैश पीएसएक्स की वेबसाइट हुई बंद



नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के शेयर मार्केट में तबाही का माहौल है। पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज (पीएसएक्स) में शुक्रवार को भारी गिरावट दर्ज की गई। लगातार दो कारोबारी सेशन में 2500 से अधिक अंक की गिरावट आई है। शुक्रवार को कारोबार शुरू होने के पांच मिनट के भीतर कराची स्टॉक एक्सचेंज का सबसे प्रमुख इंडेक्स, जिसमें पाकिस्तान की टॉप लिस्टेड कंपनियां शामिल होती हैं केएसई-100 में 2.12 परसेंट का शार्प फॉल देखा गया।

### 9वीं की छात्रा के साथ आइसक्रीम में नशीला पदार्थ खिलाकर गैंगरेप

**हरिभूमि न्यूज:शिवपुरी।** जिले के मायापुर थाना क्षेत्र में एक हॉस्टल की छात्रा के साथ गैंग रेप की वारदात सामने आई है। इसका खुलासा तब हुआ जब गुरुवार को छात्रा को पेट में दर्द हुआ और उसे ब्लीडिंग के चलते खनियांधाना के स्वास्थ्य केंन्द्र में भर्ती कराया गया। जांच के बाद पता चला की छात्रा दो माह की गर्भवती है। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों में से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लया है। वहीं एक व्यक्ति अभी भी फरार है। बताया गया है कि 15 वर्षीय छात्रा अपने गांव से करीब 20 किलोमीटर दूर सरकारी हॉस्टल में रहकर 9वीं कक्षा में पढ़ रही थी।

### मकान के अंदर हुआ 10 फीट गहरा गड्डा

**हरिभूमि न्यूज:शिवपुरी।** शुक्रवार को जिले के पिछोर थाना क्षेत्र में ठाकुर बाबा कॉलोनी में एक मकान की छत पर आसमान से धातु का टुकड़ा गिरा, जिससे छत के नीचे मौजूद दो कमरों के परखच्चे उड़ गए। हादसा इतना भयानक था कि तेज आवाज के साथ मकान के अंदर करीब 10 फिट का गड्डा हो गया। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे की घटना है। हादसे की सूचना पुलिस को दी गई। पिछोर एसडीओपी प्रशांत शर्मा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और हादसे की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी। गनीमत रही की हादसे के वक्त दोनों कमरों में कोई मौजूद नहीं था जिससे जनहानि नहीं हुई। पिछोर के थाना प्रभारी जितेंद्र मावई ने बताया कि हादसा किस चीज से हुआ है यह अभी स्पष्ट नहीं हुआ है।

## शिमला समझौते का निलंबन कर पाकिस्तान ने अपने ही पांव पर मारी कुल्हाड़ी

# अब एलओसी को मानने के लिए बाध्य नहीं भारत 'नियंत्रण रेखा' पार कर कभी भी करेगा कार्रवाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच 1972 में हुए शिमला समझौते का निलंबन आतंकियों के पनाहगाह पाकिस्तान को भारी पड़ सकता है। शिमला समझौते का मुख्य बिंदु नियंत्रण रेखा (एलओसी) की पवित्रता को बनाए रखना है। समझौता निलंबित होने का अर्थ है कि कोई भी पक्ष एलओसी को मानने के लिए बाध्य नहीं है।

पाकिस्तान की ओर से भारत संग द्विपक्षीय समझौतों को स्थगित करने के अधिकार का उपयोग बिना सोच-विचार के उठाया गया है। इसके निलंबन से पाकिस्तान ने अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली है। दरअसल, दोनों के बीच 1972 में हुए शिमला समझौते का निलंबन आतंकियों के पनाहगाह पाकिस्तान को भारी पड़ सकता है। शिमला समझौते का मुख्य बिंदु नियंत्रण रेखा (एलओसी) की पवित्रता को बनाए रखना है।

समझौता निलंबित होने का अर्थ है कि कोई भी पक्ष एलओसी को मानने के लिए बाध्य नहीं है और भारत एलओसी को पार कर कोई भी कार्रवाई कर सकता है। दरअसल, पाकिस्तान के पीएम कार्यालय से गुरुवार को जारी बयान का अहम बिंदु है कि पाकिस्तान भारत के साथ सभी द्विपक्षीय समझौतों को स्थगित करने के अधिकार का प्रयोग करेगा। इसमें शिमला समझौता भी शामिल है और यह कार्रवाई केवल इसी तक सीमित नहीं है।

### समझौते का असर

- भारत पीओके में अधिक आक्रामक रणनीति अपना सकता है
- भारत कश्मीर पर अपनी नीतियों को और मजबूत कर सकेगा



### हिमाचल राजभवन से हटाया ऐतिहासिक टेबल पर रखा पाकिस्तान का स्मृति झंडा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश राजभवन से शिमला समझौते के ऐतिहासिक टेबल पर रखा पाकिस्तान का स्मृति झंडा हटा दिया गया है। 2 जुलाई 1972 को भारत और पाकिस्तान के बीच बेहतर संबंध बनाने के लिए शिमला में समझौता हुआ था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो ने समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।



### 2 जुलाई 1972 को हुआ था शिमला समझौता

1971 में भारत-पाक युद्ध के बाद पाकिस्तान के 90 हजार से ज्यादा सैनिकों को युद्ध बंदी बनाया गया था। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में सुधार, पाक युद्ध बंदियों को छुड़ाने की कवायद शुरू हुई। फिर दोनों देशों के बीच बेहतर संबंध के लिए 2 जुलाई 1972 को शिमला में एक समझौता हुआ। दोनों देशों ने 17 सितंबर 1971 को युद्ध विराम के रूप में मान्यता दी।

### अब एलओसी अस्तित्व में नहीं

बयान का अर्थ समझें तो पाकिस्तान यह कह रहा है कि अब एलओसी अस्तित्व में नहीं है। इसका मतलब है कि भारत एलओसी पार कर सकता है। शिमला समझौते ने एलओसी को स्थायी सीमा के रूप में मान्यता दी थी। इसके तहत दोनों देशों ने बल प्रयोग न करने और नियंत्रण रेखा का सम्मान करने की प्रतिबद्धता जताई थी।

# खाड़ी देश, यूरोप और अमेरिका जाना होगा 20 फीसदी महंगा

## पाक के एयरस्पेस बंद करने का होगा व्यापक असर




शिशिर सोनी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र बंद करने से भारतीय उड़ानों का समय और लागत बढ़ेगी, जिसका सीधा असर टिकट की कीमतों पर पड़ेगा। टिकट की कीमतों में 20 फीसदी तक का इजाफा हो सकता है। लंबी उड़ान अवधि और देरी से यात्रियों को असुविधा होगी। यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रही, तो वित्तीय और परिचालन प्रभाव और गंभीर हो सकते हैं। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत सरकार की कडी प्रतिक्रिया के जवाब में पाकिस्तान ने भारतीय उडानों के लिए अपने एयरस्पेस बंद करने की घोषणा की है। पाकिस्तान द्वारा भारत के लिए अपने हवाई क्षेत्र (एयरस्पेस) को बंद करने से उत्तर भारत से यूरोप, उत्तरी अमेरिका, मध्य पूर्व और पश्चिम एशिया की ओर जाने वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर इसका व्यापक असर पडेगा।

भारतीय विमानों को अब पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र से बचने के लिए अरब सागर के ऊपर से गुजरना होगा।

### मुश्किल में रहेंगे 'महाराजा'

दिल्ली, चंडीगढ़, लखनऊ, जयपुर, अमृतसर जैसे शहरों से शुरू होने वाली अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें जाहिर तौर महंगी हो जाएंगी। साथ ही यूरोप, अमेरिका और मध्य पूर्व की उड़ानों का समय 30 मिनट से 2.5 घंटे तक बढ़ सकता है। दिल्ली से लंदन की उड़ान, जो पहले 9.5 घंटे की थी, अब 10.5 घंटे या अधिक की हो सकती है। खाड़ी देश (यूएई, सऊदी अरब, कतर, ओमान), यूरोप (यूके, जर्मनी, फ्रांस, इटली), उत्तरी अमेरिका (अमेरिका, कनाडा), और मध्य एशिया के कुछ हिस्सों की उड़ानें प्रभावित होंगी। एयर इंडिया, इंडिगो, स्पाइसजेट, एयर इंडिया एक्सप्रेस और अकासा एयर जैसी एयरलाइंस सबसे अधिक प्रभावित होंगी।
लंबी दूरी की उड़ानें संचालित करने वाली एयर इंडिया को विशेष रूप से ज्यादा इंधर खपत की वजह से अपेक्षाकृत ज्यादा नुकसान होगा। उसमें से कुछ वसूली किराया की रकम बढाकर यात्रियों से वसूली जाएगी।

## यूएन में उठा पहलगाम आतंकी मामला

# सभी एक सुर में बोले- नागरिकों को निशाना बनाना स्वीकार नहीं

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क



संयुक्त राष्ट्र में भारत की ओर से हुए भविष्य के डिजिटल नागरिक को सशक्त बनाना: एकीकृत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई) की ओर विशेष कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र के दूतों और नेताओं ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र के अध्यक्ष फिलेमोन यांग ने कहा कि मैं जम्मू-कश्मीर में हाल ही में हुए हमलों के पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करना चाहता हूं। नागरिकों को निशाना बनाना अस्वीकार्य है और इसे किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराया जा सकता। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी हरीश ने कहा कि भारत जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए क्रूर आतंकी हमले में जानमाल के नुकसान पर शोक व्यक्त करता है। उन्होंने भारत के उन सभी मित्रों और भागीदारों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने संवेदना व्यक्त की।

### संयम बरते भारत-पाक: गुटेरस

यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने भारत और पाकिस्तान की सरकारों से संयम बरतने और हालात को और बिगड़ने से रोकने की अपील की है। गुटेरस के प्रवक्ता स्टेफन दुजारिक ने बताया कि यूएन महासचिव दोनों देशों की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। दुजारिक ने कहा कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में हुआ आतंकी हमला, जिसमें बड़ी संख्या में आम नागरिक मारे गए, उसकी हम स्पष्ट रूप से निंदा कर चुके हैं।

### प्रियजनों के प्रति संवेदनाएं

अवर महासचिव और डिजिटल क्षेत्र में संयुक्त राष्ट्र महासचिव के विशेष दूत अमनदीप सिंह गिल, ब्राजील के उप स्थायी प्रतिनिधि राजदूत नॉरबर्टो मोरेटी और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के मुख्य डिजिटल अधिकारी रॉबर्ट ओप ने भी आतंकी हमले में अपनी जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अरुण सुंदरराजन ने कहा कि मैं भारत सरकार और हाल ही में हुए अक्षम्य आतंकी हमले में नुकसान झेलने वाले लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता है।

## सिक्किम में भारी बारिश से भूस्खलन

# हजार पर्यटक फंसे, रेस्क्यू शुरू

सिक्किम। यहां के ऊंचाई वाले हिल स्टेशनों लाचेन और लाचुंग में करीब 1000 पर्यटक फंस गए हैं। गुरुवार से लगातार भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन के चलते यह स्थिति पैदा हुई। भूस्खलन के कारण कई सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं, जिसके चलते कई गाड़ियां फंस गईं। शुक्रवार को कई लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। मंगन जिले के पुलिस अधीक्षक सोनम डेत्चु भूटिया ने बताया कि बारिश से भूस्खलन से चुंगथांग से लाचेन जाने वाली सड़क पर मुंशीथांग के पास स्थिति खराब हो गई। चुंगथांग से लाचुंग जाने वाली सड़क पर लीमा के पास कई जगहों पर सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं।



## अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक ने कहा

# पहलगाम में इस्लामिक आतंकी हमला, हम भारत के साथ

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड का बड़ा बयान सामने आया है। गबार्ड ने कहा कि भीषण इस्लामी आतंकवादी हमले के मद्देनजर भारत के साथ एकजुटता से खड़े हैं। अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने एक पोस्ट में लिखा कि हम पहलगाम में 26 हिंदुओं को निशाना बनाकर किए गए भीषण इस्लामी आतंकवादी हमले के मद्देनजर भारत के साथ एकजुटता से खड़े हैं। मेरी प्रार्थनाएं और गहरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। तुलसी गबार्ड ने आगे लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत के सभी लोगों के साथ हैं। हम आपके साथ हैं और इस जघन्य हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को पकड़ने में आपका समर्थन करते हैं। गौरतलब है, पहलगाम में मंगलवार दोपहर आतंकवादियों ने 26 टूरिस्टों की मजहब पूछकर मौत के घाट उतार दिया।

## अखबार ने आतंकवादी को लिखा था 'उग्रवादी' सरकार ने करवाया करेक्शन

# पहलगाम अटैक पर न्यूयॉर्क टाइम्स को अमेरिकी संसद ने लगाई फटकार


The New York Times

At Least 24 Tourists Gunned Down by ~~Militants~~ TERRORISTS in Kashmir

Prime Minister Narendra Modi of India called the shooting, the worst against civilians in the region for years, a "terror attack" and vowed to bring the perpetrators to justice.

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स (एनवायटी) विवादों में घिर गया है। अखबार ने अपनी एक रिपोर्ट में हमले के लिए जिम्मेदार आतंकियों को 'मिलिटेंट्स' लिखा, जिसके बाद अमेरिकी संसद समिति ने इसकी कड़ी आलोचना की है।

समिति ने एनवायटी पर आतंकवादियों की पहचान को 'बंदूकधारी' या 'चरमपंथी' जैसे शब्दों के पीछे छिपाने का आरोप लगाया। पहलगाम में हुए हमले में 26 लोग मारे गए, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। इस हमले को लेकर न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी खबर की हेडलाइन में लिखा, 'कश्मीर में उग्रवादियों ने कम से कम 24 पर्यटकों को गोली मार दी।'' अखबार ने आगे बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'इस गोलीबारी को एक 'आतंकवादी हमला' कहा है। और अपराधियों को न्याय के शिकंजे में लाने का संकल्प जताया है।'

### 'वास्तविकता से क्यों हो जाते हो दूर'

इस पर अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के निचले सदन की विदेश मामलों की समिति ने कड़ा ऐतराज जताया। इसने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'अरे, न्यूयॉर्क टाइम्स हमने आपके लिए इसमें सुधार कर दिया है। यह स्पष्ट तौर पर एक आतंकवादी हमला था। चाहे वह भारत हो या इजरायल, जब आतंकवाद की बात आती है तो न्यूयॉर्क टाइम्स वास्तविकता से दूर हो जाता है।' पोस्ट में, विदेश मामलों की समिति ने एक तस्वीर शेयर की जिसमें शीर्षक में 'उग्रवादियों'' शब्द को काट कर उसके स्थान पर लाल रंग में बड़े अक्षरों में 'आतंकवादी'' शब्द लिखा है।

### एनवायटी की जमकर आलोचना

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर भी एनवायटी की इस शब्दावली को लेकर आलोचना हुई। कई यूजर्स ने इसे 'वामपंथी प्रचार' करार देते हुए कहा कि अखबार आतंकवादियों को सही नाम देने से बच रहा है। इस घटना ने एक बार फिर न्यूयॉर्क टाइम्स की भारत से संबंधित रिपोर्टिंग पर सवाल उठाए हैं। पहले भी अखबार पर भारत विरोधी रुख अपनाने के आरोप लगते रहे हैं।


## कार्यालय नगर पंचायत मल्हार, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

क्रमांक/165/निविदा/न.पं./2025-26 — // ई-निविदा आमंत्रण सूचना // — मल्हार दिनांक 24/04/2025

न.पं. मल्हार में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत (D & Above Class) ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा (ई- टेंडर) हेतु (CGPWD ROAD & BUILDING SOR-01.01.2015, ELECTRICAL SOR 01.06.2020), फार्म-एबीसी ( MIXED PERENTAGE ITEM RATE ) अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स. क्र. | सिस्टम टेंडर क्र. | कार्य का विवरण | ई-निविदा प्रारंभ की तिथि | ई-निविदा की अंतिम तिथि | निविदा दस्तावेज प्राप्त एवं परीक्षण तिथि | ई-निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 167468 | अटल परिसर निर्माण एवं भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की मूर्ति स्थापना कार्य ( लागत राशि 19.95 लाख ) 2ND CALL फॉर्म- "ABC" (MIXED PERENTAGE ITEM RATE) | 24/04/2025/ 18:30 बजे से | 13/05/2025/ 17:30 बजे तक | 15/05/2025/ 16:00 बजे | 16/05/2025/ 12:30 बजे |

निविदा में भाग लेने वाले ईच्छुक फर्म/ठेकेदार एवं कार्य से सम्बन्धित अन्य समस्त जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं एवं Main Portal; https://eproc.cgstate.gov.in/www.uad.cg.gov.in पर उपलब्ध हैं।

-:: सिंगल यूज प्लास्टिक प्रयोग प्रतिबंध है उपयोग नही करें पर्यावरण स्वच्छ बनाये जुर्माने से बचे ::-

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत मल्हार



## पूर्व रेलवे

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के पास पंजीकृत समेत समरूप प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **[वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा]। क्रम संख्या:** 1। **ई-निविदा संख्या: 10_2025-26, दिनांक: 24.04.2025। कार्य का विवरण:** हावड़ा मंडल के साहिबगंज लूप, रामपुरहाट-दुमका, बीबी-लूप, मेन लाइन, हावड़ा-बर्द्धमान कॉर्ड लाइन, आन्दुल-कलकत्ता कॉर्ड लिंक लाइन, बर्द्धमान-कटवा, सेवड़ाफुली-गोघाट खंड में विभिन्न कम्पोजिट गार्डरों, डेक टाइप गार्डरों, सेमी-थ्रू गार्डरों तथा ओपन वेब गार्डरों पर साइड पाथ-वे का प्रावधान। **अनुमानित लागत:** ₹ 9,98,14,443.40। **बयाना राशि:** ₹ 6,49,100। **पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 12 (बारह) महीना। **क्रम संख्या:** 2। **ई-निविदा संख्या: 11_2025-26, दिनांक: 24.04.2025। कार्य का विवरण:** हावड़ा मंडल में आने वाले बरसात के मौसम के लिए विभिन्न लोकेशनों पर स्टोन बोल्डर बिछाने, बोल्डर क्रेटिंग, बल्ला, मिट्टी की भराई आदि का आपातकालीन कार्य एवं अन्य विविध कार्य। **अनुमानित लागत:** ₹ 3,33,14,313.20। **बयाना राशि:** ₹ 3,16,600। **पूरा करने की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी किये जाने की तारीख से 08 (आठ) महीना। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित बंद होने की तारीख को किसी कारणवश छुट्टी/बंद/हड़ताल घोषित होने पर ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में आवेदन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि, ऑनलाइन निविदा को अगले कार्य दिवस में खोला जाएगा। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 16.05.2025 को दोपहर 2.00 बजे (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। निविदा का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान- ई-निविदा के सम्बन्ध में निविदा दस्तावेज की कीमत एवं जमा बयाना राशि (ईएमडी) का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के जरिये स्वीकार किया जायेगा। **द्रष्टव्य:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए जमा बयाना राशि के रूप में सावधि जमा रसीद (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(HWH-46/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
### कार्यालय अधीक्षण अभियंता, इन्द्रावती परियोजना मंडल जगदलपुर (छ.ग.)
### ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in

**शुद्धि पत्र क्रमांक 1**

निविदा सूचना क्रमांक 10/व.ले.लि. दिनांक 28.03.2025 सिस्टम निविदा क्रमांक 166172 (प्रथम आमंत्रण) जिसका जी क्रमांक 242506219 में छ.ग. शासन जल संसाधन विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर के पत्र क्रमांक 1664/एफ-7-7/एस-2/31/2001 दिनांक 09.04.2025 एवं पत्र क्रमांक 1751/एफ-7-7 एस-2/31/2001 दिनांक 21.04.2025 के द्वारा किये गये संशोधन के परिपालन में निम्नानुसार शुद्धि पत्रक जारी किया जाता है।

| स.क्र. | विवरण | पूर्व में प्रकाशित | संशोधित |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा भरने की अंतिम तिथि | दिनांक 21.04.2025 (समय 17:30) | दिनांक 01.05.2025 (समय 17:30) |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 22.04.2025 (समय 11:30) | दिनांक 02.05.2025 (समय 11:30) |

अन्य नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी संशोधन के विस्तृत जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग नारायणपुर
कृते अधीक्षण अभियंता
इन्द्रावती परियोजना मंडल जगदलपुर (छ.ग.)

G-252600504/5

## कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
### जिला चिकित्सालय बा. बाजार छ.ग.
E-mail Id cs-bbazar.cg@gov.in.csbalodabazar2013@yahoo.com
Telephone- 07727-223532

क्रमांक / सी.एस/2025/1669(a) बलौदा बाजार दिनांक 24/04/2025

**जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार में पार्किंग व्यवस्था हेतु निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण) बाबत विज्ञप्ति**

जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार के पार्किंग व्यवस्था हेतु निविदा आमंत्रित (द्वितीय आमंत्रण) की जा रही है। निविदा प्रपत्र की शर्तों एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में किसी भी दिवस (शासकीय अवकाश को छोड कर) में प्राप्त की जा सकती है।

निविदा प्रपत्र का मुल्य रू. 500.00 (अक्षरी पांच सौ रूपये का डिमान्ड ड्राफ्ट जीवनदीप समिति जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार के नाम से जमा कर प्राप्त कर सकते है।

निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक - 13.05.2025 को सायं 5.00 बजे तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक - 14.05.2025 (बुधवार) दोपहर 3.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि दिनांक - 14.05.2025 (बुधवार) सायं 04:00 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि एवं समय में अपरिहार्य कारणों से परिवर्तन किया जा सकता है जिसकी सूचना कार्यालय के सूचना पोर्टल मे चस्पा कर दी जावेगी ।

सिविल सर्जन
सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार छ.ग.

G-252600496/2

## District Superintendent of Education
### District Superintendent of Education Office,Deoghar
Email: mdmdeoghar@gmail.com Website: www.Deoghar.nic.in

**Tender Reference No: DSE, Deoghar/25-26/01** **Date**: 24/04/2025

**Request for Proposal (RFP):** DEPARTMENT OF EDUCATION Deoghar invites proposals from authorized vendor having direct experience of working on development of Science Centers/Museums/ Space Galleries, forthe restoration, supplying, and installation of materials and maintenance under the BOT (Build, Operate, and Transfer Model) to develop Science Centre in Devipur, Deoghar.

| | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Proposal for Restoration, Supplying, and Installation of materials and maintenance under the BOT (Build, Operate, and Transfer Model) to developthe Science Centre in Devipur Block of Deoghar district. |
| 2 | Period of Work | 120 Days for restoration and supply of materials, application, and maintenance per the BOT model. |
| 3 | Date of Publication of Bid | **25/04/2025** |
| 4 | Bid Cost | Rs. 5000.00 in the form of a DD in favor of the District Superintendent of Education, Deoghar |
| 5 | Earnest Money to be Deposited (EMD) | Rs. 2,00,000.00 (Rupees Two Lakh Only) in the form of DD (Valid for at least three months from the last date of submission of the Bid) in favour of District Superintendent of Education, Deoghar. |
| 6 | Pre-bid Meeting date & time /Venue | 28/04/2025 11.00 A.M. in D.S.E. Office, Deoghar |
| 7 | Scheduled date of Field Survey | **28/04/2025 at 05 P.M.** |
| 8 | Last date and time of receipt of the Bid | 09/05/2025 till 11.30 A.M. |
| 9 | Date and time of opening of the Bid | 09/05/2025 at 3.00 P.M. |
| 10 | Technical Presentation | 09/05/2025 |
| 11 | Financial Bidding of selected bidders | 08/05/2025 after presentation |
| 12 | Bid submission & opening Place | District Superintendent of Education's office, Deoghar |
| 13 | Contact details | Email ID: mdmdeoghar@gmail.com |
| 14 | Contact No. | 6204883408/8873400276 |
| 15 | Details:- | www.deoghar.nic.in |

**District Superintendent of Education**
**Deoghar**

PR 350983 Deoghar (25-26)_D

## OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER
### P.W.D. BRIDGE CONSTRUCTION CIRCLE, RAIPUR (C.G.)
Ph. No. 0771-4091255, Email-sebr.raipur@gov.in

**Memo No. 1377/G./04/2025-26 /Setu** **Raipur Date 22-04-2025**

**(PRESS NOTICE)**

**PUBLIC WORKS DEPARTMENT GOVT. OF CHHATTISGARH**

**(Last date of Tender Download up to Dt. 11-05-2025, Time 17:30 PM.)**

**NIT No. 02/Tender No. 167302 (1st Call)**

**The Superintending Engineer, PWD Bridge Construction Circle, Sirpur Bhawan Campus Raipur (C.G.) Pin no. 492001, invites online Tender** for the eligible DPR Consultant on behalf of Governor of Chhattisgarh for following work:

**Name of work: Preparation of Drawing & Design of Bridges Under Bridge Division Jagdalpur.**

| Sr.No. | Name of Work | DPR Cost |
|---|---|---|
| 1 | DPR for Construction of High Level Bridge Across Nambi River in Km. 9/2 on Usoor-Galgam-Nambi-Pujarikanker-Malempenta Road. | 320000.00 |
| 2 | DPR for Construction of High Level Bridge Across Nalla in Km. 10/4 on Usoor-Galgam-Nambi-Pujarikanker-Malempenta Road. | 260000.00 |
| 3 | DPR for Construction of High Level Bridge Across Nalla in Km. 12/2 on Usoor-Galgam-Nambi-Pujarikanker-Malempenta Road. | 260000.00 |
| 4 | DPR for Construction of High Level Bridge Across Gunjeparti Nalla in Km. 14/8 on Usoor-Galgam-Nambi-Pujarikanker-Malempenta Road. | 260000.00 |
| 5 | DPR for Construction of High Level Bridge Across Nalla in Km. 16/6 on Usoor-Galgam-Nambi-Pujarikanker-Malempenta Road. | 260000.00 |
| 6 | DPR for Construction of High Level Bridge Across Nalla in Km. 17/2 on Usoor-Galgam-Nambi-Pujarikanker-Malempenta Road. | 260000.00 |
| 7 | DPR for Construction of High Level Bridge Across Pujarikanker Nalla in Km. 18/2 on Usoor-Galgam-Nambi-Pujarikanker-Malempenta Road. | 260000.00 |
| 8 | DPR for Construction of High Level Bridge Across Pujarikanker Nalla in Km. 20/2 on Usoor-Galgam-Nambi-Pujarikanker-Malempenta Road. | 260000.00 |
| 9 | DPR for Construction of High Level Bridge Across Nalla in Km. 21/8 on Usoor-Galgam-Nambi-Pujarikanker-Malempenta Road. | 360000.00 |
| 10 | DPR for Construction of High Level Bridge Across Talperu River in Km. 24/6 on Usoor-Galgam-Nambi-Pujarikanker-Malempenta Road. | 496000.00 |
| 11 | DPR for Construction of High Level Bridge Across Bhimaram River in Km. 6/8 on Pujarikanker-Bhimaram-Pusguppa Road. | 360000.00 |
| 12 | DPR for Construction of High Level Bridge Across Pusguppa River in Km. 9/4 on Pujarikanker-Bhimaram-Pusguppa Road. | 420000.00 |
| | **Approximate Cost of Work** | **3776000.00** |

Earnest Money Rs. 28320/-, (Twenty Eight Thousand Three Hundred Twenty) Cost of Tender - Rs. 500/-(Five Hundred) Time Allowed - 20 Days.
Last date of receipt of application for issue of tender document upto **17:00 PM- on 11/05/2025**, Other details can be seen at official web site of PWD CG. https://eproc.cgstate.gov.in/,

**Superintending Engineer Public Works Department Bridge Circle Sirpur Bhawan Campus Raipur Chhattisgarh**

G-252600489/3

## बाइक से गिरकर महिला की मौत

**कांकेर।** रावघाट थानांतर्गत मेढकी नदी के पास बाइक से फिसलकर गिर जाने से सनोती बाई कि मौत हो जाने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया। विवेचना में पाया गया कि मृतिका अपने बेटे के साथ मोटर सायकल में सवार होकर बाजार गई थी। बाजार से वापस आते समय 19 दिसंबर को शाम साढ़े 5 बजें मेढकी नदी के पास गिर गई। गिरने से गंभीर चोट आने की वजह से उसकी मौत हो गई।

## लालच देकर की लाखों की ठगी, आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

**कांकेर।** विकासखंड भानुप्रतापपुर के एक दर्जन से अधिक लोगो को पैसा दुगुना होने का झांसा देकर लाखो रूपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी विनोद पाण्डे के खिलाफ धारा 420 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया है। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंची कुंआपानी निवासी कामेश्वरी पिता माखन लाल नाग ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2022 से मेरे पूर्व परिचित रायगढ़ जिला के खरसिया तहसील अंतर्गत ग्राम टांडापारा विनोद कुमार पाण्डे पिता राजकुमार पाण्डे हॉल पता राज किशोर नगर बिलासपुर से भानुप्रतापपुर आकर जैविक खाद के संबंध में प्रचार प्रसार के समय में पहचान हुई थी, फोन पर भी संपर्क था। इसी बीच वर्ष 2023 विनोद पाण्डे द्वारा बताया गया की डब्ल्यूएफटी कंपनी में पैसा इन्वेस्ट करने से डेढ़ से 2 माह में पैसा दुगुना होकर मिलेगा।

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
## लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल, जगदलपुर

**:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ::**

**https://eproc.cgstate.gov.in**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-
निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि :- 06/05/2025

| स. क्र. | नि.आ.सू.क्र./ नि.आ.सू. दिनांक | सिस्टम निविदा क्रमांक निविदा का क्रम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमाति लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 06/2025-26 दिनांक 23.04.2025 | 167359 (प्रथम आमंत्रण) | छिन्दगाँव, विकासखण्ड - बकावण्ड, जिला- बस्तर में शासकीय हाईस्कूल भवन का निर्माण कार्य । | 67.05 |
| 2 | 07/2025-26 दिनांक 23.04.2025 | 167360 (प्रथम आमंत्रण) | करपावण्ड, विकासखण्ड - बकावण्ड, जिला- बस्तर में शासकीय हायर सेकेण्डरी भवन का निर्माण कार्य, विद्युतिकरण सहित । | 120.64 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग बस्तर
मंडल जगदलपुर

G-252600511/4

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
## लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)

**निविदा सूचना**
**(प्रथम आमंत्रण)**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्र./ सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 34/167343 | SPECIAL REPAIR & MOW WORK FOR G.A.D. BUILDING 'F','G' & 'H' TYPE AT SECTOR-17, UNDER CONSTRUCTION SUB DIVISION NO.1, ATAL NAGAR NAYA RAIPUR | रू. 50.00 लाख |
| 36/167344 | SPECIAL REPAIR, & MOW WORK FOR G.A.D. BUILDING 'D' & 'E' TYPE AT SECTOR -17, UNDER CONSTRUCTION SUB DIVISION NO.1, ATAL NAGAR NAYA RAIPUR | रू. 50.00 लाख |
| 35/167345 | SPECIAL REPAIR & MOW WORK FOR G.A.D. BUILDING DEVENARA NAGAR (I.A.S.) COLONY RAIPUR UNDER CONSTRUCTION SUB DIVISION NO.1, ATAL NAGAR NAYA RAIPUR | रू.100.00 लाख |
| 38/167346 | MOW WORK OF HONOURABLE MINISTER'S BUNGALOW FOR (M-06 TO M-10) AT SECTOR 24 NAYA RAIPUR, DISTT- RAIPUR (C.G) | रू. 125.00 लाख |

**निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 14.05.2025 समय सायं 5:30 बजे तक**

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग
रायपुर मंडल क्र.-1, रायपुर (छ.ग.)

G- 252600495/3

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### Road Construction Department, Road Division, Daltonganj.
### e-Procurement Notice
**e-Tender Ref No.-1/RCD/Daltonganj/2025-26/ 401**
**Dated:-24.04.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | **Construction of Bridge/High Level Bridge at Ch 16.00 Km of Patan -Daltonganj (Bairiya Chowk to Saguna More) Road for the year 2025-26.** |
| 2. | Estimated Cost | **Rs. 10,20,46,031.00 (Rupees Ten Crore Twenty Lacs Forty Six Thousand Thirty One) Only.** |
| 3. | Bid Security (Amount) | **Rs. 10,20,500.00 (Rupees Ten Lacs Twenty Thousand Five Hundred) Only.** |
| 4. | Time of Completion | **18 Months** |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | **08.05.2025, 10:30 AM** |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | **29.05.2025, 12:00 Noon** |
| 7. | Date and Time of Bid opening | **30.05.2025, 12.30 PM** |
| 8. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | **Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in** |
| 9. | Name & address of officer Inviting tender | **Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj.06562–225019** |
| 10. | E-mail Id | **eercdmedini-jhr@nic.in** |
| 11. | Helpline number of e-Procurement cell | **0651-2401010** |

**Note : Estimated amount may vary.**
For further details can be seen on website http://jharkhand tenders.gov.in

**Executive Engineer**
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj.

PR 351028 Road(25-26)D

सत्यमेव जयते
भारत सरकार



युवा सशक्तिकरण की नई उड़ान,
विकसित भारत की बन रही पहचान

युवाओं को सरकारी नौकरी देने के लिए
रोजगार मेला

देश भर में 47 स्थानों पर सरकारी नौकरियों में चयनित 51 हज़ार से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्रों का वितरण

प्रधानमंत्री
नरेन्द्र मोदी
द्वारा

26 अप्रैल, 2025 प्रातः 11:00 बजे
(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

- भारत सरकार और सहयोगी राज्य सरकारों द्वारा मिलकर रोजगार के लाखों अवसरों का सृजन
- महिलाओं, दिव्यांगजन और आकांक्षी जिलों के अभ्यर्थियों को विशेष लाभ
- पेपर लीक के खिलाफ कड़ा कानून लाकर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ पर लगाया अंकुश
- यूपीएससी, एसएससी, रेलवे भर्ती बोर्ड और आईबीपीएस जैसी प्रतिष्ठित एजेंसियों के माध्यम से नियुक्तियाँ
- ऑनलाइन सिस्टम से खाली पदों और भर्ती प्रक्रिया की निरंतर निगरानी
- चयनित अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण के लिए i-GOT कर्मयोगी पोर्टल पर 2200 से अधिक पाठ्यक्रम तथा "कर्मयोगी प्रारंभ" मॉड्यूल उपलब्ध
- समान अवसरों के लिए 13 क्षेत्रीय भाषाओं में भी भर्ती परीक्षाओं की सुविधा
- सरकारी नौकरियों में लाखों भर्तियों से नागरिक सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि

CBC 15502/13/0001/2526

DD NEWS
डीडी न्यूज पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखें।

प्रशिक्षण संबंधी अधिक जानकारी के लिए कर्मयोगी वेबसाइट
https://igotkarmayogi.gov.in/ या QR Code को स्कैन करें।

# एमजी मोटर ने लांच की ई20 फ्यूल पर चलने वाली हेक्टर एसयूवी

## कार 20 प्रतिशत तक इथेनॉल मिले पेट्रोल पर चल सकती है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने अपनी सबसे खास एसयूवी हेक्टर का 2025 मॉडल भारत में लांच किया है, जिसकी सबसे बड़ी खासियत इसका ई20 कंप्लायंट इंजन है।

■ इसकी शुरुआती एक्स शोरूम कीमत 13.99 लाख रुपए

इसका मतलब है कि यह कार 20 प्रतिशत तक इथेनॉल मिले पेट्रोल पर चल सकती है। पर्यावरण को बेहतर बनाने के वास्ते कंपनी की यह कोशिश काबिलेतारीफ है। हेक्टर का नया मॉडल 1.5 लीटर पेट्रोल मैनुअल और सीवीटी ट्रांसमिशन विकल्प के साथ होगा और इसकी शुरुआती एक्स शोरूम कीमत 13.99 लाख रुपए है। दरअसल, भारत सरकार चाहती है कि एक अप्रैल 2025 के बाद बनने वाली सभी गाड़ियां ई20 के अनुकूल हों, इसलिए एमजी मोटर ने हेक्टर को ई20 कंप्लायंट बनाया है। एमजी मोटर अब हेक्टर के सभी पेट्रोल मॉडल को ई20 के नियमों के अनुसार बनाएगी। यह नियम 31 मार्च 2025 के बाद बनने वाली गाड़ियों पर लागू होगा। एमजी एस्टर पहले से ही ई20 कंप्लायंट है।

### क्या होता है ई20 फ्यूल?

सबसे पहले बात कर लेते हैं ई20 फ्यूल की तो ई20 वह फ्यूल होता है, जिसमें 20 प्रतिशत इथेनॉल होता है और बाकी 80 प्रतिशत पेट्रोल होता है। ई20 फ्यूल से पर्यावरण को नुकसान नहीं होता है। भारत सरकार ने 1 अप्रैल 2025 से यह नियम भी लागू कर दिया है कि आने वाली सभी गाड़िया ई20 कंप्लायंट होनी चाहिए।




### एमजी हेक्टर पर खास ऑफर

एमजी हेक्टर भारत की पहली इंटरनेट एसयूवी है। यह साल 2019 में आई थी और तब से यह बहुत पॉपुलर है। इसमें कई अच्छे फीचर्स हैं। इसमें बड़ा सनरूफ और 14 इंच का एचडी इन्फोटेनमेंट सिस्टम है, जिसमें 70 से ज्यादा कनेक्टेड कार फीचर्स और एडास जैसे सेफ्टी फीचर्स भी हैं। एमजी मोटर ने हेक्टर खरीदने वालों के लिए एक खास ऑफर निकाला है, जिसका नाम मिडनाइट कार्निवल है। इस ऑफर में ग्राहक हर वीकेंड आधी रात तक एमजी मोटर के शोरूम में जा सकते हैं। इस ऑफर में 20 लकी ग्राहकों को लंदन जाने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही उन्हें 4 लाख रुपए तक के फायदे भी मिलेंगे।

### 'पर्यावरण को भी सुरक्षित रखने पर जोर'

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के हेड ऑफ सेल्स राकेश सेन का कहना है कि हेक्टर का ई20 मॉडल लाकर हमने दिखा दिया है कि हम हमेशा कुछ नया करने और पर्यावरण को बचाने के लिए तैयार रहते हैं। हम ऐसी गाड़ियां बनाना चाहते हैं जो लोगों की जरूरतों को पूरा करें और पर्यावरण को भी सुरक्षित रखें।

## खबर संक्षेप

### एक्सिस बैंक का शुद्ध लाभ 7,118 करोड़ रुपए रहा

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक का शुद्ध लाभ पिछले वर्ष (2024-25) की जनवरी-मार्च तिमाही में मामूली गिरावट के साथ 7,117.5 करोड़ रुपये रह गया। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 7,129.67 करोड़ रुपये रहा था। उसकी कुल आय बढ़कर 38,022 करोड़ रुपये हो गई।

### श्रीराम फाइनेंस ने एफडी पर ब्याज दरें कीं संशोधित

**नई दिल्ली।** श्रीराम ग्रुप की प्रमुख कंपनी श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ने विभिन्न परिपक्वता अवधि वाली एफडी पर ब्याज दरों में संशोधन कर दिया है। नई दरें दो मई, 2025 से प्रभावी होंगी। जमा/नवीनीकरण के समय 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के नागरिकों को प्रति वर्ष अतिरिक्त 0.50 प्रतिशत ब्याज मिलेगा जबकि महिला निवेशकों को सालाना 0.10 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज मिलेगा।

### एलआईसी हाउसिंग ने ऋण दर घटाई

**नई दिल्ली।** आवास ऋण देने वाली कंपनी एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस ने अपनी ऋण दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करने की शुक्रवार को घोषणा की। भारतीय रिजर्व बैंक के हाल में नीतिगत दर में कटौती के बाद यह कदम उठाया गया है। एलआईसी हाउसिंग प्राइम लेंडिंग रेट में इस कटौती से मौजूदा और नए उधारकर्ताओं दोनों को लाभ होगा ।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र के लाभ में 23 फीसदी का इजाफा




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 23 प्रतिशत बढ़कर 1,493 करोड़ रुपये हो गया। पुणे स्थित बैंक का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में 1,218 करोड़ रुपये रहा था। समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 7,711 करोड़ रुपये हो गई।

### कोका-कोला की किनले को मिला 1500 करोड़ का राजस्व



**नई दिल्ली।** पेय पदार्थ क्षेत्र की प्रमुख कंपनी कोका-कोला इंडिया के किनले सोडा ब्रांड ने भारतीय बाजार में 1,500 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व हासिल किया है। आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती और 'रिफ्रेशमेंट' खंड में उपभोक्ताओं की मांग पर विशेष ध्यान के साथ नवाचार को लेकर कोका-कोला इंडिया की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

### डॉलर के मुकाबले रुपए में सात पैसे की गिरावट



**मुंबई।** बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और घरेलू बाजारों में नकारात्मक रुख के बीच अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया अपनी शुरुआती बढ़त गंवा बैठा और सात पैसे की गिरावट के साथ 85.40 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले के बाद बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने बाजार की धारणा को प्रभावित किया।

### केंद्रीय इस्पात मंत्री गोयल ने स्टील इंडिया 2025 कार्यक्रम में कहा

# सरकार स्थानीय इस्पात कंपनियों को डंपिंग कम कीमतों से संरक्षण देने में रही सफल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

केंद्रीय इस्पात मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत वैश्विक इस्पात मांग में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार है। उन्होंने साथ ही इस बात पर जोर दिया कि सरकार घरेलू इस्पात उद्योग को अनुचित डंपिंग और तर्कहीन रूप से कम कीमत से संरक्षण देने में सक्षम रही है।

इस्पात मंत्रालय और उद्योग मंडल फिक्की की तरफ से आयोजित 'स्टील इंडिया 2025' कार्यक्रम में गोयल ने कहा कि निर्यातकों और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर इस्पात मिलना जारी रहेगा।

### हम दुनिया के लिए दरवाजे बंद नहीं कर रहे

केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'भारत लगातार आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। जब हम आत्मनिर्भरता की बात करते हैं, तो हम दुनिया के लिए दरवाजे बंद नहीं कर रहे हैं। हम वास्तव में और अधिक दरवाजे खोल रहे हैं क्योंकि हर देश के पास अलग-अलग उत्पादों के लिए अपने प्रतिस्पर्धी लाभ होंगे।'






- भारत वैश्विक इस्पात मांग में योगदान देने तैयार
- एमएसएमई को अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर इस्पात मिलता रहेगा
- भारतीय इस्पात, लागत प्रभावी व उच्च गुणवत्ता वाला उत्पाद है

*इस्पात आयात पर 12 फीसदी सुरक्षा शुल्क : गोयल ने कहा, ''भारत वैश्विक इस्पात मांग में महत्वपूर्ण योगदान देने और इस्पात उद्योग को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। हाल ही में इस्पात आयात पर 12 प्रतिशत सुरक्षा शुल्क लगाए जाने के सरकार के फैसले पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार अनुचित व्यापार प्रथाओं के खिलाफ भारतीय उद्योग को समर्थन देने के लिए सदैव सतर्क और सक्रिय है।*

### हम दुनिया की जरूरतों को पूरा करेंगे

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने कहा कि भारतीय इस्पात उद्योग एक बहुत ही कुशल और लागत प्रभावी, उच्च गुणवत्ता वाला उत्पादक है। मंत्री ने कहा, ''हमारा मानना है कि यह ऐसा क्षेत्र है, जहां हम न केवल भारत की बढ़ती जरूरतों को पूरा करेंगे, बल्कि 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भी हम बेहद प्रतिस्पर्धी माहौल में दुनिया की जरूरतों को पूरा करेंगे।

### इस्पात निर्माता उत्पादन लक्ष्य का पैमाना बढ़ाए

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने कहा कि 50 करोड़ टन इस्पात उत्पादन हासिल करने का लक्ष्य काफी कम है और देश में इस धातु की प्रति व्यक्ति खपत बढ़ने के साथ उद्योग को अधिक उत्पादन का लक्ष्य रखना चाहिए। गोयल ने उद्योग से कहा, स्पष्ट रूप से 50 करोड़ टन (इस्पात उत्पादन) का लक्ष्य कम है। मुझे लगता है कि हमें कम-से-कम अपने निकटतम प्रतिस्पर्धी के स्तर तक जाने की आकांक्षा रखनी चाहिए।

### 2047 तक होंगे सबसे बड़े इस्पात निर्माता

हम वर्ष 2047 तक दुनिया के सबसे बड़े इस्पात निर्माता बनने की आकांक्षा क्यों नहीं रख सकते। इस्पात उद्योग को देश की अर्थव्यवस्था की 'रीढ़' बताते हुए मंत्री ने देश के विकसित और समृद्ध देश बनने की यात्रा में इस्पात की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

### मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा

गोयल ने कहा, ''इस्पात जीवन के लगभग हर क्षेत्र का एक आवश्यक घटक है, चाहे वह जहाजरानी, जहाज-निर्माण, रेलवे, रक्षा, वाहन क्षेत्र हो, देश भर में बुनियादी ढांचा हो, यह जीवन के हर क्षेत्र में मौजूद है।'' केंद्रीय मंत्री ने 'मेक इन इंडिया' पहल को बढ़ावा देने पर सरकार के विशेष ध्यान पर प्रकाश डाला।

### वर्तमान में इस्पात खपत 100 किलोग्राम

भारत की वर्तमान प्रति व्यक्ति इस्पात खपत 100 किलोग्राम है जो बहुत कम है, और इसे बढ़ाकर 700 किलोग्राम करने का लक्ष्य रखना चाहिए।

# मारुति सुजुकी को 3911 करोड़ का प्रॉफिट, शेयर धारकों में बांटेगी मुनाफा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अग्रणी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में खर्च बढ़ने के कारण एक प्रतिशत घटकर 3,911 करोड़ रुपये रह गया।

देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में 3,952 करोड़ रुपये रहा था। मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि बीती तिमाही में उसकी कुल आमदनी बढ़कर 40,920 करोड़ रुपये रही, जो वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में 38,471 करोड़ रुपये रही थी। समूचे वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कंपनी का शुद्ध लाभ 7.5 प्रतिशत बढ़कर 14,500 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 13,488 करोड़ रुपये था।




- कंपनी के शुद्ध लाभ में एक फीसदी की गिरावट दर्ज
- चौथी तिमाही में खर्च बढ़ने के कारण गिरावट आई

### एकल आधार पर शुद्ध लाभ में गिरावट

कंपनी ने कहा कि मार्च तिमाही में एकल आधार पर उसका शुद्ध लाभ घटकर 3,711 करोड़ रुपये रह गया, जबकि एक साल पहले समान तिमाही में यह 3,878 करोड़ रुपये था। एमएसआई ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी शुद्ध बिक्री बढ़कर 38,849 करोड़ रुपये हो गई, जबकि 2023-24 की इसी अवधि में यह 36,697 करोड़ रुपये थी।

### 135 रुपए डिविडेंड देने का ऐलान

मारुति सुजुकी ने घाटे के बावजूद शेयरधारकों को 135 रुपए का रिकॉर्ड डिविडेंड देने का ऐलान किया है। मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि उसकी कुल आमदनी समीक्षाधीन तिमाही में बढ़कर 40,920 करोड़ रुपए रहा है, जो वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में 38,471 करोड़ रुपए रहा था।

## रहेजा ग्रुप के प्रीमियम रेसिडेंशियल प्लॉटिंग प्रोजेक्ट 'रहेजा अम्बारा' का शुभारंभ आज



**रायपुर।** रियल एस्टेट की जानी-मानी कंपनी रहेजा ग्रुप अपने नए प्रीमियम रेसिडेंशियल प्लॉटिंग प्रोजेक्ट 'रहेजा अम्बारा' का आज भव्य शुभारंभ करने जा रही है। पिरदा क्षेत्र में स्थित इस परियोजना का दो दिवसीय लॉन्चिंग कार्यक्रम (26 और 27 अप्रैल) में ग्राहक प्रोजेक्ट की संपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और ऑन-स्पॉट बुकिंग पर आकर्षक ऑफर्स का लाभ उठा सकेंगे। 'लिव लाइफ लिमिटलेस' की सोच पर आधारित यह प्रोजेक्ट आधुनिक जीवनशैली, बेहतरीन कनेक्टिविटी और प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत समागम है। प्रोजेक्ट में योगा ज़ोन, बच्चों के लिए प्ले एरिया, क्लब हाउस, गार्डन, वॉकिंग ट्रैक और इंडोर स्पोर्ट्स जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके अलावा, चार भव्य गार्डन्स प्रोजेक्ट के अलग-अलग सेक्टरों में विकसित किए गए हैं, जिससे हर दिशा में हरियाली और सुकून का अनुभव हो सके। रहेजा ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर संजय रहेजा ने बताया कि रहेजा अम्बारा को इस सोच के साथ डिज़ाइन किया गया है कि लोगों को 'बेस्ट लोकेशन में बेस्ट प्राइस' मिल सके।यह प्रोजेक्ट सुरक्षित, सुव्यवस्थित और भविष्य के लिहाज से एक स्मार्ट इनवेस्टमेंट विकल्प होगा। पिरदा स्थित यह प्रोजेक्ट एयरपोर्ट, नेशनल हाईवे, नया रायपुर, विधानसभा रोड, प्रमुख शिक्षण संस्थानों, मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल्स और ज़ोरा व मैग्नेटो जैसे मॉल्स से बेहतरीन कनेक्टिविटी प्रदान करता है। यह प्रोजेक्ट रेरा रजिस्टर्ड है और सभी आवश्यक शासकीय अनुमतियों से स्वीकृत है।

## अक्षय तृतीया पर सहेली ज्वेलर्स में 10 फीसदी देकर बुक करे पसंदीदा गहने



**रायपुर।** अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर सहेली ज्वेलर्स ने अपने ग्राहकों के लिए एक शानदार ऑफर की घोषणा की है। शोरूम में अब ग्राहक सिर्फ 10% राशि देकर अपने मनपसंद सोने या हीरे के गहने बुक कर सकते हैं। सहेली ज्वेलर्स के अनुसार यदि भविष्य में सोने की कीमतों में बढ़ोतरी होती है, तो भी ग्राहकों को उनके गहने बुकिंग के दिन की दर पर ही मिलेंगे। वहीं, यदि दामों में गिरावट आती है, तो उन्हें कम कीमत पर ही गहना उपलब्ध कराया जाएगा। इस तरह ग्राहक हर स्थिति में फायदे में रहेगा। अक्षय तृतीया के इस खास मौके पर सहेली ज्वेलर्स डायमंड और पोल्की ज्वेलरी पर भी फ्लैट 10% की छूट दे रहा है। यह ऑफर दोनों शोरूम-सदर बाजार, रायपुर और श्री शिवम मॉल, दुर्ग पर सीमित समय के लिए उपलब्ध रहेगा। खास बात यह है कि दोनों शोरूम रविवार को भी खुले रहेंगे। सहेली ज्वेलर्स के प्रवक्ता ने बताया, सोना सिर्फ आभूषण नहीं बल्कि एक समझदारी भरा निवेश है। हमने देखा है कि वर्षों पहले जिन लोगों ने सोने में निवेश किया था, आज उन्हें उसका अच्छा लाभ मिल रहा है। अक्षय तृतीया पर हम अपने ग्राहकों को उसी दिशा में एक और मौका देना चाहते हैं।

## रिलायंस का लाभ 2.4 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** विविध कारोबार में सक्रिय रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने शुक्रवार को कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 की मार्च तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 2.4 प्रतिशत बढ़कर 19,407 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने कहा कि जनवरी-मार्च तिमाही में उसके खुदरा और तेल कारोबार में सुधार हुआ। इसके पहले विश्लेषकों का अनुमान था कि वैश्विक स्तर पर दबाव के कारण कंपनी के तेल कारोबार में सुस्ती देखने को मिल सकती है, लेकिन नतीजे अलग रहे हैं। आरआईएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 19,407 करोड़ रुपये यानी प्रति शेयर 14.34 रुपये रहा। इससे एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 18,951 करोड़ रुपये यानी 14 रुपये प्रति शेयर था।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 8.31 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई ।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 18 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 8.31 अरब डॉलर बढ़कर 686.14 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बताया कि लगातार सातवें सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि हुई है। इसके पहले 11 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 1.57 अरब डॉलर बढ़कर 677.83 अरब डॉलर हो गया था।

## एस्कॉर्ट्स कुबोटा मई से ट्रैक्टर की कीमतें बढ़ाएगी



**नई दिल्ली।** कृषि एवं निर्माण उपकरण कंपनी एस्कॉर्ट्स कुबोटा ने शुक्रवार को कहा कि वह अगले महीने से ट्रैक्टर की कीमतों में बढ़ोतरी करेगी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसका कृषि मशीनरी व्यवसाय प्रभाग एक मई, 2025 से कुबोटा ब्रांड के अलावा अपने अन्य ट्रैक्टरों की कीमतों में भी बढ़ोतरी करेगा। इसमें कहा गया कि कीमतों में बढ़ोतरी मॉडल/संस्करण और भौगोलिक क्षेत्रों के हिसाब से अलग-अलग होगी। हालांकि, कंपनी ने इसके बारे में अधिक ब्योरा नहीं दिया है कि कीमतों में कितनी बढ़ोतरी होने जा रही है।

## ईएसआई के तहत फरवरी में 15.43 लाख पंजीकरण

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) योजना के तहत फरवरी में कुल 15.43 लाख नए कर्मचारी जोड़े गए। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार, फरवरी 2025 के दौरान ईएसआई योजना के सामाजिक सुरक्षा दायरे में 23,526 नए प्रतिष्ठान लाए गए हैं, जिससे अधिक श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। ईएसआईसीके अस्थायी पेरोल आंकड़ों से पता चला है कि फरवरी 2025 में 15.43 लाख नए कर्मचारी जोड़े गए हैं। नए पंजीकरण में 25 वर्ष की आयु तक के 47.7 प्रतिशत या 7.36 लाख कर्मचारी हैं। बयान में कहा गया कि फरवरी 2025 में 3.35 लाख महिला कर्मचारियों ने ईएसआई योजना में नामांकन कराया है। इसके अलावा 74 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों ने पंजीकरण कराया, जो समाज के हर वर्ग को इसका लाभ पहुंचाने के लिए ईएसआईसी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# ईवी अपनाने से तेल आयात बिल में भारी कटौती संभव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के कम से कम 10 लाख की आबादी वाले 44 शहरों में पुराने वाहनों की जगह इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने से वर्ष 2035 तक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 6.1 करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर की कमी लाई जा सकती है। एक नए अध्ययन में यह बात सामने आई है।

'द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट' (टेरी) के इस अध्ययन में कहा गया है कि पुराने वाहनों की जगह इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने से 2035 तक 51 अरब लीटर से अधिक पेट्रोल और डीजल की बचत की जा सकेगी। इससे भारत का तेल आयात बिल अनुमानित रूप से 9.17 लाख करोड़ रुपये (106.6 अरब अमेरिकी डॉलर) कम हो जाएगा।



- टेरी ने जारी की अध्ययन रिपोर्ट
- पुराने वाहनों की जगह ईवी ने ली

*3.7 लाख नए रोजगार सृजित हो सकते हैं : रिपोर्ट के लेखकों ने कहा कि पूर्ण रूप से ईवी अपनाने से 2035 तक हर दिन 11.5 टन पीएम 2.5 उत्सर्जन से बचा जा सकता है और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 6.1 करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर कमी आ सकती है। अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक, इससे इलेक्ट्रिक वाहन और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में लगभग 3.7 लाख नए रोजगार भी सृजित हो सकते हैं।*

## हिंदुस्तान जिंक का मुनाफा 47 फीसदी बढ़ 3,003 करोड़

**नई दिल्ली।** वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (एचजेडएल) ने शुक्रवार को कहा कि पिछले वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 47.3 प्रतिशत बढ़कर 3,003 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने इससे एक साल पहले की अवधि में 2,038 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। एचजेडएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि जनवरी-मार्च 2025 तिमाही के दौरान उसकी आय सालाना आधार पर 7,822 करोड़ रुपये से बढ़कर 9,314 करोड़ रुपये हो गई।

### इस सप्ताह सोना अपने अब तक के सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंचा


# देश में सोने की कीमतों में उछाल से महिलाओं की बढ़ी चिंता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में सोने की कीमत ने ऐतिहासिक ऊंचाई छूते हुए प्रति दस ग्राम एक लाख रुपये का आकंड़ा पार कर लिया है। सोने के दाम में इस अभूतपूर्व वृद्धि ने न केवल बाजार को चौंकाया है बल्कि आम लोगों की जेब पर भी गहरा असर डाला है और शादियों के सीजन में महिलाओं की चिंता बढ़ा दी है।

■ अप्रत्याशित उछाल ने मध्यमवर्गीय परिवारों को झटका दिया

अक्षय तृतीया और शादी-ब्याह के मौसम में जब सोने की खरीदारी हर भारतीय घर की प्राथमिकता होती है, ऐसे समय में इस कीमती धातु की कीमतों में अप्रत्याशित उछाल ने मध्यमवर्गीय परिवारों को झटका दिया है।



*सोना हमारे लिए पीढ़ियों की परंपरा : झारखंड के रांची जिले की प्रमिला उरांव ने कहा, 'मेरी मां ने अपनी चूड़ियां बेचकर मुझे पढ़ाया था। अब जब मेरी बेटी की शादी तय हुई है, तो मैंने भी सोचा था कि उसके लिए सोने की एक जोड़ी बालियां जरूर बनवाऊंगी। लेकिन जब दाम सुना, तो लगा जैसे एक सपना दूर होता जा रहा है। हमारे लिए सोना सिर्फ शौक नहीं, पीढ़ियों की परंपरा है।'*

### लोग अब दाम पूछकर लौट रहे

बढ़ती कीमतों के बीच सराफा कारोबारियों की चिंता भी कम नहीं है। कई दुकानदारों का कहना है कि ग्राहक आ तो रहे हैं, लेकिन खरीदारी में भारी गिरावट आई है। पहले लोग गहनों की डिजाइन देखते थे, अब सिर्फ दाम पूछकर लौट रहे हैं। हमें डर है कि ये भाव ऐसे ही रहे तो छोटे दुकानदारों का टिकना मुश्किल हो जाएगा और धंधा मंदा पड़ जाएगा।

### महिलाएं सोना जरूर खरीदेंगी

वहीं राधेश्याम ज्वेलर्स के करण सोनी का मानना है कि जब तक है नारी, तब तक रहेगी सोनारी। वह कहते हैं ''महिलाओं के लिए सोना और सोने के गहने मायने रखते हैं। वह बचत करेंगी और सोना जरूर खरीदेंगी, चाहे थोड़ा ही खरीदें।''

### सोना 1,01,600 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंचा

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना इस सप्ताह मंगलवार को 1,800 रुपए चढ़कर 1,01,600 रुपए प्रति 10 ग्राम के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल के बीच ब्याज दर में कटौती तथा चीन के साथ शुल्क को लेकर तनाव कुछ कम होने के संकेत से सोने के दाम थोड़े नरम हुए हैं।






# 'मैं देशद्रोही नहीं, देशभक्त हूं...' पाकिस्तान के नदीम को न्योता देने पर भाला फेंक खिलाड़ी नीरज झेल रहे नफरत और अपमान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत के भालाफेंक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान के भालाफेंक खिलाड़ी अरशद नदीम को बेंगलुरु में अगले महीने होने वाले नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेने का न्योता देने पर उन्हें 'नफरत और अपमान' झेलना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद ओलंपिक चैंपियन नदीम का यहां खेलने के सवाल ही पैदा नहीं होता।

टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण और पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाले चोपड़ा ने कहा कि वह यह देखकर दुखी हैं कि सोशल मीडिया पोस्ट में उनकी देशभक्ति पर सवाल उठाए जा रहे हैं और उनके परिवार को भी अपशब्द कहे जा रहे हैं। चोपड़ा ने नदीम को 24 मई को बेंगलुरु में होने वाले पहले नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेने के लिए बुलाया था। नदीम ने व्यस्तता का हवाला देकर न्योता ठुकरा दिया था।



### देशप्रेम पर उठा सवाल

चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर लंबी पोस्ट में लिखा, 'नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग लेने के लिए अरशद नदीम को मेरे निमंत्रण पर काफी बातें हो रही है और ज्यादातर घृणा और अपमानजनक हैं। उन्होंने मेरे परिवार को भी नहीं छोड़ा।

### दो दिन पहले भेजा था निमंत्रण

चोपड़ा ने कहा कि निमंत्रण पहलगाम पर आतंकवादी हमले से दो दिन पहले सोमवार को भेजा गया। पहलगाम हमले में 26 लोगों की मौत हो गई जिसमें अधिकांश पर्यटक थे। चोपड़ा ने कहा, 'मैने अरशद को जो न्योता भेजा, वह एक खिलाड़ी से दूसरे खिलाड़ी को था। इससे ज्यादा या कम कुछ नहीं। नीरज चोपड़ा क्लासिक का मकसद भारत से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को सामने लाना और हमारे देश में विश्व स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन करना है। सभी खिलाड़ियों को पहलगाम में आतंकवादी हमले से दो दिन पहले सोमवार को न्योते भेजे गए।



### मेरा देश और उसके हित हमेशा सर्वोपरि

नीरज ने लिखा, 'पिछले 48 घंटे में जो हुआ, उसके बाद एनसी क्लासिक में अरशद के खेलने का सवाल ही नहीं था। मेरे देश और उसके हित हमेशा सर्वोपरि है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उन लोगों के साथ है जिन्होंने अपनों को खोया है। पूरे देश के साथ मैं भी दुखी और खफा हूं। मुझे यकीन है कि हमारे देश का जवाब एक राष्ट्र के रूप में हमारी शक्ति दिखा देगा और इंसाफ होगा। मैं इतने साल से गर्व से अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं और मेरी ईमानदारी पर सवाल उठने से मैं दुखी हूं। मुझे दुख है कि मुझे उन लोगों के सामने सफाई देनी पड़ रही है जो मुझे और मेरे परिवार को अकारण निशाना बना रहे हैं।'


खास खबर

## सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए पंजाब-गोवा में जंग आज



**भुवनेश्वर।** पिछले मैच में शानदार जीत से आत्मविश्वास से लबरेज पंजाब एफसी की टीम शनिवार को यहां सुपर कप क्वार्टफरफाइनल में मजबूत एफसी गोवा को हराकर इसी लय को जारी रखने की उम्मीद करेगी। पंजाब ने ओडिशा एफसी को 3-0 से जबकि एफसी गोवा ने आई लीग टीम गोकुलम केरला एफसी को इसी अंतर से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई थी। पंजाब एफसी के मुख्य कोच पनागियोटिस डिलम्पेरिस ने कहा, 'हमने ओडिशा के खिलाफ मैच में जोखिम लिया और उन्हें गोल में तब्दील किया। ओडिशा ने भी कई मौके बनाये और मैं चाहूंगा कि गोवा के खिलाफ कल के मैच में हम इनका दोहराव नहीं होने दें।'

## हेजलवुड के पास दबाव झेलने की क्षमता



**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने आईपीएल मैच में यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ टीम की 11 रन की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की तारीफ की। कहा कि यह विश्व स्तरीय गेंदबाज खेल के किसी भी प्रारूप में दबाव झेल सकता है और उसे पता कि किसी विशेष समय पर कौन सी गेंद फेंकनी है। आखिरी ओवरों में हेजलवुड की शानदार गेंदबाजी से आरसीबी की टीम मौजूदा सत्र में अपने घरेलू मैदान पर चार मैचों में पहली जीत के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई।

## मैड्रिड ओपन : उलटफेर का शिकार होने से बची इगा स्वियाटेक और गाफ



**मैड्रिड।** पिछले महीने मियामी में फिलीपीन की अलेक्जेंड्रा इयाला के हाथों क्वार्टर फाइनल हारने वाली दूसरी रैंकिंग वाली इगा स्वियाटेक एक बार फिर उलटफेर का शिकार होने से बची और इस 19 वर्षीय प्रतिद्वंद्वी को 4-6, 6-4, 6-2 से हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस के दूसरे दौर में पहुंच गई। गत चैंपियन स्वियाटेक की नजरें इस सत्र में पहले फाइनल में पहुंचने पर लगी हैं।

रफेल नडाल अकादमी की प्रशिक्षु इयाला ने मियामी में स्वियातेक को सीधे सेटों में हराया था। वहीं कोको गाफ ने खराब शुरुआत से उबरते हुए डायना यस्त्रेम्स्का को 0-6, 6-2, 7-5 से हराया। अब उनका सामना अमेरिका की ही अन ली से होगा जिन्होंने लैला फर्नांडिज को 6-4, 3-6, 6-4 से मात दी। सातवीं रैंकिंग वाली मीरा आंद्रीवा ने मैरी बूजकोवा को 6-3, 6-4 से हराया जबकि ब्राजील की बिया हडाड मेइया ने बर्नार्ड पेरा को 2-6, 6-3, 6-1 से मात दी। पुरुष वर्ग में दुनिया के पूर्व नंबर चार खिलाड़ी केइ निशिकोरि ने अलेक्जेंडर वुकिच को 6-4, 3-6, 6-3 से हराकर टूर पर 450वीं जीत दर्ज की।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 8 | 6 | 2 | 12 |
| दिल्ली | 8 | 6 | 2 | 12 |
| बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 12 |
| मुंबई | 9 | 5 | 4 | 10 |
| पंजाब | 8 | 5 | 3 | 10 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 3 | 10 |
| कोलकाता | 8 | 3 | 5 | 6 |
| हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 |
| राजस्थान | 9 | 2 | 7 | 4 |
| चेन्नई | 9 | 2 | 7 | 4 |

ऑरेंज कैप



साई सुदर्शन
417 रन
गुजरात

पर्पल कैप



प्रसिद्ध कृष्णा
16 विकेट
गुजरात

आईपीएल : सुपरकिंग्स की अपने घरेलू मैदान पर लगातार चौथी हार

# धोनी की चेन्नई प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हैदराबाद की तीसरी जीत, उम्मीदें कायम

एजेंसी ⏭ चेन्नई

पांच बार की चैंपियन महेंद्र सिंह धोनी की टीम चेन्नई सुपर किंग्स नौ मैचों में सात हार से आईपीएल के 18वें सीजन में प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई है। सनराइजर्स हैदराबाद ने शुक्रवार को चेन्नई सुपरकिंग्स को पांच विकेट से हराकर प्ले ऑफ में जगह बनाने की उम्मीद बरकरार रखी। सनराइजर्स की टीम नौ मैच में छह अंक से आठवें जबकि सुपरकिंग्स की टीम इतने ही मैच में चार अंक से 10वें और अंतिम स्थान पर है।

सुपरकिंग्स के 155 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सनराइजर्स ने इशान किशन (44), कामिंदु मेंडिस (नाबाद 32) और नितीश कुमार रेड्डी (नाबाद 19) की पारियों से 18.4 ओवर में पांच विकेट पर 155 रन बनाकर जीत दर्ज की। मेंडिस और नितीश ने छठे विकेट के लिए 49 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। सनराइजर्स की सुपरकिंग्स के खिलाफ चेन्नई में यह पहली जीत है। सुपरकिंग्स ने मौजूदा सत्र में अपने घरेलू मैदान पर अब तक चारों मैच गंवाए हैं।



### हर्षल ने किए 4 शिकार

हर्षल पटेल (28 रन पर चार विकेट), कप्तान पैट कमिंस (21 रन पर दो विकेट) और जयदेव उनादकट (21 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने सुपरकिंग्स ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम 19.5 ओवर में 154 रन पर सिमट गई।

### म्हात्रे ने बनाए 30 रन

सुपरकिंग्स की ओर से डेवाल्ड ब्रेविस ने 25 गेंद में चार छक्कों और एक चौके से सर्वाधिक 42 रन बनाए। युवा सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने 19 गेंद में छह चौकों से 30 रन की पारी खेली। इन दोनों के अलावा दीपक हुड्डा (22) और रविंद्र जडेजा (21) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए।

### *कोलकाता का पंजाब से मुकाबला आज*

*कोलकाता। एक सत्र पहले कोलकाता नाइट राइडर्स को खिताब दिलाने वाले श्रेयस अय्यर अब प्लेआफ क्वालीफिकेशन की उसकी राह में सबसे बड़ी बाधा होंगे। श्रेयस की कप्तानी में पंजाब किंग्स आईपीएल के अहम मैच में शनिवार को ईडन गार्डंस पर मेजबान के खिलाफ उतरेगी। बारह महीने पहले अय्यर की कप्तानी में केकेआर ने एक दशक में पहला आईपीएल खिताब जीता था।*

### स्कोर बोर्ड

| चेन्नई सुपरकिंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रशीद का अभिषेक बो शमी | 00 | 01 | 0 | 0 |
| म्हात्रे का किशन बो कमिंस | 30 | 19 | 6 | 0 |
| कुरेन का अनिकेत बो हर्षल | 09 | 10 | 1 | 0 |
| रविंद्र जडेजा बो मेंडिस | 21 | 17 | 1 | 1 |
| ब्रेविस का मेंडिस बो हर्षल | 42 | 25 | 1 | 4 |
| दुबे का अभिषेक बो उनादकट | 12 | 09 | 2 | 0 |
| हुड्डा का अभिषेक बो उनादकट | 22 | 21 | 1 | 1 |
| धोनी का अभिषेक बो हर्षल | 06 | 10 | 1 | 0 |
| कंबोज का क्लासेन बो कमिंस | 02 | 04 | 0 | 0 |
| नूर अहमद का शमी बो हर्षल | 02 | 03 | 0 | 0 |
| खलील अहमद नाबाद | 01 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 07, कुल : 19.5 ओवर में 154/10
गेंदबाजी : शमी 3-0-28-1, कमिंस 4-0-21-2, उनादकट 2.5-0-21-2, हर्षल 4-0-28-4, अंसारी 3-0-27-0, मेंडिस 3-0-26-1.

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का आयुष बो खलील | 00 | 02 | 0 | 0 |
| ट्रेविस हेड बो कंबोज | 19 | 16 | 4 | 0 |
| किशन का कुरेन बो नूर | 44 | 34 | 5 | 1 |
| क्लासेन का हुड्डा बो क्लासेन | 07 | 08 | 1 | 0 |
| अनिकेतका हुड्ड बो नूर | 19 | 19 | 0 | 2 |
| कामिंदु मेंडिस नाबाद | 32 | 22 | 3 | 0 |
| नितीश कुमार रेड्डी नाबाद | 19 | 13 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 15, कुल : 18.4 ओवर में 155/5
गेंदबाजी : खलील 3-0-21-1, कंबोज 3-0-16-1, नूर 4-0-42-2, जडेजा 3.4-0-22-1, कुरेन 2-0-25-0, पथिराना 3-0-27-0.

### खबर संक्षेप

#### पॉल संचालन परिषद में आईसीए प्रतिनिधि



**मुंबई।** मुंबई और हिमाचल प्रदेश के पूर्व क्रिकेटर पॉल वलथाटी को टी20 मुंबई लीग की संचालन परिषद में भारतीय क्रिकेटर संघ का प्रतिनिधि चुना गया है। टी20 मुंबई लीग अगले महीने 26 मई से आठ जून तक होगी जिसमें आठ टीमें भाग लेंगी। इससे पहले यह लीग 2018 और 2019 में खेली गई थी। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा इसके ब्रांड दूत हैं जिसके लिये 2800 से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीयन किया है।

#### हेजलवुड डब्लूटीसी में बोलैंड से अधिक दावेदार

**दुबई।** भारत के पूर्व क्रिकेटर और कोच रवि शास्त्री ने कहा कि जून में लॉर्ड्स मैदान पर खेले जाने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को स्कॉट बोलैंड की जगह अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को चुनना चाहिए। क्योंकि दिग्गज ग्लेन मैकग्रा की तरह गेंदबाजी करने वाला यह लंबे कद का खिलाड़ी इंग्लैंड की परिस्थितियों का बेहतर तरीके से उपयोग कर पाएगा। टीम में तेज गेंदबाजी विभाग में कप्तान पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क की जगह लगभग पक्की है। ये दोनों अगर फिट रहे तो तीसरे तेज गेंदबाज के नाम के लिए चर्चा हो सकती है।



#### पूर्व कप्तान निदा ने राष्ट्रीय टीम से नाम वापस लिया

**कराची।** पाकिस्तान की महिला टीम की अनुभवी खिलाड़ी निदा डार ने मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण राष्ट्रीय चयन से नाम वापस ले लिया। पाकिस्तान क्रिकेट में अपनी तरह की इस पहली घटना में राष्ट्रीय महिला टीम की पूर्व कप्तान 39 वर्षीय निदा ने लिखा, 'पिछले कुछ महीनों में मेरे आसपास व्यक्तिगत और पेशेवर रूप से बहुत कुछ हुआ है, जिसने मेरे मानसिक स्वास्थ्य पर असर डाला है। मैंने ऐसे में खुद पर ध्यान देने के लिए क्रिकेट से ब्रेक लेने का फैसला किया है। मैं सभी से इस दौरान मेरी निजता का सम्मान करने की अनुरोध करती हूं।'



मलेशिया का फैसला

## पाकिस्तान को अजलान शाह कप से किया बाहर, बाकी था भुगतान



एजेंसी ⏭ कराची

मलेशिया हॉकी महासंघ ने जोहर हॉकी संघ को 10,349 अमेरिकी डॉलर के बकाए का भुगतान नहीं करने के कारण पाकिस्तान को वार्षिक अजलान शाह कप के लिए आमंत्रित नहीं किया है।

पाकिस्तान हॉकी महासंघ के एक सूत्र ने कहा कि जोहर संघ ने पीएचएफ को आधिकारिक पत्र भेजा है जिसमें अक्टूबर 2023 में टीम के साथ मलेशिया गए पीएचएफ अधिकारियों और उनके परिवारों के आवास, यात्रा और अन्य खर्चों के लिए भुगतान की जाने वाली राशि के बारे में सख्त लहजे में बताया गया है। पाकिस्तान की टीम जोहर हॉकी कप खेलने के लिए मलेशिया गई थी और पीएचएफ के कुछ अधिकारी और उनके परिवार भी टीम के साथ गए थे। एक सूत्र ने बताया, 'टीम के ठहरने और अन्य खर्चों का वहन आयोजकों को उठाना था, लेकिन पीएचएफ के अधिकारियों को बता दिया गया था कि उन्हें अपने सभी खर्च खुद ही उठाने होंगे।

ये अधिकारी भी उसी आलीशान होटल में रुके थे जहां टीमें ठहरी हुई थीं। इसमें पीएचएफ के पूर्व अध्यक्ष भी शामिल थे।' जोहर संघ ने पहले ही इस मुद्दे को मलेशिया महासंघ के समक्ष उठाया है और धमकी दी है कि अगर बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया तो वे इस मामले को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के समक्ष ले जाएंगे।

### आर्थिक तंगी से जूझ रहा पीएचएफ

सूत्र ने कहा, 'पीएचएफ के मौजूदा अध्यक्ष और उनकी टीम इस मामले को लेकर परेशानी में है, क्योंकि महासंघ पहले से ही आर्थिक तंगी से जूझ रहा है और उन्हें पीएचएफ के पूर्व अधिकारियों द्वारा किए गए इन खर्चों के बारे में जानकारी नहीं थी।' सुल्तान अजलान शाह कप का आयोजन 22 से 29 नवंबर तक इपोह में होना है।

### आस्ट्रेलिया दौराः आकलन करने में मिलेगी मदद



**पर्थ।** भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने शुक्रवार को कहा कि शनिवार से शुरू हो रहे आस्ट्रेलिया दौरे से टीम को खुद का आकलन करने में मदद मिलेगी और इस दौरे पर भविष्य को ध्यान में रखकर विभिन्न संयोजन आजमाए जाएंगे। सलीमा टेटे की कप्तानी वाली भारतीय टीम 26 और 27 अप्रैल को यहां आस्ट्रेलिया ए से और एक, तीन तथा चार मई को आस्ट्रेलिया की सीनियर टीम से खेलेगी।भारत और आस्ट्रेलिया के बीच अब तक खेले गए 16 मैचों में से दस आस्ट्रेलिया ने जीते जबकि तीन ड्रॉ रहे हैं।

## खुशी और टीकम की एशियन चैंपियनशिप में शानदार जीत


एजेंसी ⏭ अम्मान



खुशी चंद और टीकम सिंह यहां एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह पक्की करने वाले भारतीय मुक्केबाजों में शामिल हैं।

अबू धाबी में 2024 एशियाई स्कूल लड़कों और लड़कियों की मुक्केबाजी चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता खुशी (46 किग्रा) ने क्वार्टर फाइनल के एकतरफा मुकाबले में वियतनाम की गुयेन थी होंग येन को शिकस्त दी। टीकम (52 किग्रा) ने अपने अंतिम-आठ मुकाबले में फिलिस्तीन के ओथमान डायब को हराया। पुरुषों के वर्ग में अंबेकर मेताई (48 किग्रा), उद्यम सिंह (54 किग्रा) और राहुल गारिया (57 किग्रा) ने अपने-अपने वजन वर्ग में 5-0 की प्रभावशाली जीत दर्ज की। अमन देव (50 किग्रा) ने जॉर्डन के ओसामा अल-खालदी को करीबी मुकाबले में 3-2 से मात दी। जिया (48 किग्रा) ने वियतनाम की थी रू ना दिन्ह को 5-0 जबकि जन्नत ने यूक्रेन की अनहेलिना रुमियांत्सेवा को 4-1 से हराया।

### कॅरियर का अंत मजबूती के साथ करना चाहती हूं



**बेंगलुरु।** अमेरिका की दो बार की ओलंपिक चैंपियन दलीलाह मुहम्मद ने कहा कि उन्होंने अपने संन्यास की योजना को टाल दिया है क्योंकि वह अपने कॅरियर का अंत कमजोर महसूस करते हुए नहीं करना चाहती थीं। इस साल के अंत में 400 मीटर बाधा दौड़ में अपने पांच विश्व चैंपियनशिप पदकों की संख्या में इजाफा करने का प्रयास करेंगी। यह 35 वर्षीय ट्रैक एवं फील्ड स्टार रविवार को टीसीएस विश्व 10के (10 किमी) दौड़ के 17वें सत्र के लिए एक दूत के रूप में बेंगलुरु में हैं। उन्होंने 12 अप्रैल को बोत्सवाना ग्रां प्री में सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जिससे यह साबित हो गया कि वह अब भी कड़ी टक्कर देने में सक्षम हैं।

27-31 मई तक कोरिया में होगी एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप

# भारत की 59 सदस्यीय टीम देगी चुनौती, नीरज हटे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत ने दक्षिण कोरिया में होने वाली आगामी एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए शुक्रवार को 59 सदस्यीय टीम की घोषणा की। स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा उम्मीद के मुताबिक इस प्रतियोगिता में शामिल नहीं होंगे जबकि कोच्चि में हाल ही में संपन्न फेडरेशन कप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लगभग सभी खिलाड़ियों को टीम में जगह मिली है।

दोहरे ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा का इस प्रतियोगिता में शामिल नहीं होना उम्मीद के मुताबिक ही है क्योंकि इस सत्र में उनका ध्यान डायमंड लीग प्रतियोगिताओं और सितंबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप पर होगा। इसके अलावा एनसी क्लासिक पर भी उनकी नजरें रहेंगी जिसकी मेजबानी वह 24 मई को बेंगलुरु में कर रहे हैं। चोपड़ा ने भुवनेश्वर में 2017 टूर्नामेंट के बाद से इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है जहां उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था।



### चैंपियन खिलाड़ी बाहर

महाद्वीपीय चैंपियनशिप के पिछले सत्र में स्वर्ण पदक जीतने वाले राष्ट्रीय रिकॉर्डधारक गोला फेंक खिलाड़ी तेजिंदरपाल सिंह तूर को फेडरेशन कप में निराशाजनक दूसरे स्थान पर रहने के बाद टीम में जगह नहीं मिली है। पोल वॉल्ट खिलाड़ी देव कुमार मीणा अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करने के बावजूद टीम में जगह नहीं बना पाए क्योंकि उनका प्रयास भारतीय एथलेटिक्स महासंघ द्वारा निर्धारित एशियाई चैंपियनशिप पात्रता स्तर से कम था।

### *दिग्गजों को दल में मिली जगह*

*अविनाश साबले (पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज), पारुल चौधरी (महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज) और गुलवीर सिंह (5000 मीटर और 10000 मीटर) जैसे शीर्ष खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है। गुमी में 27-31 मई तक होने वाली एशियाई चैंपियनशिप के लिए टीम में धावक अनिमेष कुजूर भी शामिल हैं जिन्होंने 200 मीटर में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। त्रिकूद खिलाड़ी प्रवीण चित्रावेल को भी टीम में जगह मिली है जिन्होंने फेडरेशन कप के दौरान अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की थी। महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक अन्नू रानी ने मार्च में मुंबई में इंडियन ओपन थ्रो प्रतियोगिता के दौरान 58.82 मीटर के प्रयास के आधार पर टीम में जगह बनाई।*

## खबर संक्षेप

### इसरो के पूर्व अध्यक्ष के. कस्तूरीरंगन का में निधन

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के पूर्व अध्यक्ष




के. कस्तूरीरंगन का बेंगलुरु में 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अंतिम दर्शन के लिए उनके पार्थिव शरीर को 27 अप्रैल को रमन रिसर्च इंस्टीट्यूट में रखा जाएगा। उन्होंने राज्यसभा के सदस्य 2003 से 2009 और भारत के तत्कालीन योजना आयोग के सदस्य के रूप में भी अपनी सेवाएं दी थीं।

### अग्निवीरों से वसूली, नौसेना कर्मियों समेत 3 गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस ने नवंबर 2024 में भर्ती के दौरान अग्निवीर अभ्यर्थियों से वसूली के आरोप में खुर्दा जिले में नौसेना के दो कर्मियों समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान सत्यम चाहर, विनय कुमार राय और यूपी निवासी सेवानिवृत्त नौसेना अधिकारी भूषण के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि सत्यम चाहर वर्तमान में आईएनएस केसरी, अंडमान और निकोबार में कार्यरत है। विनय कुमार राय वर्तमान में आईएनएस चिलिका में तैनात है।

### जांच जारी रखें, कामरा की गिरफ्तारी जरूरी नहीं

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने कहा कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री



एकनाथ शिंदे के विरुद्ध कथित टिप्पणी को लेकर कुणाल कामरा के खिलाफ पुलिस जांच जारी रह सकती है, लेकिन 'कॉमेडियन' को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। अदालत ने कहा, ''चूंकि याचिकाकर्ता (कामरा) को नोटिस दिया गया है, इसलिए गिरफ्तारी जरूरी नहीं है।

# जिसने बचपन से पाला, वो मां है या नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने वायुसेना से मांगा जवाब

**वायुसेना अधिकारी की मौत के बाद सौतेली मां की पेंशन रोकने पर नाराजगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि वह इस पर विचार करेगा कि क्या वायुसेना के नियमों के तहत सौतेली मां को परिवार को मिलने वाली पेंशन मिल सकती है या नहीं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने वायुसेना अधिकारी हर्ष की मौत के बाद सौतेली मां जयश्री को पेंशन देने से इनकार करने पर नाराजगी भी जाहिर की। पीठ ने कहा कि मां एक विस्तृत शब्द है। आज जब दुनिया में काफी कुछ घटित हो रहा है तो ऐसा नहीं है कि सिर्फ जैविक मां ही बच्चों का लालन-पालन कर रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने जयश्री की याचिका पर सुनवाई करते हुए ये टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट के इस सवाल पर याचिकाकर्ता और एयरफोर्स दोनों के वकील संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इसके बाद मामले की सुनवाई 7 अगस्त तक टाल दी गई।

### सुप्रीम कोर्ट ने दिया उदाहरण, किया सवाल

जस्टिस सूर्यकांत ने वायुसेना के वकील से पूछा कि 'उदारण के लिए, अगर कोई बच्चा पैदा होता है और उसकी जैविक मां की मौत हो जाती है और पिता दूसरी शादी कर लेते हैं। ऐसे में सौतेली मां बच्चे को बचपन से ही पालेगी और अगर वह सेना का अधिकारी बन जाता है तो अगर सौतेली मां ने उसे पाला है तो वह उसकी मां होगी या नहीं?' सुनवाई के दौरान वायुसेना के वकील ने कहा कि ऐसे कई फैसले हैं, जिनमें सौतेली मां को परिवार की पेंशन से बाहर रखा गया है।

### जयश्री हर्ष का लालन-पालन कर अधिकारी बनाया

जयश्री ने अपने सौतेले बेटे हर्ष की जैविक मां की मौत के बाद हर्ष का लालन-पालन किया था। हर्ष बड़ा होने के बाद भारतीय वायुसेना में शामिल हुआ। हर्ष की मौत के बाद जयश्री ने पेंशन देने का दावा किया, लेकिन वायुसेना ने सौतेली मां को पेंशन देने से इनकार कर दिया।



### आप कैसे किसी को पेंशन से इंकार कर सकते हैं

जस्टिस सूर्यकांत ने नाराजगी जताते हुए कहा कि 'नियम वो हैं, जो हम तय करते हैं। ये संवैधानिक आदेश नहीं है। हम इस नियम के पीछे के तथ्य से सहमत नहीं हैं। आप कैसे नियमों के आधार पर किसी को विशेष पेंशन और परिवार पेंशन से वंचित कर सकते हैं।' सुप्रीम कोर्ट के इस सवाल पर याचिकाकर्ता और एयरफोर्स दोनों के वकील संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इस पर पीठ ने कहा कि वकील पूरी तरह तैयारी करके नहीं आए हैं और उन्हें अदालतों के आदेशों का फिर से अध्ययन करके आने का निर्देश दिया।


## पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार सख्त

# पाकिस्तानियों को जल्द खदेड़ो! शाह ने राज्यों को दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

*पहलगाम आंतकी हमले के बाद भारत पाकिस्तान से सख्ती बरत रहा है। दोनों देश के बीच तनाव चरम पर है। भारत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों के लिए सभी मौजूदा वीजा रद्द करने के एक दिन बाद, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सभी मुख्यमंत्रियों को निर्देश दिया कि वे पड़ोसी देश के नागरिकों की पहचान करें और उन्हें तुरंत अपने-अपने राज्यों से हटाएं। शीर्ष अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को उन्हें निर्वासित करने के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया।*

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर सुरक्षा पर कैबिनेट समिति द्वारा लिए गए निर्णयों के क्रम में भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्णय लिया है। इसके अतिरिक्त, भारत ने अपने नागरिकों को पाकिस्तान की यात्रा न करने की सलाह दी है। पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा रद्द करने का हालिया कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब भारत ने इस्लामाबाद के खिलाफ हमले शुरू कर दिए हैं। जिसमें 1960 की सिंधु जल संधि को स्थगित करना, अटारी भूमि-पारगमन चौकी को बंद करना शामिल है। इसी तरह गृह मंत्री शाह ने भी सभी मुख्यमंत्रियों से फोन पर बात कर राज्य में रह रहे सभी पाकिस्तानी नागरिकों को ढूंढ-ढूंढकर तत्काल प्रभाव से पाकिस्तान भेजने को कहा है।



### गृह मंत्रालय ने क्या जारी किए निर्देश?

गृह मंत्रालय की ओर से राज्यों को भेजे पत्र में कहा गया है कि पाकिस्तानी नागरिकों को जारी सभी वीजा रद्द किए जाने के बाद अब सभी राज्य अपने अधिकार क्षेत्र में रह रहे सभी पाकिस्तानी नागरिकों की तत्काल पहचान करें और उन्हें जल्द से जल्द वापस पाकिस्तान भेजें।

### विदेश मंत्रालय ने जारी की थी अधिसूचना

विदेश मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति द्वारा लिए गए निर्णयों के अनुसार भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को तत्काल प्रभाव से वीजा सेवाएं निलंबित करने का निर्णय लिया है। पाकिस्तानी नागरिकों को जारी सभी मौजूदा वैध वीजा 27 अप्रैल से रद्द हो जाएंगे और मेडिकल वीजा 29 अप्रैल तक वैध होंगे। ऐसे में भारत में मौजूद सभी पाकिस्तानी नागरिकों को वीजा अवधि समाप्त होने से पहले भारत छोड़ देना चाहिए।

# मेधा पाटकर गिरफ्तार कोर्ट ने किया रिहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेता और सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को शुक्रवार को दिल्ली पुलिस ने निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। साकेत कोर्ट ने दिल्ली के उपराज्यपाल विनय



कुमार सक्सेना द्वारा 24 साल पहले दायर किए गए एक मानहानि के मामले में प्रोबेशन बॉन्ड के तहत 1 लाख रुपये जमा न कराने के चलते बुधवार को पाटकर के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। हालांकि, गिरफ्तारी के बाद कोर्ट ने उन्हें रिहा भी कर दिया।

पुलिस ने पाटकर को गिरफ्तार करने के बाद अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विपिन खरब के समक्ष पेश किया, जहां उनके वकील ने प्रोबेशन बॉन्ड की शर्तों को पूरा करने के लिए रिहा करने की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रोबेशन का आदेश अभी भी प्रभावी है और वह आज ही प्रोबेशन बॉन्ड दाखिल कर देंगे। इस पर कोर्ट ने उन्हें पहले प्रोबेशन बॉन्ड दाखिल करने और उसके बाद रिहा करने का आदेश दे दिया।


### क्या है पूरा मामला?

यह मामला 25 नवंबर, 2000 को पाटकर द्वारा दिए गए एक बयान से जुड़ा है, जिसमें पाटकर ने उस समय गैर सरकार संगठन नेशनल काउंसिल ऑफ सिविल लिबर्टीज के अध्यक्ष रहे सक्सेना को कायर बताते हुए उन पर हवाला लेनदेन में शामिल होने का आरोप लगाया था। इसको लेकर सक्सेना ने उनके खिलाफ मानहानि का दावा किया था। इसमें पाटकर को दोषी पाया गया था और मई 2024 में उन्हें 5 महीने की जेल और जुर्माने की सजा मिली।

### प्रोबेशन बॉन्ड पर मिली थी पाटकर को रिहाई

कोर्ट ने पाटकर की याचिका पर उन्हें प्रोबेशन बॉन्ड पर रिहा करने का आदेश दिया था, जिसमें उन्हें 25,000 रुपये का जुर्माना और 1 लाख रुपये का मुआवजा भरना था, लेकिन पाटकर इसे पूरा करने में विफल रही थी। गत 8 अप्रैल को कोर्ट ने पाटकर को 23 अप्रैल तक शर्तों को पूरा करने का आदेश दिया था, लेकिन वह इसमें भी चूक गई। ऐसे में कोर्ट ने गत बुधवार को उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिया था।







Terms and Conditions apply. **Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. **The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. **The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #Cashback Offer available on selected models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank credit cards through Pine Labs machines only. #Customers can avail 5% Instant cashback, up to a maximum of ₹ 5000. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. #The scheme is available in selected outlets only. *3 Years Free Service Maintenance Package is available only on Deluxe variant of Activa 110 and Activa 125. *For detailed Terms and Conditions of the 3-Year Free Service Maintenance Package worth ₹ 5500, kindly contact authorised main dealers and associate dealers. *Above scheme can be withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 30th April 2025. ^Limited period special price is for Activa 110cc Std OBD2B variant in Chhattisgarh State, for details on limited period special price kindly contact authorized main dealer and associate dealers. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1 , Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** AARANG: V Shree Honda - 9993908971, 9893728947; ABHANPUR: Patel Honda - 9009328660; BAGBHARA: Sri Sai Honda - 7697767777; BALODA BAZAR: Kiran Honda - 7049518181, 8839950369; BASNA: Laxmi Honda - 9174137571; BEERGAON: Vishwanath Honda - 9300133077; PALARI: Shri Ram Honda - 8305759763; BEMETARA: Sri Rama Honda - 8827050000, 7824222521, 8827120000; BHAKARA: Nitesh Honda - 9907975628; BHATAPARA: Kiran Honda - 9111353292; BHILAI: Aan Honda (Nehru Nagar) - 9584378238, 9826635600; Aan Honda (Powerhouse) - 9584378238, 9826635600; BIJAPUR: Ansh Honda - 9424299203; CHARODA: Rahul Honda - 9827193194; CHARAMA: Neeraj Honda - 9425230052; CHHUIKHADAN: Shri Radhey Honda - 9691692500; DALLIRAJHARA: Shri Subh Honda - 7748285747, 9406082344; Shri Subh Honda(Balod)- 9425564232, 9584077772; DHAMTARI: ShriShyam Honda - 07722-233255, 9827900750; DHARSIVA: R S.Honda - 9669880000; DONGARGARH: Gagan Honda - 9806869214; DURG: Shree Sairam Honda - 8458882333; Dharamsheela Honda (Dhamdha) - 9303035678; FINGESHWAR: Bangani Honda- 9425402966; GIDHORI: Subhkamana Auto -7389320271; GUNDERDEHI: Sapan Honda - 7354340000, 0788-2628333; GURUR: Baba Honda - 9827936712; JAGDALPUR: Waheguru Honda - 7587006395, 9425590501, 8435090001; KONDAGAON: Danteshwari Honda - 9294566660; SUKMA: Akash Honda - 9424287457, 7587341845; PHARASGAON: Shri Deo Honda - 9993861735; KANKER: Shivnath Honda - 8720008800, 9644059600; KASDOL: Laxmi Honda - 8871233553; KESHKAL: Chattishgarh Honda - 9993293467; KHAIRAGARH: Akshat Honda - 9406534734; KURUD: Shri Shyam Honda - 07705223590, 8817898279; MAGALOAD: Dewangan Honda - 9098136447; MAHASAMUND: Sri Aryan Honda - 8120070000, 08964022000; NAGRI: Nahta Honda- 9424211105; NAWAGARH: Raja Honda - 9826067896; PAKHANJUR: Disha Honda - 6261666932, 9406453860, PANDUKA (GARIABAND): Shresth Honda - 8109902966; RAIPUR: A City Honda - 8871906000; G.K Honda - 8058254444, 9826142444; Grand Honda - 8889663336; Varun Honda - 9977248100; A City Honda (Bhatagaon) - 9644132000; A City Honda (Kalibadi) - 7828282600; Varun Honda (Fafadih) - 9617078000; GK Honda (Motibagh) - 8120730003; Hemant Honda (Nawapara, Rajim) - 9165460474; RAJIM: Gulab Honda - 8839708788; RAJNANDGAON: Anshdeep Honda - 07744-223100, 9425559359, 9303730201; Manraj Honda - 07744-223333, 8435999991, 8435999992; Rakesh Honda (Dongarhgaon) - 9893419781, 8815055550; Ashirwad Honda (Churiya) - 9826338415, 94242157777; Shyam Honda (Saragaon) - 8461930088; SEJBAHAR: R.S Honda - 9754123000; KHARORA: B.K Honda - 9867224777; TILDA: Agrawal Honda - 9424200104; UTAI: Ganpati Honda - 09926083389; SARAIPALI: Pukraj Honda - 8889798000.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com